RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 250
लखनऊ, शुक्रवार, 1 जुलाई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com





कंगना रनौत ने शिवसेना पर साधा निशाना
राष्ट्रीय-9


# शिंदे बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, फडणवीस उपमुख्यमंत्री

टीएन रघुनाथ। मुंबई

**भारतीय** जनता पार्टी ने एक बार फिर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों एवं विश्लेषकों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद भाजपा ने शिवसेना के बागी गुट का नेतृत्व कर रहे पूर्व मंत्री और मराठा नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। साथ ही राज्य में अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के कद्दावर ब्राह्मण चेहरा देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाकर एक चतुर राजनीतिक कदम उठाया है। दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद उनके कभी सबसे भरोसेमंद पार्टी सहयोगी रहे शिंदे ने गुरुवार को औपचारिक रूप से सरकार बनाने का दावा पेश किया।

शिंदे इस मौके पर दिवंगत बालासाहेब ठाकरे और ठाणे जिले के दिवंगत शिवसेना प्रमुख आनंद दीघे का नाम लेना नहीं भूले, जिन्हें ठाणे का बाल ठाकरे माना जाता था। दीघे के प्रति शिंदे की श्रद्धा को इस तथ्य के रूप में देखा जा रहा है कि कभी ठाणे में ऑटोरिक्शा चलाने वाले शिंदे एक शाखा प्रमुख से वरिष्ठ मंत्री और अब मुख्यमंत्री तक की कुर्सी तक पहुंचे। केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने शिंदे के विद्रोह के पहले ही दिन से सत्तारूढ़ शिवसेना के भीतर के घटनाक्रम पर नजर रखी। शिंदे गुट के विधायक पहले भाजपा शासित गुजरात के सूरत, वहां से भाजपा के शासन वाले असम के गुवाहाटी और फिर गोवा पहुंचे। यहां से पूरी तैयारी के साथ उन्हें मुम्बई लाया गया। हालांकि यह विडंबना ही है कि सितंबर-अक्टूबर 2019 तक फडणवीस के मंत्रिमंडल में पांच साल तक वरिष्ठ मंत्री के रूप में काम करने वाले अब मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालकर उनके बॉस बन गए।



मुंबई में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के साथ एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस

शिंदे और फडणवीस ने दक्षिण मुंबई के राजभवन में आनन-फानन में बुलाए गए शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के समक्ष क्रमशः मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री पद के लिए अपने ही नेता फडणवीस के बजाय शिंदे का समर्थन कर, भाजपा निवर्तमान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से जनता की सहानुभूति छीनना चाहती है। इस कदम को भाजपा की चाल के रूप में माना जा रहा है। इससे पहले दोपहर में शिवसेना के बागी नेता के साथ संयुक्त रूप से मीडिया से बातचीत में फडणवीस ने यह कहकर पूरे राज्य को आश्चर्यचकित कर दिया था कि एकनाथ शिंदे शाम 7.30 बजे अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे और भाजपा शिंदे सरकार का समर्थन करेगी।

जाहिर तौर पर शिंदे के अधीन काम करने की संभावना से नाखुश फडणवीस ने साथ-साथ यह भी घोषणा की थी कि वह शिंदे सरकार का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि हमने भाजपा के 106, शिंदे समर्थक विधायकों और 16 निर्दलीय एवं अन्य की सूची राज्यपाल को सौंप दी है। इसी के तहत शिंदे आज शाम साढ़े सात बजे राजभवन में अकेले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मैं सरकार का हिस्सा नहीं बनूंगा। शिंदे के शपथ ग्रहण के बाद शिंदे खेमे और भाजपा दोनों के मंत्रियों को शामिल करने के लिए मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। भाजपा नेतृत्व ने महसूस किया कि नई सरकार में फडणवीस की अनुपस्थिति राज्य में लोगों को गलत संकेत जाएगा, इसलिए उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शिंदे मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए राजी किया गया। शिवसेना के 55 में से 40 और कुछ अन्य मिलाकर 51 विधायकों का समर्थन होने का दावा करने वाले शिंदे सीध विपक्ष के नेता फडणवीस के आधिकारिक आवास सागर बंगले में गए। वहां से वह और फडणवीस राजभवन गए और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल से हरी झंडी मिलने के बाद फडणवीस और शिंदे दोनों ने संयुक्त रूप से मीडिया से बातचीत में नई सरकार बनाने का ऐलान कर दिया।

## नड्डा के निर्देश पर डिप्टी सीएम बनने को तैयार हुए फडणवीस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### ● दो घंटे पहले पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह सरकार का हिस्सा नहीं होंगे

**पूर्व मुख्यमंत्री** देवेंद्र फडणवीस द्वारा गुरुवार को यह स्पष्ट करने कि वह नई महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा नहीं होंगे। इसके दो घंटे बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोषणा की कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने फैसला किया है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अधीन फडणवीस उप मुख्यमंत्री के रूप में नई सरकार का हिस्सा होंगे। फडणवीस को उद्धव ठाकरे सरकार को गिराने में प्रमुख वास्तुकार की भूमिका में देखा गया और उनको मुख्यमंत्री पद का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने इस मुद्दे पर अपना विचार बदल दिया और फडणवीस को राज्य के व्यापक हितों को देखते हुए सरकार में शामिल होने के लिए कहा। नड्डा ने ट्वीट किया कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उनसे व्यक्तिगत अनुरोध किया और केंद्रीय नेतृत्व ने कहा है कि देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के रूप में कार्यभार संभालना चाहिए। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि फडणवीस ने एकनाथ शिंदे कैबिनेट में शामिल होने का फैसला किया है। (शेष पेज 4)

## महाराष्ट्र सरकार जाने के बाद कांग्रेस को झारखंड की चिंता

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

### ● झारखंड मुक्ति मोर्चा और भाजपा में नजदीकियों के संकेत

**महाराष्ट्र** में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार गिरने के बाद कांग्रेस नेतृत्व अब झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन सरकार को लेकर चिंता करने के साथ सतर्क नजर आ रही है। ताजा मामलों को देखते हुए लग रहा है कि झामुमो की भाजपा से नजदीकियां बढ़ रही हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राष्ट्रपति पद के चुनाव में एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने की बात कही है। वहीं सोरेन अपने परिवार के सदस्यों को खनन पट्टे आवंटित करने के आरोपों को लेकर पहले से ही केंद्रीय जांच एजेंसियों का सामना कर रहे हैं। जबकि झामुमो और कांग्रेस के वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने कहा कि राज्य के लोगों के जनादेश का सम्मान किया जाएगा। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने द पायनियर को बताया कि महाराष्ट्र के बाद पार्टी झारखंड पर ध्यान केंद्रित करेगी। भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में हमने झारखंड में गठबंधन सरकार को हटाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके थे।

झामुमो-कांग्रेस गठबंधन में दरार का पहला संकेत झामुमो द्वारा राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस की मांग को खारिज कर अपना उम्मीदवार खड़ा करने के साथ हुआ। इसके बाद झामुमो ने राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करने से इनकार कर दिया। झारखंड में सोरेन सरकार को गिराने की भाजपा के योजना बनाने के सवाल पर झारखंड पार्टी प्रमुख दीपक प्रकाश ने द पायनियर को बताया कि हम इस तरह कोई रणनीति नहीं बना रहे हैं। हम केवल राज्य के लोगों के हित में रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार भ्रष्ट लोगों से भरी हुई है और सरकार ने विकास के कोई संकेत नहीं दिखाया है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हों तो आप क्या कह सकते हैं। झारखंड बनने के बाद से भाजपा ने हमेशा एक स्वच्छ और विकासोन्मुखी सरकार दी है और पार्टी सुशासन के लिए प्रयास करना जारी रखेगी। संयोग से, कांग्रेस के कई नेता और राज्य के पदाधिकारी अक्सर सोरेन के नेतृत्व वाले गठबंधन सरकार की नाराजगी की शिकायत करते हुए कांग्रेस मुख्यालय का चक्कर लगाते रहे हैं।

## हर परिवार के एक सदस्य को मिलेगा रोजगार : योगी

### ● ऋण मेले में 1 लाख 90 हजार लाभार्थियों को दिया गया 16 हजार करोड़ का कर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार ने ऐसे परिवारों के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी या फिर रोजगार से जोडने का निर्णय लिया है, जिनके परिवार के किसी भी सदस्य को कभी कोई सरकारी नौकरी नहीं मिली है। इसके लिये सरकार परिवार कार्ड जारी करने जा रही है। योजना के तहत सरकार शीघ्र ही ऐसे परिवारों की मैपिंग कराने जा रहे है। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोक भवन में आयोजित ऋण मेले को समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर सीएम ने 9 हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों को दिये गये ऋण का प्रतीकात्मक चेक सौंपा।

सभी 75 जिलों में आयोजित ऋण मेले के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना आदि के 1 लाख 90 हजार लाभार्थी को 16 हजार करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वर्ष 2022-23 की 2.95 लाख करोड़ रुपये की वार्षिक ऋण योजना का विमोचन किया। (शेष पेज 4)



ऋण मेले में लाभार्थियों को चेक देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## मुफ्त राशन योजना बढ़ाने पर विचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गरीब** परिवारों को मिल रही मुफ्त राशन वितरण की योजना को तीन माह के लिए बढ़ाने पर योगी सरकार विचार कर रही है। इसके लिए केंद्रीय पूल में आनाज की उपलब्धता का आँकलन कराया जा रहा है। अभी मुफ़्त राशन वितरण की योजना जून माह तक प्रभावी है। अगर सरकार योजना को आगे बढाने का निर्णय लेती है तो राज्य के गरीब परिवारों को आगे भी मुफ़्त राशन मिलता रहेगा। विदित हो कि कोरोना संकटकाल में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा ग़रीबों को मुफ़्त राशन उपलब्ध कराने के लिए योजना को शुरू किया गया था। (शेष पेज 4)

## मई में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन लगभग 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन मई, 2022 के दौरान एक साल पहले के समान महीने की तुलना में 18.1 प्रतिशत बढ़ा है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2022 में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे आठ बुनियादी क्षेत्रों के उत्पादन में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार, कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, सीमेंट और बिजली का उत्पादन मई में क्रमश: 25.1 प्रतिशत, 4.6 प्रतिशत, 16.7 प्रतिशत, 22.8 प्रतिशत, 26.3 प्रतिशत और 22 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा प्राकृतिक गैस और इस्पात उत्पादन की वृद्धि दर मई में घटकर क्रमश: सात और 15 प्रतिशत रह गई। मई, 2021 में प्राकृतिक गैस का उत्पादन 20.1 प्रतिशत और इस्पात का उत्पादन 55.2 प्रतिशत बढ़ा था। कुल मिलाकर अप्रैल-मई 2022-23 के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों उत्पादन 13.6 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 13.6 प्रतिशत बढ़ा था।

## खून की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

### ● राजस्थान से तस्करी कर लाए जाने वाले खून की लखनऊ सहित कई जिलों के ब्लड बैंक व अस्पतालों में हो रही थी सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजस्थान** से कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर तस्करी कर लाए जाने वाले मानव रक्त की भारी पैमाने पर यूपी की राजधानी लखनऊ सहित आसपास के कई जिलों में ब्लड बैंकों व अस्पतालों को सप्लाई किया जा रहा था। यह सनसनीखेज खुलासा एसटीएफ की धरपकड़ के दौरान हुआ है। एसटीएफ ने ठाकुरगंज स्थित मिड लाइफ चैरिटेबल ब्लड बैंक में औषधि प्रशासन विभाग की टीम के साथ छापा मारकर 302 यूनिट मानव रक्त बरामद किया। एसटीएफ ने इस ब्लड बैंक के मालिक, कर्मचारियों और दो तस्करों सहित सात लोगों के इस मामले में गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को जानकारी मिली कि लखनऊ के रहने वाले कुछ लोगों द्वारा संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर गैर प्रातों से ब्लड तस्करी कर लाया जाता है। इस प्रकार की तस्करी कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर जरुरत मंदो व एजेंटो के माध्यम से लखनऊ व आसपास के जनपदो के ब्लड बैंकों तथा हास्पिटलों में सप्लाई किया जाता है। बीते बुधवार को सूचना मिली की बड़े पैमाने पर ब्लड तस्करी करके राजस्थान राज्य से लाकर जनपद लखनऊ स्थित विभिन्न ब्लड बैंकों, हास्पिटलो में सप्लाई किया जाना है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने मुखबिर के बताए स्थान मिड लाइफ ब्लड बैंक ठाकुरगंज, लखनऊ पर पहुंचकर जाल बिछाया। थोड़ी देर बाद स्वीफ्ट डिजायर कार नंबर यूपी 32 केबी 7110 आकर ब्लड बैंक के पास रुकी। (शेष पेज 4)



पकड़े गए खून की तस्करी करने वाले आरोपी

## इसरों का एक और सफल मिशन, तीन विदेशी उपग्रह कक्षा में स्थापित

**श्रीहरिकोटा (भाषा)।** इसरो ने एक सप्ताह के भीतर अपने दूसरे सफल मिशन में पीएसएलवी सी-53 से तीन विदेशी उपग्रहों को बृहस्पतिवार को यहां प्रक्षेपण स्थल से सटीक तरीके से कक्षा में स्थापित किया। इस मिशन के साथ पीएसएलवी सी-53 ने एक प्रामाणिक रॉकेट होने की साख को कायम रखा है। पीएसएलवी सी-53 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की व्यावसायिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का दूसरा विशेष वाणिज्यिक मिशन है। उसने 23 जून को संचार उपग्रह जीसैट-24 का फ्रेंच गुयाना (दक्षिण अमेरिका) के कोउरू से सफल प्रक्षेपण किया था। बृहस्पतिवार को चार स्तर वाले 44.4 मीटर लंबे पीएसएलवी-सी53 ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉंच पैड से उड़ान भरी और सिंगापुर के तीन उपग्रहों- डीएस-ईओ, न्यूएसएआर और स्कूब-। को निर्धारित कक्षा में स्थापित किया। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने इस बात की पुष्टि की कि मिशन ने अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,019 | ↓ 8 | |
| निफ्टी | 15,780 | ↓ 18 | |
| सोना | 50,700 | ↓ 29 | /10g |
| चांदी | 59,050 | ↓ 11 | /kg |

## क्विक न्यूज

### 18 जुलाई से आरंभ होगा संसद का मानसून सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का माननसून सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा और अगस्त के दूसरे हफ्ते में 12 अगस्त तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, 17वीं लोकसभा का नौवा सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। वहीं, राज्यसभा सचिवालय के बुलेटिन में कहा गया है कि राज्यसभा का 257वां सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा। संसद का यह मानसून सत्र खास रहने वाला है क्योंकि 18 जुलाई को ही राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान है। मानसून सत्र में 18 जुलाई से 12 अगस्त के बीच कुल 17 कार्यदिवस पड़ रहे हैं। इस सत्र में सरकार कई विधेयकों को सदन में पेश कर सकती है।

## पांच साल में माननीयों की रेल यात्रा पर 62 करोड़ हुए खर्च

भाषा। नई दिल्ली

### ● लोकसभा के मौजूदा और पूर्व सदस्यों को लेकर मांगी गई आरटीआई से हुआ खुलासा

**लोकसभा** के मौजूदा और पूर्व सदस्यों को ट्रेनों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा से बीते पांच साल में सरकारी खजाने पर 62 करोड़ रुपए का भार पड़ा है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कोरोना की वैश्विक महामारी के दौरान 2020-21 में करीब 2.5 करोड़ रुपए इस तरह की यात्राओं पर खर्च हुए हैं। मौजूदा सांसद रेलवे की प्रथम श्रेणी की एयर-कंडिशंड श्रेणी या एग्जिक्यूटिव श्रेणी की नि:शुल्क यात्रा की पात्रता रखते हैं। उनके जीवनसाथी भी कुछ शर्तों के साथ मुफ्त यात्रा कर सकते हैं। पूर्व सांसद भी अपने किसी साथी के साथ एसी-2 टियर में या अकेले एसी-1 टियर में नि:शुल्क यात्रा करने की पात्रता रखते हैं। मध्य प्रदेश के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने इस बारे में जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में लोकसभा सचिवालय ने बताया कि उसे 2017-18 और 2021-22 में वर्तमान सांसदों की यात्रा के बदले में रेलवे की ओर से 35.21 करोड़ रुपए का बिल मिला वहीं पूर्व सांसदों की यात्रा के लिए 26.82 करोड़ रुपए का बिल मिला है। आरटीआई जवाब में कहा गया कि सांसदों और पूर्व सांसदों ने महामारी के प्रकोप वाले वर्ष 2020-21 में रेलवे के पास का भी उपयोग किया, उनका बिल क्रमश: 1.29 करोड़ रुपए और 1.18 करोड़ रुपए था।

## झूमकर आया मानसून, गर्मी-उमस पर पड़ा पानी

भाषा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के अनेक हिस्सों में बृहस्पतिवार को देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर जमकर मानसूनी वर्षा हुई। भीषण गर्मी के लंबे दौर के बाद हुई झमाझम बारिश ने लोगों को खासी राहत दी। राजधानी लखनऊ बाराबंकी तथा कई अन्य जिलों में सुबह से ही रिमझिम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया और कहीं-कहीं कुछ वक्त के लिए भारी वर्षा भी हुई। बारिश के कारण दिन के तापमान में काफी गिरावट हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम विभाग ने प्रदेश में अभी एक-दो दिन और अनेक स्थानों पर बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के पलियाकलां (लखीमपुर खीरी) में सबसे ज्यादा 14 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा मोहम्मदाबाद (गाजीपुर) और सलेमपुर (देवरिया) में 13-13, हरदोई, धौरहरा (लखीमपुर खीरी), नीमसार (सीतापुर) तथा मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी) में 11-11 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा गाजीपुर, लखीमपुर खीरी, लंभुआ (सुलतानपुर), लहरपुर (सीतापुर), हरदोई तथा गाजीपुर में नौ-नौ सेंटीमीटर, नवाबगंज (बरेली) में आठ, मलीहाबाद (लखनऊ) तथा नगीना (बिजनौर) में सात-सात, सहारनपुर, मुरादाबाद, चांदपुर (बिजनौर) और भटपुरवा घाट (सीतापुर) में छह-छह सेंटीमीटर, गाय घाट, बलिया, वाराणसी, मेजा (प्रयागराज), हाटा (कुशीनगर) और लखनऊ में पांच-पांच सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश में अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।



लखनऊ में मानसूनी बारिश ने किया मौसम को खुशनुमा

## मणिपुर में भूस्खलन के कारण आठ की मौत, 72 लापता

**इंफाल (भाषा)।** मणिपुर के नोनी जिले में एक रेलवे निर्माण स्थल पर हुए विनाशकारी भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक अन्य लोग लापता हो गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना बुधवार रात टुपुल यार्ड रेलवे निर्माण शिविर में हुई। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक सेना के सात जवानों समेत आठ लोगों के शवों को निकाल लिया गया है और करीब 72 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन के कारण बड़े पैमाने पर मलबे ने इजेई नदी को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे एक जलाशय बन गया है, जो निचले इलाकों को जलमग्न कर सकता है।



लोकभवन में वृहद ऋण मेले के अवसर पर लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### राजस्व संग्रह में मेरठ मंडल रहा फिसड्डी, बस्ती सबसे बेहतर

# कम वसूली पर अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**स्टाम्प** तथा पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जून माह में जारी किए गए कर-संग्रह आंकड़ों के अनुसार मई 2022 में मेरठ मंडल का प्रदर्शन प्रदेश भर में सबसे खराब रहा जबकि बस्ती मंडल का प्रदर्शन सबसे बेहतर। स्टाम्प पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश महानिरीक्षक निबंधन की ओर से मई 2022 तक जारी किए गए कर-संग्रह आंकड़ों के अनुसार कर तथा करेत्तर राजस्व प्राप्तियों में मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व संग्रह में मेरठ मंडल ने 739.53 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रह के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 490.93 करोड़ रुपयों का राजस्व संग्रह किया जो लक्ष्य का मात्र 66.4 प्रतिशत रहा। जबकि बस्ती मंडल द्वारा मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 98 प्रतिशत राजस्व संग्रह कर प्रथम स्थान हासिल किया गया है। बस्ती मंडल के लिए मई माह का निर्धारित लक्ष्य 38.81 करोड़ रुपए था जिसके सापेक्ष 38.03 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रह किया गया। मई 2022 में खराब प्रदर्शन करने वाले मंडलों में मेरठ के बाद क्रमशः कानपुर व आगरा मंडल रहे। जिन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष क्रमशः 68.5 प्रतिशत तथा 72.6 प्रतिशत प्रदर्शन किया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले मंडलों में लखनऊ दूसरे तथा चित्रकूट तीसरे स्थान पर रहा। जिनका लक्ष्य सापेक्ष प्रदर्शन क्रमशः 97.7 प्रतिशत तथा 97.2 प्रतिशत रहा। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्धारित वार्षिक राजस्व संग्रह के लक्ष्य के सापेक्ष मई माह तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले मंडलों में 16.5 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ लखनऊ मंडल प्रथम तथा 15.1 प्रतिशत प्राप्ति के साथ सहारनपुर मंडल दूसरे स्थान पर रहा है। रविंद्र जायसवाल ने पिछड़ा प्रदर्शन करने वाले मंडलों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे लक्षित कर-संग्रह की प्राप्ति सुनिश्चित करें। अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति ना होने पर कार्य की गहन समीक्षा की जाएगी।

## प्रदेश की 20 जेलों के जेलर बदले गए

**लखनऊ।** डीजी कारागार आनंद कुमार ने प्रदेश की 20 जेलों के जेलर (कारापाल) का तबादला कर दिया है। वहीं पिछले दिनों प्रोन्नत होने वाले 15 डिप्टी जेलर (उपकारापाल) को भी जेलर पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है। कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि 14 जेलर का तबादला वर्तमान तैनाती वाली जेल में तीन साल का निर्धारित कार्यकाल पूरा करने की वजह से किया गया है जबकि छह जेलर ऐसे हैं जिन्हें अनुशासन के दृष्टिगत जिन जेलों में ड्यूटी पर लगाया गया था उन्हें अब वहीं पर स्थायी तैनाती प्रदान कर दी गई है। इस फेरबदल में शिव प्रताप मिश्र को आगरा से जिला कारागार गोंडा, राजेंद्र प्रताप चौधरी को प्रतापगढ़ से जिला कारागार सहारनपुर, आदित्य कुमार को बदायूं से जिला कारागार महराजगंज, राजेंद्र सिंह को मेरठ से जिला कारागार लखनऊ, राजेश कुमार पांडेय-1 को सहारनपुर से जिला कारागार प्रतापगढ़, कुश कुमार सिंह को कानपुर देहात से जिला कारागार रामपुर, सुनीत कुमार को उरई से केंद्रीय कारागार वाराणसी, प्रेम सागर शुक्ला को गोरखपुर से जिला कारागार उरई, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव को महराजगंज से जिला कारागार सीतापुर, अपूर्वव्रत पाठक को सुल्तानपुर से जिला कारागार बरेली, दीपांकर भारती को गोंडा से केंद्रीय कारागार आगरा, राम कुबेर सिंह को इटावा से नारी बंदी निकेतन, राकेश वर्मा-2 को बरेली से जिला कारागार मेरठ और राकेश कुमार वर्मा को रामपुर से जिला कारागार गाजीपुर में जेलर के पद पर स्थानान्तरित किया गया है।

### लघु सिंचाई के हर इंजीनियर को मिली मनचाही पोस्टिंग

# 9 मिनट में 2 दर्जन से ज्यादा इंजीनियरों का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एक** दो नहीं, तबादले के दायरे में 2 दर्जन से ज्याद इंजीनियर और सबको मनचाही तैनाती। वह भी केवल 9 मिनट में। तबादलों का यह पारदर्शी और सबसे अलग उदाहरण पेश किया गुरुवार को लघु सिंचाई विभाग ने। प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने जल निगम सभागार में तबादले के दायरे में आने वाले इंजीनियरों को एक साथ बुलाया और सबको मेरिट व वरिष्ठता के आधार पर स्कीन पर दिख रहे रिक्तियों को चुनने का मौका दिया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हैदाराबाद से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े रहे। जलशक्ति मंत्री ने तबादले की इस पारदर्शी प्रक्रिया की सराहना करते हुए मनचाहा विभाग पाए इंजीनियरों से इसी पारदर्शी तरीके से काम करने का आह्वान किया। प्रमुख सचिव ने जल निगम सभागार में ही इंजीनियरों को नई तैनाती का नियुक्ति पत्र भी दे दिया। जल निगम मुख्यालय के सभागार में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से हैदराबाद से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह स्क्रीन पर थे। दूसरी तरफसभागार में एक टेबिल पर प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव और तबादले के दायरे में आने वाले इंजीनियर साथ बैठे थे। प्रमुख सचिव की मौजूदगी में एक-एक करके इंजीनियरों ने जलशक्ति मंत्री को अपनी मनचाही पोस्टिंग बताई। जिसको उन्होंने स्वीकार करते हुए नियमानुसार रिक्त स्थानों पर प्रमुख सचिव को नियुक्ति के निर्देश दिये। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और मेहनत से काम करें।


## NOTIFICATION

In pursuance of the Notification No. 5.0 2900 (E), dated 24.10.2015 (Clause 13 and 21 of the Fertilizer Control Order, 1985, issued by Department of Agriculture, Cooperation and Welfare, Ministry of Agriculture, Govt. of India, VOEDEN INDIA PRIVATE LIMITED, Shankar Vihar III, Lal Kuan, Ghaziabad, U.P.-201002, hereby notifies that it tend to introduce the following grade of 100% Water Soluble Mixture of Fertilizers to imported in India

| Sl.No. | Brand | Name of Fertilizer | N | $P_2O_5$ | $K_2O$ | Sec. Nutrients | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Basfoliar | 19-19-19 | 19 | 19 | 19 | 0 | 57 |
| 2 | Basfoliar | 13-40-19 | 13 | 40 | 13 | 0 | 66 |
| 3 | NovaTec Solub | 21-0-0 | 21 | 0 | 0 | 0 | 21 |
| 4 | NovaTec Solub | 14-40-0 | 14 | 48 | 0 | 0 | 62 |


# मानसून की पहली छींट पड़ते ही खुली विकास के दावों की पोल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में मानसून की पहली छींट पड़ते ही भाजपा राज में विकास के मुख्यमंत्री के दावों की पोल खुलने लगी है। खुद उनका ही गृहनगर गोरखपुर भाजपाई भ्रष्टाचार का भाजपा ताल 'जल नगर' बन गया है। झमाझम बारिश में राप्ती काम्पलेक्स और बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता शहरी कार्यालय में पानी भर गया। भाजपा सरकार हर घर नल का नारा दे रही है, नल से जल तो आया नहीं, हर घर जल में जरूर डुबो दिया। वैसे उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार का नाला लबालब है। अखिलेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के नगरिया क्षेत्र में जल भराव से लोग त्रस्त है। यहां शहर के हर इलाके में बारिश में घंटों पानी भरा रहा। पिंक कॉरिडोर के रूप में विकसित दशाश्वमेध घाट पर घुटने भर पानी का जमाव हो गया। कई इलाकों में दुकानों में पानी घुस गया। गदौलिया से दशाश्वमेघ मार्ग तक पानी भर गया। राजधानी लखनऊ में बरसात के दिनों के पुराने अनुभवों से लाभ उठाने और जलभराव से बचाव के बारे में अधिकारी सजग नहीं है। शहर के बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों की स्थिति ठीक नहीं है। कहीं पम्पों की दशा ठीक नहीं, तो कहीं डीजल का अभाव है। नालों की सफाई में भी लापरवाही हो रही है। हैदर कैनाल समेत शहर के 88 से ज्यादा नालों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। इन नालों के किनारे तमाम अवैध बस्तियां बस गई हैं। नालों की चौड़ाई सिमट गई है। तेज बारिश में नाला उफना गया है, जिससे निचले इलाकों में तबाही मच गई है। उन्होंने कहा कि दावे चाहे जितने किए जाएं, हकीकत में नालों की सफाई के काम में सिर्फ भ्रष्टाचार ही नजर आता है। नालों की सिल्ट निकाल कर किनारे डाल दी जाती है जो बरसात होते ही फिर नालों में चली जाती है। तमाम कूड़ा कचरा भी इनमें डाला जाता है। निरीक्षण के नाम पर अफसरों की खानापूरी जनता पर भारी पड़ रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सवाल यह है कि जब पहली बारिश में ही जनता जल भराव और आकाशीय बिजली गिरने के संकट में जूझने को विवश हुई है, तो मानसून की कई दिनों तक होने वाली बारिश में क्या होगा? मुख्यमंत्री ने प्रारम्भिक तैयारियों के निर्देश देने की खबर तो खूब छपवाई पर हकीकत में हुआ कुछ नहीं है। वैसे भी जब कुछ नदियां और नाले उफनाने वालें हैं तब मुख्यमंत्री की बैठकों का क्या औचित्य है।

### दिवंगत जवानों को अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मणिपुर लैण्ड स्लाइड हादसे के कारण जान गंवाने वाले जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। यादव ने आशा जताई है कि रेस्क्यू ऑपरेशन समय रहते मलबे में दबे लोगों को बचाने में सफल होगा। इस बचाव कार्य में लगे लोगों की सहायता एवं सहयोग करने के लिए आसपास के सभी नागरिकों से भी अपील की है।

# यूपीए ने साझा उम्मीदवार तय करते समय बसपा को कभी विश्वास में नहीं लिया

### भाजपा भी कांग्रेस से दो कदम आगे ही बढ़ती हुई नजर आ रही है

- महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम पर मायावती ने कहा
- समीक्षा बैठक में मायावती ने 2024 में पिछला प्रदर्शन दोहराने को लेकर भरा जोश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**देश** में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव में द्रोपदी मुर्मू को समर्थन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बीएसपी का अनुसूचित जनजाति समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किसी व्यक्ति अथवा पार्टी विशेष की बजाय उपेक्षित एसटी समुदाय के बहुजन समाज के अभिन्न अंग होने के नाते ही लिया गया है। पार्टी ने यह फैसला स्वतंत्र होकर लिया है तथा यह न तो सत्ताधारी एनडीए के पक्ष में है और ना ही विपक्षी यूपीए के विरुद्ध। इतना जरूर है कि यूपीए ने अपना साझा उम्मीदवार तय करते समय बीएसपी को कभी भी विश्वास में नहीं लिया और ना ही सलाह-मशवरा ही किया। गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर 18 मण्डलों के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक अस्थिरता व दलबदल गतिरोध तथा सत्ता पलटने के धनबल के खुले खेल से जनहित व जनकल्याण के लगातार प्रभावित होने पर गंभीर चिन्ता प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी राजनीति व जुगाड़ की सत्ता से देश व यहाँ की जनता का कभी भी सही भला नहीं हो सकता है बल्कि केवल कुछ लोगों का राजनीतिक व आर्थिक स्वार्थ का जरूर तुष्टीकरण हो जाएगा। कांग्रेस ने भी ऐसा ही गंदा खेल बीएसपी के साथ राजस्थान आदि राज्य में बार-बार खेला है और अब भाजपा भी उसी के नक्शेकदम पर चलकर उससे दो कदम आगे ही बढ़ती हुई नजर आ रही है, जो अति-दु:खद व दुर्भाग्यपूर्ण है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाल ही में हुए आजमगढ़ एवं रामपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव परिणाम को पार्टी के लिये उत्साहजनक बताते हुए पदाधिकारियों से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का निर्देश दिया है, जिससे 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी पुराने प्रदर्शन को दोहरा सके। बैठक में उन्होंने पिछली समीक्षा बैठकों के प्रगति रिपोर्ट की मण्डलवार गहन समीक्षा की तथा इनके अमल में पाई जाने वाली कमियों को यथासमय दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को काफी सजग होकर आगे काम करना है। केन्द्र व यूपी सहित सभी राज्य सरकारों से खासकर साम्प्रदायिक व जातिवादी नफरत, हिंसा व वैमनस्य फैलाने वालों के खिलाफ बिना भेदभाव के तथा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कार्रवाई करने की माँग करते हुए मायावती ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयों के अभाव में जनता का खासकर कानून-व्यवस्था के मामले में विश्वास जीतना कैसे संभव हो सकता है? उन्होंने लोगों से भी हर कीमत पर शान्ति-व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। सरकारी नौकरियों आदि की तरह ही सेना में भी ठेके की अस्थाई तौर पर 'अग्निवीरों' की भर्ती के बारे में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को देश की सुरक्षा से सम्बंधित ऐसी दूरगामी प्रभाव वाली रक्षा नीति बनाने व उस पर अमल करने से पहले विस्तार से व पूरी गंभीरता के साथ सभी पक्षों से जरूर विचार-विमर्श कर लेना चाहिए था। ऐसा न होने का ही परिणाम है कि इस नई नीति को लेकर, पहले भूमि अधिग्रहण व फिर उसके बाद किसान आन्दोलन की तरह ही, पूरे देश में खासकर ग्रामीण नौजवानों व उनके परिवार वालों में काफी आक्रोश व्याप्त है। सरकार इसका सही व संतोषजनक समाधान जितना जल्द निकाल ले उतना ही बेहतर।


पायनियर वर्गीकृत

सूचना

## सूचना

मैं कमल कटियार पुत्र श्री स्व. गिरीश चन्द्र कटियार निवासी भवन सं. 111/426, 80 फिट रोड अशोक नगर, कानपुर का निवासी हूँ। बड़ी बहन राधा सिंह पत्नी श्री रणवीर सिंह एवं उनके पुत्र निवासी कानपुर नगर और छोटी बहन रागिनी सिंह पत्नी श्री संदीप सिंह एवं उनके पुत्र निवासी गैस चौराहा पीलीभीत दोनों बहनों से नाजायज कृत्यों के कारण उनके व उनके परिवार के समस्त सदस्यों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। इनके किसी भी जायज-नाजायज कृत्य में मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। किसी भी कृत्यों के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे।

WANTED

**AMIRUDDAULA ISLAMIA DEGREE COLLEGE, LALBAGH, LUCKNOW**
**(a Minority Institution)**

Wanted Assistant Professors in Physics, Mathematics, Computer Science, Zoology, Botany, Chemistry (With specialization in Physical/Inorganic Chemistry), Hindi, Political Science, History (leave vacancy, likely to be continued) Arab Culture, Economics and Commerce, Qualifications and Conditions of service as per Act and Statutes of Lucknow University and Government Orders. Applications on prescribed forms, obtainable from the College Office, with required fee and necessary documents must reach the Assistant Manager within one moth of last insertion.

**(Athar Nabi)**
**Assistant Manager**



## बैंक ऑफ महाराष्ट्र

भारत सरकार का उद्यम **एक परिवार एक बैंक**

अंचल कार्यालय, पृथम तल, उत्तर प्रदेश सुगर कार्पोरेशन लिमिटेड, विपिन खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ 226010
प्रधान कार्यालयः लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

### ई-नीलामी द्वारा विक्रय हेतु आम सूचना

**सरफेसी अधिनियम 2002 तथा सहपठित नियम 8(6) of 2002 के अंतर्गत की नीलामी के द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बंधक अचल संपत्ति के विक्रय की सूचना**

इस आम सूचना के द्वारा बैंक के अनर्जक खातेदार, जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल संपत्तियाँ जो कि बैंक ऑफ महराष्ट्र में बंधक है तथा जिन का प्रत्यक्ष कब्जा प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत लिया जा चुका है। यह संपत्तिसयाँ **"जहाँ है जैसी है" "जैसा है जो है" " जहां भी है"** तथा **"दायित्व रहित"** अधार अनर्जक खातों में ऋण की वसूली हेतु **दिनांक 16/07/2022** को ई नीलामी द्वारा विक्रय की जाएंगी। अनर्जक खाते, खाताधारक, जमानतदार, बैंक पर बकाया धनराशि, ऑनलाइन नीलामी द्वारा विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण, प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी में किसी तरह का संपत्ति पर भार, संपत्ति पर कब्ज का प्रकार, विक्रय की धनराशि (RESERVE PRICE), नीलामी में भाग लेने हेतु जमा की जाने वाली पूर्व धनराशि (EMD AMOUNT) इत्यादि की जानकारी निम्नलिखित है-

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि जिसकी वसूली हेतु सम्पत्ति विक्रय की जा रही है | सम्पत्ति का विवरण | ई-नीलामी की दिनांक | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **ऋणीः मेसर्स अग्रोहा पेपर इंडस्ट्रीज प्रा0 लिमिटेड** (निदेशक श्री चेतन अग्रवाल के माध्यम से) प्लॉट सं0 2/98/एफ, सेक्टर-एफ, सीतापुर रोड, योजना, लखनऊ-226001 **जमानतकर्ताः 1. श्री चेतन अग्रवाल** पुत्र श्री रामकिशन अग्रवाल (निदेशक), **ए)** खसरा/गाटा सं0 191/497, ग्राम खरगपुर, परगना करौना, तहसील मिश्रिख, जिला, सीतापुर उ0प्र0, **बी)** मकान सं0 26, जानकीपुरम, नहर रोड, लखनऊ-226021 **2. श्री तारा चंद** पुत्र श्री राम नारायण, निवासी मकान संख्या 537/ख/13, सीतापुर रोड, फैजुल्लागंज, लखनऊ-226013 | **₹ 4,39,55,214/-** + ब्याज, संविदात्मक रेट, कीमत, चार्जेज एवं खर्चे 11.01.2019 से | लाट नं0-1) संपत्ति की प्रकृति एवं विवरणः संपत्ति के सभी भाग एवं खण्ड में निर्मित स्थिर कारखाने की भूमि एवं भवन जो कि गाटा सं0 191/497 एवं 191, ग्राम, खड़गपुर, परगना करौना, तहसील मिश्रिख, जिला सीतापुर, उ0प्र0, **क्षेत्रफलः** 4860 वर्ग मीटर एवं 400 वर्ग मीटर, **स्वामीः श्री चेतन अग्रवाल।** भौतिक कब्जा | **16.07.2022** | **आरक्षित मूल्य ₹ 1,00,00,000.00** **धरोहर राशि ₹ 10,00,000.00** **बोली वृद्धि की राशि ₹ 20,000.00** |

**निविदा जमा करने /के.वाई.सी. दस्तावेज/ईएमडी. प्रूफ जमा करने की दिनांक व समय IBAPI-E BIKRAT के अनुसार**

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय बोली वृद्धि प्रत्येक 10 मिनट 16/07/2022 को सुबह 11:00 बजे से 04:00 बजे तक**

विक्रय निर्धारित निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट नियम एवं शर्तों के कठोरता से अनुपालन की शर्त पर है और **"जैसा है जहाँ है"** तथा **"जो कुछ भी है वही है"** दायित्व रहित आधार पर किया जायेगा।

1. यह बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के प्रावधानों द्वारा अनुशासित हैं एवं निम्नलिखित विशिष्ट नियम एवं शर्तों के अधीन है:
2. उल्लिखित सम्पत्ति हेतु नीलामी विक्रय केवल वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी/संविदा" के माध्यम से संविदा के अन्तिम 5 मिनटों में प्राप्त होने की स्थिति में प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार सहित 16/07/2022 को 11 बजे पूर्वा. में 4 बजे अप. तक सम्पन्न होगी। संविदाकार सम्पत्ति हेतु ऑनलाइन संविदा के दौरान अपने प्रस्ताव रू. 20,000 (रूपये बीस हजार मात्र) के गुणक में बढ़ायेंगे।
3. संविदाकार द्वारा एमडी सहित ऑनलाइन संविदा हेतु केवाईसी जमा करने हेतु अन्तिम तिथि लॉट नं. 1 हेतु **IBAPI-E BIKRAY** के अनुसार।
4. ई-नीलामी के इच्छुक भागीदार विक्रय सूचना की प्रतियाँ, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें, ई-नीलामी के प्रचालनातमक भाग के हेल्प मैनुअल ई-विक्रय-आईबीएपीआई पोर्टल **(https://www.ibapi.in)** से निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
5. इच्छुक संविदाकार/क्रेता से अपने मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल आईडी का प्रयोग करते हुए पोर्टल **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** पर पंजीकृत होने का निवेदन किया जाता है। पुनः उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने हैं। ई- नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा एक बार केवाईसी दस्तावेज सत्यापित होने पर (2-3 कार्यकारी दिवस का समय लग सकता है), इच्छुक संविदाकारों/क्रेताओं को अपने ग्लोबल वालेट में ऑनलाइन माध्यम का प्रयोग करते हुए ईएमडी राशि अन्तरित करनी होगी द्य उसके वालेट में पर्याप्त ईएमडी होने के पश्चात ही इच्छुक संविदाकार ई-नीलामी की तिथि पर बोली लगाने में सक्षम होंगे।
6. उपर्युक्त जमा धरोहर राशि (ईएमडी) केवल एक माध्यम अर्थात एनईएफटी **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** से चालान सृजित करने के उपरान्त) संविदाकार के ग्लोबल वालेट में जमा करनी होगी एनईएफटी ट्रांसफर किसी भी अनुसूचित बैंक से किया जा सकता है। किसी अन्य माध्यम जैसे चौक द्वारा ईएमडी का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। अपेक्षित ईएमडी ऑनलाइन नहीं जमा करने वाले संविदाकार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अपेक्षित ईएमडी ऑनलाइन नहीं जमा करने वाले संविदाकारों को ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। जमा धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा।
7. संविदाकार एक या सभी सम्पत्तियों, जैसी स्थिति हो, के लिए प्रस्ताव कर सकते हैं। एक से अधिक सम्पत्ति के लिए प्रस्ताव की स्थिति में संविदाकार को प्रत्येक सम्पत्ति के लिए ईएमडी जमा करनी होगी। बोली के समय संविदाकार के ग्लोबल वालेट में पर्याप्त राशि (ईएमडी राशि के बराबर या अधिक) होनी चाहिए।
8. विक्रय सूचना, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें, ई-नीलामी के प्रचालनात्मक भाग का हेल्प मैनुअल उचित रूप से पढ़ना तथा उसका दृढ़ता से अनुपालन करना इच्छुक संविदाकार (रों) का उत्तरदायित्व है।
9. ई-नीलामी प्रक्रिया के पूर्व या उसके दौरान किसी कठिनाई या सहायता की आवश्यकता के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के अधिकृत प्रतिनिधि से सम्पर्क करें। जिसका विवरण ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध है।
10. अधिकृत प्राधिकारी द्वारा ई-नीलामी को अन्तिम स्वरूप दिये जाने के बाद केवल सफल संविधाकार को हमारे उपर्युक्त सन्दर्भित सेवा प्रदाता द्वारा एसएमएसई-मेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा। (उसके द्वारा प्रदत्त मोबाइल नम्बर/ई-मेल पते पर/सेवा प्रदाता के साथ पंजीकृत)
11. प्रतिभूत आस्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी।
12. सफल संविदाकार को जमा की गयी ईएमडी राशि घटाकर संविदा राशि का 25 प्रतिशत उसी दिन या अधिकतम अगले कार्यदिवस तक तथा शेष राशि नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधिकृत प्राधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में आरटीजीएस एनईएफटी के माध्यम से खाता नाम- **Administrative Account** खाता संख्या **60002368918 IFSC** कोडः **MAHB0001281** बैंक ऑफ महाराष्ट्र विकास नगर शाखा लखनऊ मुख्य शाखा में जमा करना होगी। उपर्युक्त निर्धारित समय-सीमा के भीतर राशियों के जमा करने में असफल होने पर सफल संविदाकार द्वारा जमा की गयी राशि बैंक द्वारा जब्त कर ली जायेगी और अधिकृत प्राधिकारी को सम्पत्ति की नई नीलामी/बिक्री करने का अधिकार होगा तथा चूककर्ता संविदाकार का जब्त की गयी राशि तथा सम्पत्ति पर कोई दावा नहीं होगा।
13. संविदाकारों के लिए चेतावनीः

(अ) बैंक के पूर्ण संज्ञान में सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। फिर भी, इच्छुक संविदाकारों को ई-नीलामी प्रक्रिया में अपनी संविदा जमा करने से पूर्व ऋण भारी, नीलामी पर रखी सम्पत्ति के स्वामित्व, सम्पत्ति का भौतिक क्षेत्रफल तथा दावों/अधिकारों/बकाया/सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले कारकों के विषय में अपनी स्वतन्त्र पूछताछ कर लेनी चाहिए। पुनः संविदाकारों को बोली लगाने से पूर्व किसी विधिक बकायों, कर के बकायों, दावों आदि के विषय में स्वयं अपनी निजी पूछताछ कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञान बैंक की ओर से किसी प्रतिबद्धता अथवा किसी प्रतिनिधिन को न तो निर्मित करता है और न निर्मित करेगा। यह सम्पत्ति बैंक की जानकारी या गैर-जानकारी में समस्त वर्तमान तथा भावी ऋणभारों सहित बिक्री की जा रही है। अधिकृत प्राधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी भी प्रकार से किसी दावे/अधिकार/बकाये के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

(ब) बैंक बिक्री हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति के परिप्रेक्ष्य में किसी अनुमति/लाइसें, एनओसी आदि के लिए अथवा कथित सम्पत्ति की बिक्री के परिप्रेक्ष्य तथा/अथवा सम्बन्ध में किसी बकाये जैसे पानी/सेवा प्रभार के बकाये, अन्तरण शुल्क, नगर निगम/स्थानीय प्राधिकरण/सहकारी आवास समिति के बकाये या कोई अन्य बकाये, कर, लेवी, शुल्क, अन्तरण शुल्क, यदि कोई हो, का कोई उत्तरदायित्व नहीं लेता है। सफल संविदाकार को सम्पत्ति के क्रय से सम्बन्धित आयकर के प्रावधानों का अनुपालन करना होगा तथा प्रयोज्य दरों के अनुसार प्राधिकारणों को कर अदा करने होंगे।

(स) संविदाकारों को सम्बद्ध राजस्व रिकार्ड/अन्य विधिक प्राधिकरणों जैसे विक्रय कर/आबकारी/आयकर आदि से सत्यापित करने की सलाह/ चेतावनी दी जाती है तथा अपनी संविदाएँ जमा करने से पूर्व स्वयं को सम्पत्ति की प्रकृति, विवरणा दशा, ऋण, भार, लिएन, प्रभार, विधिक बकायों आदि के विषय में सन्तुष्ट कर लेना चाहिए।

(द) संविदाकारों को संविदा जमा करने तथा ऑनलाइन बोली/नीलामी में भाग लेने से पूर्व बिक्री के समस्त नियम एवं शर्तों तथा साथ ही संगत सार्वजनिक बिक्री सूचना के विस्तृत विवरण को ध्यानपूर्वक देखने की सलाह दी जाती है।

(य) बिक्री सूचना/निविदा दस्तावेज में प्रदर्शित सरकार/स्थानीय निकाय के प्रति बकाया विधिक देयताएँ/दायित्व आदि क्रेता(ओं) द्वारा वहन किया जायेगा।

(र) बिक्री की सूचना स्थानीय भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। यदि इसी व्याख्या में कोई विवाद होता है तो अंग्रेजी संस्करण को वरीयता दी जायेगी।

14. संविदाकारों बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक देखने की सलाह दी जाती है, कृपया बैंक की वेबसाइट में प्रावधानित लिंक **"https://www.bankofmaharashtra.in/propsale.asp** तथा साथ ही ई-विक्रय पोर्टल **www.ibapi.in, https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** देखें। तथा मुख्य प्रबंधक वसूली, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, लखनऊ एलडीए ऑफिस के सामने विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226 008 पर संपर्क किया जा सकता है। श्री संजीव वर्मा (मोबा.- 9999668374), श्री मनीष सिंह (मोबा.- 9873894606)

दिनांकः 01.07.2022, स्थानः लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लखनऊ अंचल


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582



राजधानी में गुरुवार को सुबह से लगातार रिमझिम बरसात का आनंद लेते हुए लोग।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे संचारी रोग अभियान का शुभारंभ

● गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज से संचारी रोग नियंत्रण अभियान को दिखायेंगे हरी झण्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** शुक्रवार को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर सीएम विशेष संचारी अभियान की रैली को हरी झंड़ी दिखा कर रवाना करेंगे। इस दौरान बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर में स्वास्थ्य विभाग एवं उससे संबंधित विभागों के विभिन्न कार्यक्रमों एवं लाभार्थी परक योजनाओं के स्टॉल लगा कर प्रदर्शनी



भी लगाई जाएगी। इन स्टॉल पर सभी विभाग की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सूबे के सभी 75 जिलों में वर्चुअल प्रसारण किया जाएगा। सभी जिलों में कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सीएम संग इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। लखनऊ में शुक्रवार से लेकर 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल ने कहा कि संचारी रोगों के नियंत्रण में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका है क्योंकि वह समुदाय के सीधे संपर्क में रहते हैं। संचारी रोगों में वेक्टर जनित प्रमुख हैं जो मच्छरों द्वारा फैलते हैं।

मलेरिया रोग मादा एनाफिलीज द्वारा जापानी इन्सेफेलाइटिस एवं फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया मादा एडीज द्वारा तथा स्क्रब टाइफस माइट्स के द्वारा फैलता है। उन्होंने कहा कि घर व बाहर साफ -सफाई के द्वारा इन बीमारियों से बचा जा सकता है। मच्छर रुके हुए जल में ही अंडे देते हैं इसलिए यह जरूरी है कि कहीं भी पानी इकट्ठा न होने पाए। जनसमुदाय को इस संबंध में जागरूक कर संचारी रोगों से बचा जा सकता है। जनसमुदाय को जागरूक करने की आवश्यकता है कि मच्छर जनित परिस्थितियां उत्पन्न ही न होने दें।

## शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए साक्षात्कार सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लविवि** की तरफ से शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने और विशेष रूप से इसमे महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए शोध मेधा छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है । हाल ही मे इसके लिए योग्य महिला शोध छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए थे जिनमे से 44 आवेदन पात्र पाए गए थे । विशेष रूप से गठित समिति द्वारा पात्र छात्राओं के साक्षात्कार के आधार पर 10 छात्राओं को छात्रवृति के लिए चयनित किया जाएगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि बताया कि छात्रवृत्ति के लिए सभी छात्राऐं शोध के प्रति काफी समर्पित दिखी और चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक रही। समिति ने छात्राओं की मेधाए योग्यता के साथ उनकी आर्थिक स्थिति एवं जरूरत पर विशेष ध्यान दिया। चयनित छात्राओ को 5000 रूपये प्रति माह तीन वर्ष के लिए छात्रवृति के रूप मे दिये जाएंगे और यह छात्रवृति वार्षिक तौर पर नवीनीकृत की जाएगी।

# लखनऊ में कोरोना के 98 नये केस, प्रदेश में 439 नये मामले

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण के मामले में राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। गुरूवार को लखनऊ में 98 कोरोना संक्रमित सामने आये हैं। जबकि प्रदेश में 439 नये संक्रमित मरीज पाये गये हैं। लखनऊ में आज पाये गये 98 कोरोना संक्रमित मरीजों में 46 पुरूष एवं 52 महिला रोगी है। आज कुल 163 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं। वहीं आज जनपद के रेडक्रास इलाके में 14, अलीगंज में 12, चिनहट में 11, एनके रोड इलाके में 9, इन्दिरानगर में 6, सरोजनीनगर में 6, आलमबाग में 5, टूडियागंज में 5, माल में 3, सिल्वर जुबली में 3, बीकेटी में 1, गोसाईगंज में1 कोविड धनात्मक रोगी मिले हैं। इसके अतिरिक्त उपरोक्त धनात्मक रोगियों के सापेक्ष कान्टैक्ट के 7, ट्रैवल के 10, आईएलआई के 33, प्री.सर्जिकल के 8 श्रेणियों में कोविड धनात्मक रोगी पाये गये हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 91,418 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 439 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,71,83,079 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 603 लोग तथा अब तक कुल 20,63,574 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 3,375 एक्टिव मामले है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 29 जून 2022 को एक दिन में 3,03,816 वैक्सीन की डोज दी गयी है। प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,34,47,907 तथा दूसरी डोज 14,31,13,240 दी गयी। 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,39,83,788 तथा दूसरी डोज 1,22,56,727 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 81,79,930 तथा दूसरी डोज 59,21,520 दी गयी। कल तक 35,69,933 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 34,04,73,045 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

# मण्डल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ

● आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने वाले 8 युवाओं को नियुक्ति पत्र किया वितरित

● युवाओं का जिस कम्पनी में सेलेक्शन हो वहां पूरी ईमानदारी के साथ करे कार्य ● कम्पनियों द्वारा सात्क्षात्कार के उपरान्त 3860 अभ्यार्थियों का किया गया चयन

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने आईटीआई अलीगंज लखनऊ में आयोजित मण्डल स्तरीय रोजगार मेले का उदघाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनों को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास




युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उन्हे आत्मनिर्भर तथा रोजगार से जोड़ने का कार्य करते हुए पूरा कर रहे है। आज के समय में युवाओं को हर क्षेत्र में काम करना चाहिए जिससे कि रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री ने बेटियों के लिए बेटियां पढ़े और आगे बढ़े का नारा दिया है। जिसे प्रदेश सरकार पूरी लगन से पूरा कर रही है। बेटियों को पढ़ाने के साथ.साथ उनको विभिन्न तकनीकि ट्रेड में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री की मिशन रोजगार योजना के तहत सरकार के द्वारा लोगो को रोजगार दिलाने के लिए सरकार संकल्पित है तथा कौशल विकास एवं आईटीआई में उद्योगों के साथ डीएसटी के माध्यम से प्रशिक्षण को उद्योगों के अनुरूप तैयारकर समस्त अभ्यर्थियों को रोजगार दिलाने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने वाले 8 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि तकनीकि शिक्षा हर किसी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास द्वारा युवाओं को तकनीकि प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। तकनीकि प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर मिले इसके लिए सभी जनपदों की आईटीआई में नियमित रूप से रोजगार मेले, अप्रेंटिस मेला, प्लेसमेंट डे आदि आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि अपने अंदर विश्वास रखते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करे। जिस भी कम्पनी में आपका सेलेक्शन हो वहां पर पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करे। उन्होने कहा कि पानी तथा बिजली का सदुपयोग उसका दुरूपयोग न करे। नरेश बंसल राज्यसभा सांसद उत्तराखण्ड द्वारा छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा गया की सरकार बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर युवकोध्युवतियों को समाज में अपने कौशल से रोजगार से जुड सकते है। मेहनत का कोई विकल्प नही है। सूर्यपाल गंगवार जिलाधिकारी लखनऊ के द्वारा रोजगार मेले एवं रेमेण्ड टेलरिंग सेन्टर का निरीक्षण किया एवं अभ्यर्थियो से फीडबैक लिया।

## शादी में चले लाठी-डंडे, डांस के दौरान हुआ विवाद

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद में बुधवार की रात एक शादी समारोह में जमकर लात घुसे ईट पत्थर और लाठी डंडे चले। मैरेज हाल के बाहर बारात में डांस करने को लेकर हुए विवाद में कई लोगों को चोटे आई हैं। मुगल पैलेस मैरिज हाल के बाहर बारातियों के डांस करते समय हुए विवाद के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची तो बारातियों से झगड़ा कर रहे हैं लोग मौके से फरार हो गए। दुल्हन की मां ने मारपीट और ईट पत्थर चलाने वाले लोगों पर लूटपाट का आरोप भी लगाया है। सब्जी का कारोबार करने वाले अली हसन अपने परिवार के साथ ठाकुरगंज में रहते हैं। अली हसन की बेटी रुखसार की बुधवार की रात मुगल पैलेस मैरिज हाल में गऊघाट ठाकुरगंज के रहने वाले बुद्धू के पुत्र सोहेल की बारात रात करीब 10-30 बजे डीजे के साथ आई थी। मैरिज हॉल के बाहर बाराती डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। इसी दौरान बारात में घुसे लोगों से बारातियों से कहासुनी शुरू हुई और मारपीट शुरू हो गई। बारात में चले लाठी-डंडे और ईंट पत्थर के बाद कॉलोनी में कोहराम मच गया।

## दो शातिर मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की तालकटोरा पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है जो इलाके में स्कूटी से घूम घूमकर पर्स चेन व मोबाइल की घटनाओं को अंजाम देते थे। इंस्पेक्टर तालकटोरा रिकेश कुमार सिंह की टीम ने वजीर बाग शाही बड़ी मस्जिद के पास सआदतगंज में रहने वाले मो अनीस और न्यू हैदरगंज कैंपवेल रोड ठाकुरगंज के रहने वाले शालू राठौर को गिरफ्तार कर लूट का एक मोबाइल फोन 17 सौ रुपए की नगदी और लूट की वारदातों में इस्तेमाल की जाने वाली स्कूटी बरामद की है। कृष्णा नगर पुलिस ने फुटपाथ पर सोने वालों और बस और टेंपो में सफर करने वाली सवारियों के मोबाइल चुराने वाले शातिर चोर सुभाष नगर कृष्णा नगर के रहने वाले मोहित बाजपेई उर्फ सोहन को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के चार मोबाइल फोन करीब साढ़े 8 सौ रुपए की नकदी बरामद की है।

## दबंगों ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** बिजनौर के गढ़ी मवैया गांव में रहने वाले दबंग परिवार ने एक महिला के खेत में जबरन कब्जे का प्रयास किया। महिला ने जब इसका विरोध जताया तो दबंगों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आयी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। बिजनौर के गढ़ी मवैया गांव में रामा देवी परिवार संग रहती हैं। मंगलवार को वह अपने खेत में काम कर रही थी। गांव में रहने वाला पुत्ती लाल अपनी पत्नी बेटे बबलू व भाई भारतलाल के साथ वहां पहुंच गया। आरोपी उनके खेत में गोबर डालकर जबरन कब्जा करने लगे। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी उनके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और लाठी-डंडे से उनकी जमकर पिटाई कर दी जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गयी। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## चोरों ने दो मकानों से लाखों की नकदी पर किया हाथ साफ

**लखनऊ।** बिजनौर के ललई खेड़ा गांव में बीती रात चोरों ने एक डॉक्टर व उनके रिश्तेदार के घर से लाखों के गहने व नकदी पर हाथ साफकर दिया। घटना के समय पीड़ित परिवार कमरे में सो रहा था। सुबह उठने पर घर का सारा सामान बिखरा मिला। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के अज्ञात चोरों के खिलाफकेस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ललई खेड़ा गांव निवासी डॉक्टर कृष्णपाल सिंह ने बताया कि बीती बुधवार रात वह परिवार संग एक कमरे में सो रहे थे। देर रात छत के रास्ते चोर घर के अंदर दाखिल हुए और कमरे से अलमारी में रखे लाखों के जेवर व दो लाख की नकदी चोरी कर फरार हो गए। उधर घटना के बाद चोरों ने पड़ोस में रहने वाले उनके भतीजे राजीव कुमार के घर को भी खंगाला और जेवर बटोर ले गए। सुबह घर का सारा सामान बिखरा देख उन्हें घटना की भनक लगी। इंस्पेक्टर के मुताबिक केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुंबई के कुर्ला क्षेत्र में मकान गिरने की दुर्घटना में उप्र के निवासियों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शान्ति की कामना की है।

# स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को पूरा करने में योगदान दें युवा

● जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी राष्ट्र की रक्षा कर सकेंगे

**लखनऊ।** शौर्य चक्र से सम्मानित कॉर्पोरल अमर कुमार बाजपेई ने आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित राष्ट्रहित सर्वोपरि कार्यक्रम के 26 वें अंक में समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश को आजादी ऐसे ही नहीं मिल गई थी, इसके लिए क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। हमारी युवा पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेकर उनके सपने को पूरा करने के लिए और अधिक मेहनत और परिश्रम करें। यह कार्यक्रम सरस्वती कुंज, निराला नगर के प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) उच्च तकनीकी (डिजिटल) सूचना संवाद केन्द्र में विद्या भारती, एकल अभियान, इतिहास संकलन समिति अवध, पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं विश्व संवाद केन्द्र अवध के संयुक्त अभियान में चल रहा है। हमारे अंदर दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो बड़े से बड़े कार्य आसानी से कर सकते हैं। युवा पीढ़ी आजादी के



महत्व के बारे में जान सके, इसलिए आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। हमें अपने मनोबल को मजबूत रखना चाहिए। हमारे अंदर जो क्षमता है, उसके अनुरूप ही कार्य करना चाहिए। युवाओं को अपने विवेक का इस्तेमाल कर अपनी काबिलियत का परिचय देना चाहिए। यदि आपको सफलता मिलने में देरी हो रही है तो परेशान न हों, लगातार प्रयास करना चाहिए। केजीएमयू के निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जीपी सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है। हम जब तक स्वस्थ नहीं रहेंगे, अपने देश की रक्षा कैसे कर सकेंगे। स्वस्थ रहने के लिए हमें अपनी दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अध्यक्ष एकल अभियान के केन्द्रीय प्रमुख माधवेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान युग को विद्वानों ने आर्थिक युग के रूप में परिभाषित किया है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपने लाभ की चिंता करता है। वह हर कार्य के बदले में लाभ की बात करता है। विदेशी चीजों को ज्यादा अहमियत देते हैं हमें स्वदेशी चीजों पर ही निर्भर रहना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से हमारा देश सशक्त बनेगा। भारत भूमि सेवा के लिए भी जानी जाती रही है, यहां पर मानव सेवा को श्रेष्ठ माना गया है। अनेकों महापुरुषों और मातृ-शक्तियों ने जन्म लिया। जिन्होंने मानवता की सेवा के लिए अपने सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। यहां के लोगों को विदेश के ही समाज सेवी याद रहते हैं और वह उन्हें ही अपना आदर्श मानते हैं।

# बच्चों को अपनी संस्कृति पर गर्व करना सिखाएं

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन के गांधी सभागार में राजभवन में आवासित अधिकारी एवं कर्मचारियों के बच्चों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रस्तुत देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नाटक 'मेरा भी तो नाम लिख लो' का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागी बच्चों की हौंसला अफ्जाई की और कहा कि बच्चों को इसी तरह संस्कारित करना और उनकी सामाजिक अभिरुचियों को विकसित करना हम सबका उत्तरदायित्व है। बच्चों को प्रारंभ से ही अपने देश, अपनी संस्कृति पर गर्व करना सिखाना चाहिए। उन्हें दृढ़ता से बताना चाहिए कि जिस स्वतंत्र देश में वे आज पैदा हुए हैं, उस स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए हमारे अनगिनत देशभक्तों ने बलिदान दिया, संघर्ष किया, असहनीय यातनाओं को भी सहन किया, तब जाकर हम आज स्वतंत्र भारत में गर्व के साथ खड़े हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल ने बच्चों की अच्छी शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य के प्रति सामाजिक दायित्वों के महत्व को भी बताया। उन्होंने इस दिशा में



राजभवन से प्रदेश स्तर पर तथा राजभवन में चलाए गए अभियान और कार्यों की जानकारी दी और उनकी आवश्यकता के बारे में भी बताया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे इसी तरह कला, संस्कृति और खेल की गतिविधियों से जुड़ें और इनका सम्पूर्ण मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास हो। इनमें सामाजिक संवेदनाओं की समझ विकसित हो, ये ही मेरी कामना है। ज्ञात हो कि देश में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतेन्दु नाट्य अकादमी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में नाट्य प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसी क्रम में बाल रंगमंच प्रमुख प्रिवेन्द्र कुमार सिंह, नाट्य निर्देशिका रोजी मिश्रा, सह निर्देशिका मनीषा मेहरा के निर्देशन में गत् 25 दिनों से राजभवन में आवासित बच्चों को नाटक का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। बच्चों द्वारा आज सभागार में नाटक की भाव प्रबल प्रस्तुति दी गईं। जिसे दर्शकों ने कई बार तालियों से सराहा। कार्यक्रम में राज्यपाल ने भारतेन्दु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष रवि शंकर खरे तथा उनकी टीम को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।




# आतंकी गतिविधियों में महिला समेत पांच मुल्जिमों को सजा

● वर्ष 2014 में बिजनौर में हुए बम ब्लास्ट का मामला

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एनआईए, एटीएस के विशेष जज मोहम्मद गजाली ने वर्ष 2014 में बिजनौर में हुए बम ब्लास्ट के एक मामले में मुल्जिम अब्दुल्लाह, रईस अहमद, नदीम, फुरकान व मुल्जिमा हुस्ना उर्फ हुसैना को सात साल 10 माह की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इन सभी पर अलग अलग पांच हजार 700 का जुर्माना भी ठोंका है। वर्ष 2014 से यह सभी न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। विचारण के दौरान मुल्जिमों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया था। 12 सितंबर 2014 को इस मामले की एफआईआर सराफा बाजार चौकी इंचार्ज प्रमोद सिंह पवार ने दर्ज कराई थी। उस रोज बिजनौर में एक महिला के मकान में आईईडी विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट में मुल्जिमों का एक साथी आफताब उर्फ मलिक घायल भी हुआ था। विवेचना के दौरान इस घटना में प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिमी के छह सदस्यों का नाम भी सामने आया था। लिहाजा 24 अप्रैल 2015 को इस मामले की विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक कौशल किशोर शर्मा व एमके सिंह के मुताबिक सिमी के यह सभी सदस्य मध्य प्रदेश की खंडवा जेल तोड़कर फरार हुए थे। बाद में एक पुलिस मुठभेड़ में यह सभी मुल्जिम मो असलम, शेख महमूद, अमजद, जाकिर, शेख मोहम्मद व मो सालिग मारे गए थे। इन सभी को दोषी करार दिए गए मुल्जिमों ने अपने घर में शरण दी थी। एनआईए ने मुल्जिमों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 121 व 122 के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# एनसीसी शिविर में नौसेना कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** मेजर जनरल संजय पुरी एसएम वीएसएम एडीजी एनसीसी निदेशालय यूपी ने ला-मार्टिनियर कॉलेज लखनऊ में नौसेना एनसीसी कैडेटों के लिए चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की समीक्षा की। ब्रिगेडियर रवि कपूर ग्रुप कमांडर और कैप्टन भारतीय नौसेना नवेंदु सक्सेना, कैंप कमांडेंट और 3 यूपी नेवल यूनिट लखनऊ के सीओ ने उनका स्वागत किया। एडीजी के आगमन परए नौसेना के एनसीसी कैडेटों द्वारा शानदार बैंड प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। एडीजी ने कैंप परिसर का निरीक्षण किया और कैडेटों के लिए प्रशिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की जिसमें गोमती पर नाव खींचना, तैराकी प्रशिक्षण, हथियार संचालन अभ्यास, फायरिंग, शिप मॉडलिंग और परेड प्रशिक्षण शामिल थे। स्पेंस हॉल में एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रदर्शन का आयोजन किया गया। 13 स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 320




कैडेटों ने 10 दिवसीय शिविर में भाग लिया जिससे उन्हें समुद्र में नौसेना कर्मियों के चुनौतीपूर्ण जीवन के बारे में जानकारी मिली और अपने पेशेवर कौशल को सुधारने का अवसर मिला। यह स्मरणीय है कि नौसेना इकाई ने पिछले साल अक्टूबर में 7 जिलों और 50 गांवों में 300 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए गंगा पर एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण नौकायन सह नाव खींचने का अभियान चलाया था। तब से एनसीसी प्रशिक्षण पूरी तरह से शुरू हो गया है जिसमें सभी वाटरमैनशिप गतिविधियों, कक्षा गतिविधियों, हथियार अभ्यास और परेड प्रशिक्षण शामिल हैं। अग्निपथ योजना की शुरूआत ने प्रशिक्षण गतिविधियों को और गति दी है और इस योजना के प्रति एनसीसी कैडेटों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

## सीएमएस में भव्य स्वागत समारोह आयोजित

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिक्षक-छात्र स्वागत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सीएमएस शिक्षकों के साथ ही विद्यालय के पूर्व व वर्तमान मेधावी छात्रों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। संयुक्ता भाटिया मेयर लखनऊ ने इस वर्ष आईएएस में चयनित सीएमएस 7 मेधावी छात्रों यशार्थ शेखर, कृतिका शुक्ला, तरूण कुमार शुक्ला, अनुजा त्रिवेदी, तुषार आनंद, आयुष कुमार शिहारे एवं स्पर्श वर्मा की माताजी को फलों व फूलों से तौलकर सम्मानित किया। इसके अलावा, विदेशों की टॉप यूनिवर्सिटी में उच्चशिक्षा के लिए स्कॉलरशिप के साथ चयनित छात्रों, क्लैट, किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना, कैट, एनडीए आदि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराने वाले सीएमएस के मेधावी छात्रों को खास तौर पर सम्मानित किया गया।



श्री काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव जी की स्वर्ण-रजत प्रतिमा की भव्य 69वाँ शोभायात्रा में समस्त काशीवासियों का स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ।

प्रतिष्ठान-नंद गोपाल अलंकारमंदिर
पंचक्रोशी रोड, वाराणसी
अधिष्ठाता - मोहित सेठ एवं सपरिवार

गोपाल जी सेठ
संरक्षक -
पंचक्रोशी स्वर्णकार संघ
अध्यक्ष : सुबहे बनारस
चाय क्लब वाराणसी
मो0 : 9336913391



# एशियाई विकास बैंक के कंट्री डायरेक्टर ने एके शर्मा से की मुलाकात

## प्रदेश में विद्युत व्यवस्था एवं नगरीय विकास के क्षेत्र में सहयोग एवं नवीन तकनीक पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा से आज उनके कार्यालय कक्ष में भारत के लिए एशियाई विकास बैंक के कंट्री डायरेक्टर मि केनिची योकोयामा ने अपने प्रतिनिधियों, तकेयो कोनिशी एवं विवेक विशाल के साथ मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने एडीबी के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में ऊर्जा एवं नगरीय विकास के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के प्रयोग तथा नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के सम्भावित क्षेत्रों के विकास पर चर्चा की। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एशियन विकास बैंक की सहायता से बहुत से विकास के कार्य किए जा सकते हैं, जिसमें विशेष रूप से ऊर्जा एवं नगर विकास के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

ऊर्जा के क्षेत्र में एडीबी की सहायता से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जर्जर तारों को बदलकर उनके स्थान पर एबीसी केबल लगाने और बिजली की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए भी सहयोग लिया जा रहा है और आगे भी इन क्षेत्रों में सहयोग मिले, इस पर भी चर्चा हुई। साथ ही ट्रांसफार्मर्स एवं फीडरों की ओवरलोडिंग की समस्या से छुटकारा पाने के लिए एडीबी की सहायता से इस पर अध्ययन करने तथा कमियों को दूर करने पर भी चर्चा हुई। प्रदेश में बिजली के पारेषण एवं वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एडीबी की तकनीकी सहायता लेने तथा प्रदेश में थर्मल, हाइड्रो एवं नवीनीकृत ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी एडीबी की तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन मिले, इस पर चर्चा हुई। नगर विकास मंत्री ने एडीबी के शिष्टमण्डल के साथ प्रदेश में नगरीय विकास के लिए नगरीय क्षेत्रों की उचित प्लानिंग के साथ नगर के मुख्य क्षेत्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बढ़ाने तथा लोगों को सुगम यातायात मिले, इसके लिए सक्षम यातायात विकसित करने के साथ इन क्षेत्रों में जल संसाधनों को विकसित करने पर भी चर्चा हुई। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों की साफ-सफाई से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों कूड़ा कचरे के व्यवस्थापन के लिए, एडीबी की सहायता मिले, जिससे कि सॉलिड एवं लिक्विड कूड़े के निस्तारण के साथ ही संसाधनों को विकसित करने पर भी बात हुई।

# ओटीएस योजना 15 जुलाई तक बढ़ाई गई

## योजना से 26.84 लाख उपभोक्ताओं को मिला लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश सरकार ने बकायेदार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए लागू की ओटीएस योजना को और 15 दिन के बढ़ा दिया है और अब यह योजना 15 जुलाई तक लागू रहेगी। यह योजना 30 जून, 2022 तक उपभोक्ताओं के लिए लागू थी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 29 जून तक ओटीएस योजना का 26.84 लाख उपभोक्ताओं ने लाभ लेकर अपने बकाये बिल से मुक्ति पायी है। योजना के तहत ऊर्जा विभाग को कल तक 1948 करोड़ रुपये के बकाये राजस्व की प्राप्ति हुई और इस योजना से उपभोक्ताओं को अपने बकाये बिलों के भुगतान से ब्याज में अब तक 554 करोड़ रुपये की राहत मिली है। योजनान्तर्गत 1 लाख रुपये तक के बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए अधिकतम 06 किश्तों में भुगतान की व्यवस्था थी। 1 लाख रुपये से ऊपर के बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए अधिकतम 12 किश्तों में भुगतान की सुविधा प्रदान की गयी।

# हल्की बारिश में ही चरमराई बिजली व्यवस्था

## चौदह घण्टे तक रहा बिजली संकट

संवाददाता। मोहनलालगंज

**हल्की** बारिश में ही गुरुवार को मोहनलालगंज की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन होने से सुबह 4 बजे गुल हुई मोहनलालगंज इलाके की बिजली देरशाम तक भी पटरी पर नहीं आ सकी। जिसे लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश है। मोहनलालगंज ओल्ड और न्यू सबस्टेशन पीजीआई ट्रांसमिशन सबस्टेशन से आई 33 केवी लाइन से पोषित हैं। गुरुवार की सुबह तड़के हल्की बारिश शुरु होने के बाद ही 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन हो गई। जिससे मोहनलालगंज नगर पंचायत समेत सैकड़ों गांव की बिजली गुल हो गई। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गए। हालांकि जेई राजेश कुमार की टीम ने जानकारी मिलते ही बारिश में भीगते हुए पेट्रोलिंग शुरु कर दी लेकिन फाल्ट तलाशने में ही दोपहर हो गई। संस्कृति इन्क्लेव के पास लाइन पर बल्ली गिरने से आग लग गई। फायर ब्रिगेड बुलाकर आग बुझाई गई तब जाकर फाल्ट दुरुस्त हो सकी। करीब 10 घण्टे बाद दोपहर दब बजे 33 केवी लाइन से सप्लाई शुरु हो सकी लेकिन 11 केवी लाइनें दुरुस्त करने में विद्युतकर्मियों को शाम हो गई लिहाजा सारे गांव की बिजली अंधेरा होने तक भी चालू नहीं हो सकी। उधर मोहनलालगंज नगर पंचायत में शामिल सभी गांव की बिजली भी दोपहर 3 बजे के बाद नार्मल हो सकी। वहीं समेसी और निगोहां सबस्टेशन की 33 केवी लाइन भी ब्रेक डाउन रही जिसे दोपहर में नार्मल किया जा सका। इस दौरान ग्रामीण उपभोक्ता बिजली संकट झेलने को मजबूर रहे।

# सात दिनों में 19430 स्थानों पर छापे, 81885 लीटर अवैध शराब बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अवैध** शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बीते सात दिनों में प्रदेश में 19430 छापे मारे गए, जिसमें 2695 मुकदमे दर्ज किए गए तथा 81885 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। शराब बनाने के लिए किए गए 183126 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट करते हुए अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 792 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 287 अभियुक्तों को जेल भेजा गया तथा 28 वाहन जब्त किए गए। शासन के निर्देश पर प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बीती 21 जून से 5 जुलाई तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों के विरुद्ध निरन्तर सघन छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय व राज्य के राजमार्गों पर रोड चेकिंग एवं संदिग्ध ढाबों की जांच लगातार जारी है। टीमों द्वारा आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन ने बताया कि एनसीआर में दिल्ली राज्य से सस्ती और अवैध शराब लाकर राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले हर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की निगरानी आबकारी विभाग लगातार कर रहा है तथा उन पर पैनी नजर रखी जा रही है। नोएडा तथा गाजियाबाद के क्षेत्रों में दिल्ली राज्य से लगने वाले सीमा पर अस्थाई रूप से 7 चेकिंग प्वाइंट बनाये गए हैं, जहां आबकारी टीमें निरन्तर रात दिन चेकिंग का कार्य कर रहीं हैं। इसके अतिरिक्त पेरीफेरल मार्ग पर भी आबकारी की टीमें लगी हुई हैं तथा चेकप्वाइंट पर कई प्रभारों-मुरादाबाद, बरेली, आगरा तथा मेरठ की प्रवर्तन इकाईयों को अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगाया गया है।

# मातृभूमि योजना के तहत मूल निवासी उठाएं लाभ: अनुज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंचायती** राज विभाग ने उप्र में मातृभूमि योजना के तहत उप्र के मूल निवासियों को इस योजना से जुड़कर विकास में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत उप्र के मूल निवासी ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति प्रदान कर सकेंगे। साथ ही उन्हें नवीन तकनीकी विचारों के समावेश व निजी निवेश तथा सुपरविजन से विकास कार्य की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी के साथ उनको तीव्र गति से लागू करने में सहयोग भी देना है।

पंचायती राज निदेशक अनुज कुमार झा ने बताया कि उप्र के मूल निवासियों को मातृभूमि के विकास के लिए ग्राम पंचायत में विकास कार्य, अवस्थापना सुविधा का विकास व पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत अनुमन्य ग्राम पंचायतों में, यदि कार्य करने के इच्छुक हों तो, उस कार्य की लागत का 60 प्रतिशत की धनराशि का सहयोग उस व्यक्ति, निजी संस्था द्वारा एवं 40 प्रतिशत की धनराशि राज्य सरकार द्वारा दिये जाने का प्राविधान है।

इच्छुक व्यक्ति मातृभूमि योजना में ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराये जाने व सहयोग के लिए आनलाइन ट्रांजक्शन की सुविधा मातृभूमि की वेबसाइट पर की गयी है। उन्होंने बताया कि विकास कार्य कराये जाने के लिए, सहयोग के इच्छुक व्यक्ति को सर्वप्रथम मातृभूमि की वेबसाइट पर पंजीकृत कराना होगा। इसके पश्चात भारतीय को पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर सहयोग किये जाने के लिए प्राप्त हुए यूजर आईडी/पासवर्ड भेजे जायेंगे।

# सरोजनी नगर के विधायक ने बनायी जलभराव से बचाव की रणनीति

**लखनऊ।** सरोजनी नगर क्षेत्र को जल भराव से बचाने की रणनीति आज विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में बनायी गयी। जिसमें जोन 8 के 12 तथा जोन 5 के 2 वार्डो के साथ नगर निगम विस्तारित क्षेत्र में जलभराव वाले क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी पार्षदों से प्राप्त की गयी और 22 पम्प सेट की व्यवस्था सहित सभी जरुरी प्रबंध कराए जाने की मांग नगर आयुक्त से की गयी। राजेश्वर सिंह ने आज के-950 आशियाना स्थित अपने आवास पर बैठक बुलायी। बैठक में विचार विमर्श के उपरांत विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर विधानसभा को जलभराव से मुक्त रखने के संबंध में नगर आयुक्त से वार्ता की। नगर आयुक्त ने बताया कि कंट्रोल रूम (2437) की स्थापना की गई है, जहां 24 घंटे शिकायत सुनी जाएगी। नाली और नालों की सफाई का कार्य अंतिम दौर में है। पंपिंग स्टेशन भी सक्रिय हैं। विधायक ने नगर आयुक्त से बात कर उन्हें समस्याओं की जानकारी भी दी। उन्होंने 20 पम्पिंग सेट के लगाए जाने के साथ अतिरिक्त 2 ट्राली आधारित पम्पिंग सेट की आवश्यकता बतायी है। विधायक द्वारा जल संस्थान एवं नगर निगम के पम्प हाउसों में जेनरेटर के प्रबंध सहित जलभराव के लिए सभी प्रबंध 24 घंटे सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की है। पम्पिंग सेटों सहित सभी उपकरणों के सुचारू संचालन के लिए डीजल तथा कर्मचारियों की व्यवस्था की अपेक्षा विधायक ने की है।

# लिली बनी डीजी हेल्थ, रेनु डीजी परिवार कल्याण

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ वेदव्रत सिंह के सेवानिवृत्त होने पर शासन स्तर पर परिवार कल्याण महानिदेशक के पद पर तैनात डॉ लिली सिंह को प्रदेश का नया स्वास्थ्य महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं स्वास्थ्य महानिदेशालय में निदेशक चिकित्सा उपचार के पद पर तैनात डॉ रेनू श्रीवास्तव वर्मा को परिवार कल्याण महानिदेशक के पद पर तैनात किया गया है।

## योगी ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को महान चिकित्सक, प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी एवं राजनेता डॉ बी सी रॉय की जयन्ती एवं पुण्य तिथि पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनायी जाती है। यह दिवस चिकित्सकों द्वारा की जा रही समाज सेवा के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों के योगदान से सभी अवगत हैं। कोरोना काल खण्ड में डॉक्टरों के योगदान के लिए हम सभी उनके आभारी हैं। हमारे चिकित्सकों ने फ्रण्टलाइन कोरोना वॉरियर्स के रूप में मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए चिकित्सकों ने एक-एक मरीज की जीवन रक्षा के लिए निरन्तर कार्य किया।

## पांच एयरपोर्ट के संचालन को लेकर एमओयू आज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 1 जुलाई को अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, म्योरपुर (सोनभद्र) तथा श्रावस्ती एयरपोर्ट्स के संचालन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में प्रदेश सरकार तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य एमओयू का निष्पादन किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।

## नाबालिग युवती से दुष्कर्म में 20 साल की कैद

**लखनऊ (विसं)।** पॉक्सो के विशेष जज अरविंद मिश्र ने एक नाबालिग युवती का अपहरण व उसके साथ दुराचार करने के मामले में मुल्जिम मो. जैद खान उर्फ समीर व विनय मिश्रा उर्फविन्नी को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इन दोनों पर अलग अलग 80 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। विशेष अदालत ने इस मामले में विनय की पत्नी सोनिका बाधवा को भी अपराध के दुष्प्रेरण का दोषी करार दिया है। इसे 20 साल की सजा व 50 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व सुखेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 31 अगस्त 2013 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना चौक में दर्ज कराई थी।

## थानाध्यक्ष मड़ियांव तलब

**लखनऊ (विसं)।** एडीजे लोकश वरुण ने जानलेवा हमले के एक मामले में आदेश के बावजूद थानाध्यक्ष मड़ियांव के पेश नहीं होने सख्त रुख अख्तियार है। उन्होंने अब अंतिम रुप से आदेशित करते हुए थानाध्यक्ष को चार जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है। कहा है कि आपने अदालत की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास किया है। लिहाजा नियत तारीख पर अदालत में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर इस मसले पर अपना स्पष्टीकण दें। ऐसा नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध विधिक प्राविधान के तहत वाद दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। बीते 16 जून को अदालत ने इस मामले में गवाह को जारी समन का तामीला नहीं कराने पर थानाध्यक्ष को स्पष्टीकरण के लिए व्यक्तिगत रुप से तलब किया था। गुरुवार को वह अदालत में उपस्थित नहीं हुए।

## बीबीएयू के सात सहायक शिक्षकों को मिली सीड मनी

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विवि द्वारा विवि के 7 सहायक शिक्षकों को सीड मनी प्रदान की गई है। यह धनराशि शिक्षकों को उनके बेहतर शोधकार्यों के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवि द्वारा प्रदान की जाती है। दिसंबर 2019 के बाद से जिन भी शिक्षकों ने बीबीएयू में बतौर सहायक शिक्षक, नियुक्ति प्राप्त की है। उन शिक्षकों को ही यह धनराशि प्रदान की गई है। इसके लिए शिक्षकों द्वारा अपने शोध कार्य से जुड़ा एक प्रेजेंटेशन, रिसर्च प्रोजेक्ट डेवलपमेन्ट कमेटी के सामने प्रस्तुत करना था। प्रेजेंटेशन के आधार पर 7 सहायक शिक्षकों को सीड मनी के लिए चयनित किया गया है। जिन शिक्षकों को इसके लिए चयनित किया गया है उनमें डॉ अर्पित शैलेश, डॉ सोमिपन आर सिमर, डॉ अजय कुशवाहा, डॉ सुरेन्द्र सिंह जाटव, डॉ अजय कुमार, डॉ विजय कुमार, डॉ गोपाल दत्त, डॉ शिखा तिवारी, डॉ अमित कुमार सिंह शामिल हैं।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार आज नगर पंचायत कार्यालय में नागरिकों एवं कर्मचारियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की नगर पंचायत अध्यक्ष एन इशरत बेग ने शपथ दिलायी। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बेग ने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। इससे कैंसर जैसी बीमारियां जन्म लेती है और यह वातावरण को भी प्रदूषित करती है। हम सब मिलकर इसका उपयोग बन्द करके स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण निर्मित कर सकते है।

# एम्बुलेंस सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा संचालित 102 एवं 108 सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए सेवा प्रदाता संस्था द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रदेश भर से आए इमरजेंसी मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव (ईएमई) एवं प्रोग्राम मैनेजर्स को बेहतर मैनेजमेंट, रिस्पांस टाइम कम करने व मरीजों को गुणवत्ता युक्त सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए डॉ जीवी रमना राव, डॉ शिवा, डॉ अनुषा, मुफीदुर्रहमान, डा दाउद हुसामी की टीम ने प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण के दौरान सेवा प्रदाता संस्था जीवीके ईएमआरआई के डायरेक्टर के कृष्णम राजू ने कहा कि हमारा मकसद उत्तर प्रदेश की आम जनता को गुणवत्तापरक एम्बुलेंस सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना है। हम गरीब व जरूरतमंद लोगों की जान बचाने के



लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने गोल्डन आवर में मरीजों को रिस्पांस टाइम के अंदर सेवा उपलब्ध कराने व क्वालिटी सर्विस देने पर जोर दिया।उन्होंने बताया कि इमरजेंसी केस में मरीज के लिए एक. एक मिनट महत्वपूर्ण है। इसलिए इमरजेंसी की स्थिति में एम्बुलेंस का टाइम पर पहुंचना जरूरी है। इसके साथ ही मौके पर मरीज को फर्स्ट एड देना तथा एम्बुलेंस में कॉल सेंटर में मौजूद डॉक्टर की मदद से उचित देखभाल करते हुए अस्पताल पहुंचाना है।

# एलयू के भू-वैज्ञानिक प्रो ध्रुवसेन सिंह को मिला राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार



**लखनऊ।** लविवि के भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रो ध्रुवसेन सिंह को भारत सरकार द्वारा भूविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2019 द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भूविज्ञान के क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार है। बता दें कि खान मंत्रालय, भारत सरकार भूविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रतेक वर्ष प्रदान करता है। प्रो सिंह द्वारा भारत में हिमालय और गंगा के मैदान में और आर्कटिक में भी हिमनदों, नदी और झीलों का क्रमवार अध्ययन करके पुरा जलवायु और पर्यावरण का विश्लेषण किया गया है। प्रो सिंह भारत के प्रथम एवं द्वितीय आर्कटिक उत्तरी ध्रुव क्षेत्र अभियान दल 2007, 2008 के सदस्य रह चुके है तथा विज्ञान रत्न, शिक्षक श्री, सरस्वती सम्मान से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित हैं।

# सिग्नल खराब,पार्किंग है नहीं कैसे सुधरे ट्रैफिक व्यवस्था

संवाददाता। मोहनलालगंज

**ट्रैफिक** पुलिस की तीसरी आंख को साल भर से रोशनी का इंतजार है। ट्रैफिक सिग्नल की लाइटें भी खराब पड़ीं हैं। लिहाजा मोहनलालगंज कस्बे में वाहन चालकों की मनमानी से लोगों को सारा दिन जाम का झाम झेलना पड़ता है। हाईवे पर ट्रैफिक सिस्टम दुरुस्त करने के लिए टीएसआई की टीम भी तैनात की गई है। फिर भी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने अब तक ट्रैफिक सिग्नल और कैमरे दुरुस्त कराने की जरुरत नहीं समझी है। मोहनलालगंज कस्बे में तकरीबन साल भर पहले ट्रैफिक पुलिस की ओर से ट्रैफिक सिस्टम को चाक-चौबन्द बनाए रखने के लिए सिग्नल लाइटें और कैमरे लगवाए गए थे। लेकिन साल भर बाद भी ट्रैफिक पुलिस की तीसरी आंख को रोशनी नहीं मिल सकी है। जबकि ट्रैफिक सिग्नल लाइटें खराब पड़ी होने से तमाम वाहन चालक आवागमन में मनमानी करते हैं। जिससे कस्बे में दिन भर लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। वहीं पुलिसकर्मियों के लिए भी सारा दिन जाम की समस्या चुनौती बनी रहती है।

## पार्किंग की समस्या सिकुड़ रहा हाईवे

**मोहनलालगंज** कस्बे में पार्किंग की गंभीर समस्या है। नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद भी यहां पार्किंग का इंतजाम नहीं हो सका है। लिहाजा तहसील कोतवाली और बाजार आने वाले लोगों को मजबूरी में रायबरेली हाईवे पर ही अपनी गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती है। जिससे हाईवे की चौड़ाई सिकुड़ कर कम हो जाती है। इस वजह से भी अक्सर जाम की समस्या जन्म लेती है। नगर पंचायत बनने के बावजूद भी मोहनलालगंज में खुझौली सिसेण्डी निगोहां और तेलीबाग रुट के लिए टेम्पो स्टैण्ड नहीं बन सके हैं। नगर पंचायत को अब तक टेम्पो स्टैण्ड के लिए उपयुक्त भूमि नहीं मिल सकी है। जिससे न केवल नगर पंचायत की आमदनी प्रभावित हो रही है। बल्कि टेम्पो चालकों को हाईवे पर ही सवारियां भरनी और उतारनी पड़ती हैं। जिसकी वजह से भी कस्बे में जाम की समस्या पैदा होती है।

नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया वाहन पार्किंग और टेम्पो स्टैण्ड के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश कराई जा रही है। जैसे ही राजस्व विभाग की मदद से भूमि उपलब्ध हो जाएगी। फौरन वाहन पार्किंग और टेम्पो स्टैण्ड का निर्माण कराया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### नड्डा के निर्देश पर...

शाह ने अपने ट्वीट में कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश के बाद, देवेंद्र फडणवीस ने जनता के हित में सरकार में शामिल होने का फैसला करके बड़ा दिल दिखाया है। यह निर्णय राज्य के प्रति उनके सच्चे समर्पण को दर्शाता है। मैं उन्हें इस फैसले के लिए बधाई देता हूं। इससे पहले फडणवीस ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा था कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री होंगे और मैं सरकार में कोई पद नहीं लूंगा। मैं इस सरकार को पूरे समर्थन के साथ सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित करूंगा।

### हर परिवार के एक...

मुख्यमंत्री ने एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत 5 आगरा, अम्बेडकरनगर, सीतापुर, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर में स्थापित कॉमन फैसिलिटी सेण्टर का उद्घाटन किया। उन्होंने कॉमन फैसिलिटी सेण्टर पर उपस्थित लाभार्थियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी जनपदों में कॉमन फैसिलिटी सेण्टर की स्थापना की कार्यवाही को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद योजना में आजमगढ़ के विशिष्ट उत्पाद के रूप में ब्लैक पॉटरी चिन्हित है। प्रधानमंत्री ने जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों को आजमगढ़ जनपद की ब्लैक पॉटरी उपहार स्वरूप प्रदान किया है। इससे इस जनपद की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान में सकारात्मक बदलाव आया है। सिद्धार्थनगर के एक जनपद एक उत्पाद काला नमक चावल के उत्पादकों को इसकी खेती को गो-आधारित प्राकृतिक खेती से जोड़ने पर विचार करना चाहिए। काला नमक चावल की एक किलोग्राम, दो किलोग्राम, पांच किलोग्राम जैसी छोटी पैकेजिंग इस उत्पाद की मांग को देश-विदेश में बढ़ाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री के समक्ष कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल एवं अमेज़ॉन के वीपी पॉलिसी चेतन कृष्ण स्वामी के मध्य एक एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि कानपुर में अमेज़ॉन के डिजिटल केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है। इस केन्द्र के माध्यम से हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों को देश-विदेश में अपने उत्पादों की मार्केटिंग में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृहद ऋण मेले का कार्यक्रम एमएसएमई विभाग की 100 दिन की कार्ययोजना का हिस्सा है। यह प्रयास किया जाना चाहिए कि 6 माह की कार्ययोजना के तहत पुनः इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। एमएसएमई उद्यमियों को ऋण की उपलब्धता से आर्थिक गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ेंगी। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही बैंकों का सीडी रेशियो भी बढ़ेगा। उन्होंने ऋण प्राप्त करने वाले हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों से डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे देश व प्रदेश में डिजिटल बैंकिंग को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में एमएसएमई का क्षेत्र मृतप्राय था। इस क्षेत्र के हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों में हताशा थी। बेरोजगारी दर लगभग 18 प्रतिशत थी। उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य होने के साथ ही सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला राज्य भी है। युवाओं की अपनी आकांक्षाएं थीं, किन्तु प्रदेश में कृषि के अलावा रोजगार का कोई साधन नहीं था। केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बावजूद तत्कालीन राज्य सरकार ने कोई रुचि नहीं ली। कमी पैसे या केन्द्र सरकार के सहयोग की नही, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कृषि के साथ-साथ परम्परागत उद्यम को बढ़ावा दिया। 24 जनवरी 2018 को एक जनपद एक उत्पाद योजना लागू की गयी। वर्तमान में यह योजना प्रदेश को एक्सपोर्ट का हब बनाकर नई पहचान दिला रही है। वर्ष 2016 में प्रदेश से लगभग 80 हजार करोड़ रुपये का निर्यात होता था,जो अब बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब एक उदाहरण बनकर सामने आ रहा है। राज्य में सीडी रेशियो 46 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है। केन्द्र सरकार व बैंकों के सहयोग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के आगे बढ़ाने से प्रदेश के युवाओं ने स्वरोजगार के माध्यम से दूसरों को भी रोजगार के अवसर सुलभ कराए हैं। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप आज का प्रदेश का युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला युवा बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शासन की योजनाओं से अच्छी तरह से परिचित हों इसके लिए शिक्षण संस्थाओं को लोक कल्याण तथा स्वावलम्बन की योजनाओं से जुड़ना चाहिए। बैंक भी अपने नोडल अधिकारियों के माध्यम से शासन की योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे तो बैंकों का व्यवसाय बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बाजार में पैसा जितना तेजी से सर्कुलेट होगा उतनी ही तेजी से समृद्धि भी आएगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार से राज्य के प्रति पब्लिक पर्सेप्शन में बदलाव आया है। बीमारू राज्य माना जाने वाला उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में प्रतिवर्ष 1.56 लाख करोड़ रुपये का निर्यात करने वाला प्रदेश बन गया है। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल ने कहा कि आज का यह ऋण वितरण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग की 100 दिन की कार्ययोजना का हिस्सा है।

### मुफ्त राशन योजना...

सरकार ने यह कदम कोरोना के चलते लोगों की आर्थिकतंगी को देखते हुए लिया था। उसके बाद से योजना का समय बढ़ाया जाता रहा है। राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे मुफ़्त राशन की समय सीमा जून माह से ख़त्म हो रही है। जिसे देखते हुए योजना का समय बढ़ाने पर विचार चल रहा है। मुफ़्त राशन बाटने के लिए राज्य सरकार को केंद्र से अतिरिक्त राशन आपूर्ति की ज़रूरत होगी। मुफ़्त राशन वितरण को लेकर चल रही खबरों का अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने खंडन किया है। उनका कहना है कि मुफ़्त राशन वितरण योजना का समय बढ़ाए जाने के बारे में अभी सरकार की तरफ़ से कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### खून की तस्करी करने...

एसटीएफ की टीम ने औषधि विभाग के अधिकारियों के साथ कार में आए व्यक्तियों के क्रिया-कलापों की निगरानी की तो मिड लाइफ ब्लड बैंक से आकर 2 व्यक्ति कार से 2 बाक्स निकालकर कार से आए दोनों व्यक्तियों के साथ ब्लड बैंक के अन्दर चले गए। इस पर टीम के सभी सदस्यों द्वारा आवश्यक घेराबन्दी कर ब्लड बैंक में छापा मारकर चारों व्यक्तियों को अभिरक्षा में लिया गया। एसटीएफ के अनुसार ब्लड बैंक के अन्दर लाए गये दोनों गत्तों में ब्लड बैग भरे हुए थे। जिसमें मित्रा कम्पनी का स्टिकर लगा है परन्तु डोनर का नाम, कलेक्शन करने वाले का नाम, एक्सपाइरी डेट आदि अंकित नहीं है। गत्तों में भरे हुए ब्लड बैगों के लिए आवश्यक तापमान की भी व्यवस्था नही थी। औषधि विभाग के अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म निरीक्षण कर बताया गया कि ब्लड बैग गत्तों में बेतरतीब ढंग से ठूसे हुए हैं, जिनमें कोल्ड चेन भी मेन्टेन नही है और न ही ब्लड बैग के उपर किसी ब्लड बैंक का लेबल लगा है। जिससे स्पष्ट है कि यह अवैध रूप से तस्करी कर लाया गया अवैध ब्लड है। पकड़े गए चारों व्यक्तियों के बारे में एसटीएफ ने बताया कि असद निवासी दरगाह चैपटिया, तोप दरवाजा, थाना कोतवाली चौक और नौशाद अहमद निवासी पकरी टोला, थाना रामकोला कुशीनगर तस्कर है। रोहित निवासी ग्राम पट्टी हमीद, थाना फ तेहपुर चैरासी, उन्नाव मिडलाइफ का कर्मचारी, करन मिश्र निवासी रूकमणीपुरम फैजुल्लागंज मड़ियांव मिड लाइफ ब्लड बैंक एवं अस्पताल का टैक्नीशियन है। एसटीएफ ने मिड लाइफ ब्लड बैंक एवं अस्पताल के मालिक मोहम्मद अम्मार निवासी मकान नंबर 266/737 भदेवा, कोतवाली बाजारखाला, लखनऊ को भी गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अनुसार पूछे जाने पर अभियुक्तों ने कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर राजस्थान से ब्लड लाये जाने की बात बतायी। पकड़े गए नौशाद और असद की निशादेही पर उनकी डिजायर कार से एक कार्टून का गत्ता बरामद हुआ जिसके बारे में पूछने पर बताया कि इस मानव ब्लड बैंक में सप्लाई करना है तथा आज ही कुछ देर पहले नारायणी ब्लड बैंक में 2 कार्टून ब्लड बैग देकर आए हैं। नौशाद आदि की निशादेही पर नारायणी ब्लड बैंक कृष्णानगर लखनऊ में छापेमारी कर बताए गए उक्त ब्लड बैग से भरे हुए दोनों कार्टूनों की बरामदगी कर ब्लड बैंक के मालिक अजीत दूबे व मौजूद टेक्निशियन संदीप कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त नौशाद द्वारा बताया गया कि राम चन्द्रा इस्टिट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंस प्रयागराज से डीएमएलटी की डिग्री प्राप्त कर वर्ष-2018 में अम्बिका ब्लड बैंक जोधपुर में लैब टेक्नीशियन के पर पर कुछ माह काम किया था इसी दौरान राजस्थान के विभिन्न ब्लड बैंको के चिकित्सक, टेक्नीनीशियन आदि के सम्पर्क में आया तो पता चला कि चैरेटेबिल ट्रस्टों द्वारा संचालित ब्लड बैंको द्वारा समय समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाकर ब्लड बैग एकत्र किये जाते है।

# बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया विरोध-प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**राजस्थान के** उदयपुर में हुए हत्याकांड को लेकर वाराणसी में भी उबाल है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। वहीं पांडेयपुर चौराहे पर शिवसैनिकों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला जलाया।

इधर, लमही के सुभाष मंदिर में मुस्लिम महिला फाउंडेशन, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, विशाल भारत संस्थान और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के शीर्ष नेताओं ने धरना दिया। हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे सामाजिक संगठनों के नेताओं ने एक स्वर में उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या के आरोपियों, उनके ज्ञात-अज्ञात समर्थकों और सहानभूति रखने वालों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की।तख्ती पर लिखा था- कन्हैया लाल हम तुम्हारी हत्या भूल नही पाएंगे, आतंकवादियों तुम्हारी कब्र खुदेगी हिन्दुस्तान की धरती पर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पूर्वांचल संयोजक मो अजहरुद्दीन ने कहा कि उदयपुर की घटना ने सभ्य समाज को झकझोर दिया है। हत्या के आरोपियों को कोई रियायत नहीं होनी चाहिए। भारत सरकार दोनों हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दे।विहिप के कार्यकर्ताओं एसीएम चतुर्थ के माध्यम से सौंपा ज्ञापन डीएम कोविहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उदयपुर की घटना के विरोध में जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्तओं ने इससे पहले जिला मुख्यालय से लेकर कमिश्नरी सभागार तक जुलूस भी निकाला। उसके बाद सभा की और घटना को लेकर आक्रोश जाहिर किया। कन्हैया लाल के हत्यारों को फांसी दिलाने की मांग की। राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यहां कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ के जरिए जिलाधिकारी को सौंपा।

## वाराणसी में पुलिस अलर्ट

उदयपुर की घटना को लेकर देशभर में उपजे तनाव के बीच वाराणसी में पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर क्षेत्र में शांति की अपील के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में खास नजर रखी जी रही है। इसके अलावा सिविल ड्रेस में भी पुलिस निगरानी रख रही है। सोशल मीडिया पर खास नजर है। किसी भी तरह के अफवाह या सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज पर तत्काल संबंधित पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा मंदिर परिसर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**डमरू की** गड़गड़ाहट और जय जगन्नाथ के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। जग के पालनहार पालकी पर सवार होकर निकले तो दर्शन-पूजन के लिए समूची काशी उमड़ पड़ी। भइया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ श्वेत पोशाक धारण किए भगवान जगन्नाथ की नयनाभिराम छवि को हृदय में बसाने की भक्तों में होड़ मच गई। भगवान जगन्नाथ के नगर भ्रमण के दौरान रास्ते भर भक्तों ने फूल बरसाए। जयकारे लगाए। दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे भक्तों ने प्रभु जगन्नाथ की डोली का श्रृंगार किया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ मंदिर के गर्भगृह की परिक्रमा कर डोली यात्रा निकाली गई। ढोल-तासा, बैंड-बाजा और शहनाई की धुन के बीच श्रद्धालुओं के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर भ्रमण के पहले भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की आरती उतारी गई। भगवान की डोली को लाल वस्त्र और रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया था। भक्तों ने अपने कंधे पर डोली को उठाकर मंदिर परिसर से होते हुए अस्सी चौराहा, पद्मश्री चौराहा, दुर्गाकुंड होते हुए नवाबगंज, खोजवां बाजार, शंकुलधारा पोखरा, बैजनत्था होते हुए रथयात्रा स्थित बेनीराम बाग पहुंची।इस दौरान भक्त नाचते-झूमते रहे। जगह-जगह भगवान की आरती उतारी गई। भगवान अपनी मौसी के यहां परंपरानुसार रामबाग रथयात्रा जाते हैं। यहां रातभर विश्राम करके भगवान मौसी के परिजनों से मिलते हैं और रथयात्रा मेला आरंभ हो जाता है। रथयात्रा स्थित बेनीराम बाग से शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी और इसी के साथ काशी का यह पारंपरिक लक्खा मेला गुलजार हो जाएगा।

# पत्रकार सुरेश का निधन, हिंदी पत्रकारिता की अपूर्णीय क्षति

संवाददाता। सोनभद्र



**जिले के एक** हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार के निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता मे जनपद मुख्यालय स्थित कार्यालय पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मंगलवार की शाम जनपद के पत्रकार एवं रंगकर्मी सुरेश प्रसाद का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पिछले लगभग एक साल से बीमार थे जिनका इलाज चल रहा था। सोमवार स्थिति गंम्भीर होने के बाद परिजन उन्हें वाराणसी इलाज के लिये ले गए। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वाराणसी में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होनें पिछले लगभग दो दशक से भी अधिक समय से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों से जुड़कर जनपद की समस्याओं को उठाने का कार्य किया। सौम्य व्यक्तित्व होने के कारण पत्रकारों के साथ ही आम लोगों के बीच में भी लोकप्रिय थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही जनपद में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वक्ताओं ने सुरेश के असामयिक निधन को पत्रकारिता की अपूर्णीय क्षति बताया। इस मौके पर जुल्फेकार हैदर, रामप्रसाद यादव, प्रदीप चौबे, दीपक शुक्ल, सतीश भाटिया, अमित मिश्रा, मुनिमहेश शुक्ल, विनय सिंह, सुरेंद्र तिवारी, विधुशेखर मिश्र, सचिन कुमार गुप्ता, गिरीश पाण्डेय, आशुतोष कुमार आदि थे। वही शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट मधुरिमा साहित्यिक गोष्ठी असुविधा परिवार राष्ट्रीय संचेतना समिति के तत्वावधान में शोक सभा आयोजित कर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उक्त अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर रामनाथ शिवेंद्र जगदीश पंथी आत्म प्रकाश तिवारी प्रद्युम्न तिवारी अब्दुल हई प्रभात चंदेल अमित मिश्रा विजय विनीत वेद मणि त्रिपाठी बृज मोहन त्रिपाठी धर्मेश चौहान कौशल्या देवी दिवाकर मेघ सरोज कुमार सिंह अशोक तिवारी ठाकुर कुशवाहा श्यामलाल ठाकुर सिंह शिव मुनि कुशवाहा दयानंद दयालु ओम प्रकाश पाठक हरिशंकर तिवारी विकास वर्मा समेत सैकड़ों साहित्यकारों पत्रकारों अधिवक्ताओं ने सजल नेत्रों से उनको याद किया।

## जाएका ने आयोजित किया खरीद व वितरण संगोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी**। जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी ने जापान द्वारा प्रदत्त-आधिकारिक विकास सहायता ऋण 2022 के तहत् उत्तर प्रदेश में वाराणसी स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कॉपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर में 23 एवं 24 जून को खरीद एवं वितरण संगोष्ठी का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि आरआईसीसीसी का निर्माण जापान द्वारा जाएका के मार्फत प्रदान की गई अनुदान राशि से किया गया है इस संगोष्ठी का उद्घाटन साइतो मितसुनोरी, प्रमुख प्रतिनिधि, जाएका इंडिया ऑफिस मितामोतो शिंगो, मंत्री (आर्थिक एवं विकास), जापान दूतावास, भारत; रजत कुमार मिश्रा, अतिरिक्त, सचिव, आर्थिक मामलों का विभाग, मनोज बिष्ट वरिष्ठ लेखाधिकारी, सीएए आर्थिक, तथा दीपक अग्रवाल, आयुक्त, वाराणसी की उपस्थिति में किया गया।

# आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सामाजिक संस्थाओं में भी आक्रोश

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**इस्लाम के** नाम पर पूरी दुनियां में हिंसा फैलाने वाले आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सामाजिक संस्थाओं में भी बहुत आक्रोश है। आतंकवादी संगठनों के खिलाफ किसी मुस्लिम धर्मगुरु और उनकी संस्था ने आज तक कोई फतवा न जारी किया और न ही उनके खिलाफ खड़े हुए। इनकी चुप्पी इस्लामी आतंकवादियों के हौसले बुलन्द करते रहे। कभी इन्होंने अलकायदा, जैश मुहम्मद, लश्कर तैयबा और दावत दृइस्लामी के खिलाफ कुछ नहीं कहा, जबकि इस्लाम के नाम पर आतंकवादी संगठन चला रहे हैं और मुहम्मद साहब का नाम बदनाम कर रहे हैं। कट्टरपंथी मौलानाओं ने हिन्दुस्तान के खिलाफ जंग छेड़ दी है। ये भारत को इस्लामी देश बनाना चाहते हैं। इनकी मिशनरी योजना है, ये हत्याओं से सभ्य भारतीय मुसलमानों और हिन्दुओं को डराना चाहते हैं। उदयपुर में एक गरीब दर्जी कन्हैया लाल की गला काटकर लोमहर्षक हत्या इस्लामी आतंकवाद का क्रूरतम चेहरा है। इस घटना से नाराज सामाजिक संगठनों ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

लमही के सुभाष मंदिर में मुस्लिम महिला फाउण्डेशन, विशाल भारत संस्थान और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के शीर्ष नेताओं ने विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 राजीव श्रीगुरूजी के नेतृत्व में धरने पर बैठकर क्रूर आतंकवादी संगठनों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। मुस्लिम महिला फाउण्डेशन की नेशनल सदर नाज़नीन अंसारी, सुभाषवादी नेता नजमा परवीन, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पूर्वांचल संयोजक मो0 अजहरुद्दीन, काशी प्रांत संयोजक मौलाना शफीक अहमद मुजद्दीदी, विशाल भारत संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना भारतवंशी ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ मौन चीत्कार धरना दिया।

## क्विक न्यूज

### श्रद्धांजलि का हुआ आयोजन

**वाराणसी**। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल के नेतृत्व में लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में उदयपुर की विभत्स घटना मे मृत(स्व0कन्हैया लाल जी)' के लिए श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम कन्हैया लालजी के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि,कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा अपराधियों को सरकार अविलंब कार्यवाही करते हुए फांसी की सजा दी जाए तथा कन्हैया लाल के परिवार को एक करोड़ का आर्थिक सहायता व पत्नी को सरकारी नौकरी दिया जाए।कार्यक्रम का नेतृत्व अनुप जायसवाल ,संचालन शैलेन्द्र श्रीवास्तव ज,पार्षद,धन्यवाद धीरेन्द्र शर्मा ने किया।कार्यक्रम में मुख्यवक्ता डा0सोहनलाल आर्य थे।कार्यक्रम मुख्यरूप से दिनेश कालरा,मदन दूबे पार्षद,सतीश वर्मा,विनय जायसवाल,शंकर साहू पार्षद, छेदीलाल वर्मा,लालजी गुप्ता,भास्कर पांडे,सत्यप्रकाश आर्य,मनीष गुप्ता,अमर अग्रहरि,मिठाई लाल यादव, श्रवण गुप्ता,प्रदीप जायसवाल,धर्मेन्द्र गुप्ता,विनोद गुप्ता,युवराज साहू,मोहित शुक्ला,धरमचंद आदि उपस्थित थे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं और स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए तैयार करना

**वाराणसी**। युवा शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती शिक्षा प्रदान करना, उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए तैयार करना और अंत में उनके लिए संभावित नौकरी के अवसर पैदा करना शामिल हैं। यह कदम इसकी उस रणनीति का एक हिस्सा है जिसके तहत उत्कर्ष क्लासेस एंड एडुटेक जो भारत के प्रीमियर ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स में से एक है, ने वित्त वर्ष बाइस और तेईस के अंत तक टियर दो और टियर तीन शहरों में तेजी से भर्ती करने की योजनाओं की घोषणा और भर्तियाँ करने और छोटे शहरों व कस्बों में रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर देना और हम शैक्षिक उत्कृष्टता और समस्या-समाधान के जुनून के साथ नई सोच वाले विचारकों को नियुक्त करना चाहते हैं।

### बेहद जी के निधन से साहित्य जगत में शोक

**चकिया/ चन्दौली** । विकासखंड के ग्राम सभा दिरेहूं निवासी प्रख्यात साहित्यकार व कवि राम किशोर शर्मा %बेहद% का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।बता दें कि रामकिशोर शर्मा बेहद अध्यापक पद से रिटायर थे और साहित्य जगत में अपनी कविताओं और लेख के माध्यम से दूर-दूर तक नाम कमाये थे। वे पिछले कुछ महीनों से अत्यधिक बीमार चल रहे थे उनके निधन का समाचार मिलते ही कवियों साहित्यकारों व आम जनमानस में शोक की लहर दौड़ गई. लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किए। बता दें कि बेहद जी ने कई पुस्तकों की रचना की थी. उनके निधन को विद्वानों साहित्यकारों व कवियों सहित आम जनमानस ने इसे साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति बताया है।

### कारीगरों और बुनकरों को डिजिटल रूप से आगे बढ़ाने की पहल

**वाराणसी**। कारीगर बुनकरों को आगे लाने के अपनी विशेष पहल को आगे बढ़ाते हुए आज एमेज़ॉन इंडिया ने उत्तर प्रदेश में लाखों लोकल स्टोर्स एंट्रप्रेन्योर्स ट्रेडर्स कारीगरों और बुनकरों को समर्थ बनाने के लिए अनेक अभियानों की घोषणा की ताकि वो अपना व्यापार बढ़ाकर भारत एवं विश्व के ग्राहकों को अपना सामान बेच सकें। लोक भवन ऑडिटोरियम, लखनऊ में लोन मेला ईवेंट में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में एमेज़ॉन इंडिया ने माईक्रो, स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राईज़ (एमएसएमई) एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन, प्रदेश सरकार के साथ दो मैमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने खोली अपनी पहली शाखा

**वाराणसी**। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ ने बुधवार को जौनपुर में अपनी पहली शाखा खोली। निवेशक और वितरक में फंड हाउस तक पहुंच सकते हैं।नई शाखा का उद्घाटन देवेश त्रिवेदी, रीजनल हैड, यूपी और उत्तराखंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ ने राहुल राय, ब्रांच मैनेजर, आईसीआईसीआई बैंक-जौनपुर, रवि त्रिपाठी, ब्रांच मैनेजर, एक्सिस बैंक, जौनपुर और फंड हाउस के अन्य वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में किया, जिनमें सतीश त्रिपाठी, क्लस्टर हैड और शुभम श्रीवास्तव, ब्रांच मैनेजर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ भी शामिल थे।इस अवसर पर देवेश त्रिवेदी, रीजनल हैड, यूपी और उत्तराखंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ ने कहा कि हम जौनपुर में अपनी नई शुरूआत करते हुए बेहद खुश हैं।

# पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

संवाददाता। चहनियां/चंदौली



**बलुआ गंगा** पुल के पास बुधवार की रात बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई जिसमें पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया । घायल बदमाश को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी पहचान राजस्थान के अलवर निवासी अयूब खान के रूप हुई ।

एसपी चंदौली अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम रात को गश्त लगा रही थी इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एटीएम लूटेरे का गैंग ट्रक लेकर जा रहा है इस सूचना पर बलुआ पुलिस ने काम्बिंग कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया । इस बीच बलुआ गंगा पुल के पास राजस्थान का नंबर लगा ट्रक आता दिखाई दिया पुलिस ने ट्रक को रुकने का इशारा किया तो उसमें बैठे दो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया जिसमें बलुआ थाना प्रभारी बाल बाल बच गए जिसके बाद पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई बदमाश अयूब खान व उसका साथी खुद को पुलिस से घिरता देख ट्रक छो ?कर भागने लगा । इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया जबकि एक अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। वहीं मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की एक गोली दारोगा अभिनव गुप्ता के बाएं हाथ में लग गई ।

खास बात यह है कि कंटेनर ट्रक में स्कॉर्पियों लदी थी और एटीएम लूटने का सामान पड़ा था, जिसमें एटीएम काटने वाली मशीन का औजार, काटने वाले सिलेंड, कई एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, ब ?ा कटर, एक रिंच, 4 रम्मी, पेचकस, रिंच, डोंगल, दो मोबाइल, 315 बोर का एक कट्टा, दो अदद खोखा समेत उपकरण मौजूद थे इसके अलावा उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के कूटरचित नंबर प्लेट भी बरामद हुए । पुलिस के अनुसार बदमाश एटीएम लूटने वाले गिरोह के सदस्य हैं वहीं, मुठभेड़ की सूचना के बाद एसपी और क्षेत्राधिकारी सकलडीहा अनिरुद्ध सिंह भी मौके पर पहुंच गए थे । घायल पुलिसकर्मी और बदमाश दोनों का चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है ।

# 15 जून से 30 जुलाई तक मछली तथा मछली के बच्चो की निकासी करने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबन्ध

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार ने अपने एक आदेश के तहत 15 जून 30 जुलाई तक मछली तथा मछली के बच्चो की निकासी करने पर तथा ऐसे समस्त उपकरण जिससे शिकारमाही सम्भव हो द्वारा शिकार करने पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिया हैं। उन्होने बताया कि 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजन्न अवधि में जलाशय, मीनाशय तथा नदियो में किसी व्यक्ति के द्वारा शिकारमाही नही किया जायेगा। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति 15 जुलाई से 30 सितम्बर की अवधि जलाशाय मीनाशय से फ्राई एवं फिंगरलिंग पक ?ने नष्ट करने अथवा बेचने की कार्यवाही नही करेगा और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति 15 जुलाई की अवधि में जलाशय मीनाशय तथा नदियो से फ्राई एवं फिंगरलिंग को पक ?ने नष्ट करने अथवा बेचने तथा 15 जून से जुलाई तक मत्स्य प्रजन्न अवधि में शिकारमाही करने, विभिन्न जालो में मछली तथा मछली के बच्चो की निकासी करने तथा ऐसे समस्त उपकरण जिससे शिकारमाही सम्भव हो द्वारा शिकार करने का कार्य नही करेगा। उन्होने अपने आदेश में कहा कि मत्स्य अधिनियिम की धारा-6 के अन्तर्गत प्राधिकृत मत्स्य विभाग के द्वारा तथा पुलिस उप निरीक्षक को बिना वारंट के उक्त कृत्य करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। मत्स्य विभाग तथा पशुपालन विभाग अधिकारियो द्वारा उक्त कृत्य करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध अधिनियिम की धारा-8 के अन्तर्गत एक मुश्त जुर्माना लगाने का अधिकार होगा। कोई भी मत्स्य व्यवसायी उक्त अवधि में किसी भी जलाशय, मीनाशय तथा नदियो में या उसके किसी भी भाग में मत्स्य स्पॉन, जीरा, अंगुलिका तथा मत्स्या आखेट नही करेगा। उन्होने कहा कि आदेश का उल्लघन करने वालो पर मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा-6 तथा धारा-8 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## अग्निवीर वायु सेना में भर्ती हेतु 05 जुलाई तक कर सकते है आनलाइन आवेदन

**मीरजापुर**। जिला सेवायोजन अधिकारी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि भारतीय वायुसेना में अग्निवीर योजना के अन्तर्गत भर्ती हेतु आनलाइन आवेदन दिनांक 24 जून 2022 से प्रारम्भ हो चुका हैं। उन्होने बताया कि आनलाइन आवेदन पोर्टल आगामी दिनांक 05 जुलाई 2022 को सांय 05 बजे तक खुला रहेगा। उन्होने कहा कि ऐसे अभ्यर्थी जो 23 वर्ष से आयु के है और इण्टरमीडियट उर्त्तीण है। भर्ती में आवेदन कर सकते हैं।

# विकास कार्यक्रमों में जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए हिंदी एक महत्वपूर्ण माध्यम है-महाप्रबंधक अंजलि गोयल

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**बनारस रेल** इंजन कारखाना राजभाषा विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को बरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बराकास) की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुश्री अंजली गोयल महाप्रबंधक, बरेका ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनता की भाषा में प्रशासनिक कार्य करके ही हम जनता का विश्वास हासिल कर सकते हैं। विकास कार्यक्रमों में जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए हिंदी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आत्म निर्भर भारत के निर्माण में भारतीय भाषाओं के प्रयोग पर बल देते हुए तकनीकी अनुसंधान से जुड़े हुए कार्यों को मूल रूप से हिन्दी में करने के लिए निर्देशित किया। 'बरेका दर्पण' पत्रिका में तकनीकी विषयों पर मौलिक लेख लिखने के लिए उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित हिंदी की प्रगति रपट पर चर्चा की गई एवं अपने विचार प्रस्तुत किए गये । इसके पूर्व उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री चौधरी ने बरेका में हो रहे हिंदी के प्रयोग और प्रगति के लिए किए जा रहे रचनात्मक प्रयासों से अवगत कराया । बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया । इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर राजेश कुमार राय, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अमिताभ, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक सुजीत कुमार साहा, प्रधान वित्त सलाहकार योगेश कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर हीरेन्द्र सिंह राना, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रणवीर सिंह चौहान, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश कुमार सहित अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# आकाशीय बिजली कड़कने के दौरान इंटरनेट जैसी सेवाओं से पूरी तरह बचें :अर्चना भारती

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**एन टी पी सी** रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर में स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विद्यार्थियों को विद्युत सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत उन्हें विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। ईएमडी विभाग से वरिष्ठ प्रबंधक अर्चना भारती व ब्रिजेश कुमार जितेन्द्र सिंह के साथ साथ सुरक्षा विभाग के पी जगपति राजू ने अपने अपने संबोधनों के जरिए विद्युत सुरक्षा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को जागरूक किया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने करतल ध्वनि के बीच एनटीपीसी के सभी अधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को विद्युत सुरक्षा से संबंधित एक टेली फिल्म दिखाया गया। अगली कड़ी में विद्यार्थियों को विद्युत सुरक्षा से संबंधित अनेक टिप्स दिए गए। अर्चना भारती ने बताया कि हमें इलैक्ट्रिक उपकरणों का प्रयोग करते समय सावधानी बरतना चाहिए। आकाशीय बिजली कड़कने के समय मोबाइल टेलीफोन, इंटरनेट जैसी सेवाओं के इस्तेमाल से बचना चाहिए। मोबाइल चार्जिंग के समय हमें मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बिजली के उपकरणों का प्रयोग करने के बाद उसका स्वीच बंद कर देना चाहिए। हमें स्वयं विद्युत के तारों एवं उपकरणों को ठीक नहीं करना चाहिए। हमेशा इलेक्ट्रिशयन की मदद लेनी चाहिए। ब्रजेश कुमार ने बताया कि हमें विद्युत के उपकरणों को छुने से पहले सूखे हुए चप्पलों का प्रयोग करना चाहिए। करेंट लगे हुए व्यक्ति को बचाने के लिए मेन पावर बंद करना चाहिए। जल्दबाजी में उसे नहीं छूना चाहिए। सुरक्षा विभाग के पी जगपति राजू ने बताया कि शार्ट सर्किट से घरों में आग लगने पर पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में अग्निशमन विभाग को सूचित करना चाहिए। यदि कोई विद्युत कर्मी विद्युत कार्य में लगा हो तो गलती से भी पावर चालू नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सोमनाथ चक्रवर्ती डॉ आर के झा राजलक्ष्मी शेषन रंजना सिंह के अलावा पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। प्राचार्य राजकुमार के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 24.95 लाख के ऋण का स्वीकृति पत्र किया वितरित

संवाददाता। सोनभद्र




**हस्तशिल्पियों,** कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ ऋण का वितरण एवं वर्ष 2022-23 की रुपये 2.35 लाख करोड़ वार्षिक ऋण योजना का शुभारंभ किया गया। जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम एन0आई0सी0 सोनभद्र में अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। लखनऊ में आयोजित वृहद ऋण मेले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया एवं मुख्यमंत्री का उद्बोधन भी सुना गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे की उपस्थिति में जनपद के पीएमईजीपी योजनान्तर्गत लाभार्थी उर्मिला देवी को ब्यूटीपार्लर के लिए मुख्यमंत्री युवा रोजगार अन्तर्गत शेख शाहीद अली को रेस्टोरेन्ट के कार्य के लिए ओ0डी0ओ0पी0 मार्जिन मनी योजनान्तर्गत सरोज देवी चौरसिया को कालीन निर्माण के लिए एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजनान्तर्गत उर्मिला देव को ई-रिक्सा के लिए एवं कुमारी सोनम को ब्यूटीपार्लर के लिए ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से एन0आई0सी0 में कुल 24.95 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग द्वारा सभी लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र में किये जा रहे अथक प्रयासों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ऋण योजनाओं से सम्बन्धित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक एवं लाभार्थीगण भी उपस्थित रहें।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 1 जुलाई, 2022



# उदयपुर में हत्या

## सामयिक कार्रवाई

**उदयपुर** प्रकरण हमें एक बार फिर याद दिलाता है कि स्थिति से बिगड़ने से रोकने के लिए सामयिक कार्रवाई जरूरी है। उदयपुर में दर्जी का काम करने वाले कन्हैया लाल की जघन्य हत्या सबको, खासकर राजनेता वर्ग को याद दिलाती है कि भारतीय राजनीति व राजनय में काफी कुछ सड़ गया है। हत्यारे गौस मुहम्मद व रियाज अख्तरी ने न केवल दूकान में कन्हैया लाल का गला काटा, बल्कि अपने दुष्कृत्य का वीडियो भी बनाया। उन्होंने चापड़ से कन्हैया का गला काटा और पुलिस के अनुसार वे उसका सिर काट कर अलग करना चाहते थे, पर ऐसा नहीं कर सके। एक दूसरे वीडियो में हत्यारों ने न केवल इस हत्या की तारीफ की, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की धमकी भी दी। यह मामला अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए को सौंप दिया गया है। इस बीच उदयपुर में कुछ हिंसक घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है, पूरे राजस्थान में एक महीने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है तथा राज्य भर में 24 घंटे के लिए मोबाइल व इंटरनेट सेवायें बंद की गई हैं। अधिकारी अब सतर्क हैं, लेकिन यदि पहले स्थानीय पुलिस द्वारा थोड़ी सतर्कता बरती व कार्रवाई की गई होती तो हत्या तथा उसके बाद पैदा वर्तमान दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से बचा जा सकता था। अभी यह पूर्णत: स्पष्ट नहीं है कि हत्या का कारण क्या था। खबरों के अनुसार, कन्हैया लाल ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता



नूपुर शर्मा का समर्थन किया था जो हाल में पैगंबर मुहम्मद पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के कारण चर्चा में थीं। लेकिन खबर यह भी है कि कन्हैया मोबाइल चलाना ही नहीं जानते थे। एक शिकायत के बाद जब उनको गिरफ्तार किया गया था तब उन्होंने बताया था कि उनके बच्चे ने गेम खेलते हुए गलती से यह आपत्तिजनक पोस्ट साझा कर दी थी। कन्हैया को गिरफ्तार किया गया था, पर अगले ही दिन 11 जून को उनको जमानत पर छोड़ दिया गया था।

सच्चाई चाहे जो हो, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उन्होंने पुलिस को स्वयं को मिलने वाली जान लेने की धमकियों की सूचना दी थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। एडीजी-कानून व्यवस्था हवा सिंह घुमरिया ने एक अखबार को बताया, '15 जून को उन्होंने एक लिखित शिकायत दी थी कि उनको जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और उन्होंने पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। संबंधित एसएचओ ने उन लोगों को बुलाया था जो कथित रूप से धमकियां दे रहे थे। इसके बाद दोनों समुदायों के पांच से सात जिम्मेदार लोग साथ बैठे और एक समझौते पर पहुंचे। एक हस्तलिखित पत्र में कन्हैया लाल ने कहा था कि अब वे किसी के खिलाफ और कार्रवाई नहीं चाहते हैं। इसलिए पुलिस ने सुरक्षा खतरे पर आगे कार्रवाई नहीं की।' ये सारी बातें सही हो सकती हैं, लेकिन सवाल है कि स्थानीय खुफिया विभाग क्या कर रहा था? यह पूर्णत: स्पष्ट है कि गौस मुहम्मद व रियाज अख्तरी का काफी सीमा तक उग्रवादीकरण हो गया था और उनका विश्वास था कि पैगंबर का अपमान करने वाले किसी व्यक्ति की हत्या कर देनी चाहिए। जैसा कि उन्होंने वीडियो में कहा, 'गुस्ताख़े नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा।' यह पाकिस्तान में मुस्लिम कट्टरपंथियों का मनपसंद नारा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत तथा अनेक अन्य प्रमुख नेताओं ने कन्हैया लाल की हत्या की निन्दा की है। उन्होंने जनता से शांति बनाए रखने की अपील भी की है। लेकिन इसके साथ ही हमारे राजनेताओं को एक महत्वपूर्ण काम करना चाहिए। उनको कानून लागू करने वाली व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही राजनीति को कटुता से मुक्त कर स्वच्छ बनाना चाहिए।

# उच्च शिक्षा को सार्थक बनाना आवश्यक

शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले भारतीयों को भारत में उपलब्ध विश्व-स्तरीय शिक्षा संस्थानों के बारे में बताया जाना चाहिए।



**एलएन झुनझुनवाला**
(लेखक एलएनजे भीलवाड़ा के अध्यक्ष हैं)



मेरा ध्यान 1945 व 1946 के समय में जाता है। मैं उस समय शुद्ध गणित का परास्नातक छात्र था। इस विषय के हम केवल 6 छात्र थे। हमारे प्रोफेसर श्री सत्यन बोस थे। वे एकदम सफेद धोती कुर्ता पहनते थे। हमारी कक्षायें तीसरी मंजिल पर होती थीं और वहां कोई लिफ्ट नहीं थी। बोस और आइन्सटीन किसी शोध परियोजना में सहयोग कर रहे थे जिसका नतीजा बोस-आइन्सटीन सिद्धान्त-बोसेन के रूप में सामने आया था। बोस मुझे प्यार करते थे और चाहते थे कि अध्ययन पूरा करने के बाद मैं अमेरिका की माउंट विल्सन नक्षत्रशाला में खगोलविज्ञान का अध्ययन करने जाऊं। लेकिन जब मैंने अपना अध्ययन जारी नहीं रखा तो उनको निराशा हुई। मैं बहुत गरीब परिवार से था। समुचित इलाज के लिए पैसे न होने के कारण 1936 में मेरी मां का निधन ट्यूबरकुलोसिस से हो गया था। मेरे परिवार को मुझसे बहुत उम्मीदें थीं। उनको उम्मीद थी कि पढ़ाई में बहुत होशियार होने के कारण मैं पैसा कमाऊंगा। लेकिन मैं बिजनेस में दक्ष हो गया। 1946 में पढ़ाई के साथ-साथ मैंने अपने चाचा से बिजनेस सीखना शुरू किया। 1946 में मैं पूरी तरह बिजनेस में आ गया और 2000 में उससे अलग भी हो गया। में 1951 से रामकृष्ण मिशन के बहुत निकट था। मिशन ने नरेन्द्रपुर में एक शानदार शिक्षा संस्थान स्थापित किया था। कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित इस संस्थान में लगभग 3,000 छात्र थे। कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे अच्छे 10 छात्रों में कम से कम दो नरेन्द्रपुर से होते थे। मैं छोटे पैमाने पर नरेन्द्रपुर जैसा कोई संस्थान स्थापित करना चाहता था जिसका संचालन रामकृष्ण मिशन के भिक्षु करें।

श्री अर्जुन सिंह उस समय मानव संसाधन विकास मंत्री थे। वे मध्य प्रदेश से थे जहां मैंने तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण ग्रेफाइट एलेक्ट्रोड प्लांट लगाया था। मैं उनके बहुत निकट आ गया। वे स्वामी आत्मानंद जी के भाषण सुनते थे और उनको उन्होंने भाषणों के लिए भोपाल में आमंत्रित किया था। मिशन के अनेक शिक्षा संस्थान थे, पर कोई विश्वविद्यालय नहीं था। उन्होंने गंगा नदी के किनारे विशाल परिसर में वेलूर मठ स्थापित करने का निर्णय किया। उन्होंने अर्जुन सिंह से मिलने के लिए भिक्षुओं का एक प्रतिनिधिमंडल भेजा। उनके साथ मेरी निकटता पर ध्यान देते हुए उन्होंने मुझसे उनके साथ जाने का अनुरोध किया। अर्जुन सिंह की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी थी जिन्होंने एक महीने बाद अगली बैठक की तारीख तय की। रामकृष्ण मिशन के मन में विश्वविद्यालय के लिए तीन विषय थे। पहला, आपदा प्रबंधन जहां बाढ़ व अकाल से निपटने का व्यावहारिक अनुभव मिले। दूसरा, ग्रामीण विकास तथा तीसरा, गरीबी उन्मूलन। मेरी इच्छा थी कि इसमें गणित को भी शामिल किया जाए ताकि उनके प्रदर्शन की तुलना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जा सके। मेरी अर्जुन सिंह से मुलाकात हुई और बातचीत के दौरान मैंने गणित पर जोर दिया। वे काफी उत्साहित थे और मंत्रालय ने इस बारे में अपना होमवर्क किया था। एक अतिरिक्त सचिव तथा अन्य अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। मेरे साथ ही मिशन के पांच वरिष्ठ भिक्षु भी बैठक में उपस्थित थे। अर्जुन सिंह के जोर देने पर गणित को भी विषय के रूप में शामिल किया गया। वे इस प्रस्ताव से बहुत उत्साहित थे कि उप-कुलपति भौतिकी के विद्वान थे तथा मिशन कालेज में स्नातक छात्रों को पढ़ाते थे। एक और भिक्षु महान महाराज गणित के प्रतिष्ठित विद्वान तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त थे। मिशन का मानना था कि गणित शिक्षा का विस्तार किया जाएगा तथा शिक्षकों को अच्छा भुगतान किया जाएगा।

जहां अन्य विषयों में नोबेल पुरस्कार सम्मानित विद्वान थे, वहीं गणित में भी सुयोग्य व सक्षम विद्वान थे। मिशन इसके लिए 40 करोड़ रुपये का अनुदान चाहता था और श्री अर्जुन सिंह इस पर सहमत थे। मिशन ने पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए विद्वान की खोज शुरू की। सौभाग्य से एक बंगाली गणितज्ञ अभिजीत दत्त क्योटो विश्वविद्यालय में जापानी छात्रों के साथ शोध कर रहे थे। वे बंगाल आने के इच्छुक थे। उनके वापस आने पर रामकृष्ण मिशन विश्वविद्यालय भारत में गणितज्ञों का केन्द्र बन गया। इसके बोर्ड आफ गवनर्स में मिशन के चार भिक्षु तथा मंत्रालय के चार अधिकारी थे। अर्जुन सिंह ने मुझे भी बोर्ड में रखा। उन्होंने मिशन को बताया कि नौकरशाही से निपटने का मेरा व्यापक अनुभव है और में सहायक सिद्ध हूंगा। इस प्रकार मैं बोर्ड का सदस्य बन गया। दुर्भाग्य से 2011 में अर्जुन सिंह के निधन के पश्चात मंत्रालय से संबंध बनाए रखना कठिन हो गया। शारदा मठ की वरिष्ठ संन्यासिनियां एक बार विश्वविद्यालय आईं।

अभिजीत दत्त ने उनका स्वागत किया, जबकि उस समय वे हाफपैंट और टीशर्ट पहने थे। संन्यासिनियां इससे बहुत सहज नहीं थीं। हालांकि, किसी ने प्रोफेसर से कुछ कहा नहीं, पर धीरे-धीरे वे असहज अनुभव करने लगे। उन्होंने विश्वविद्यालय से इस्तीफा दे दिया और वापस क्योटो चले गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण था। मेरी इच्छा थी कि मिशन का प्रोफेसर के साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए था। अर्जुन सिंह के निधन के बाद मेरी जानकारी के बिना मेरा नाम बोर्ड से हटा दिया गया। मैं इस घटना से प्रसन्न नहीं था।

2020 में मेरी मुलाकात आईआईटी के एक डीन से हुई। मैंने उनको बताया कि हमारे संस्थान द्वारा संचालित चार स्कूलों में पांच हजार छात्र हायर सेकेंड्री पढ़ रहे हैं। मैंने उनकी सहायता मांगी। वे मेरे संस्थानों में गए तथा हमारी शोध गतिविधियों से अत्यधिक प्रभावित हुए। हम इस संबंध में आईआईटी से जुड़ाव चाहते थे, लेकिन इसमें कोई सफलता नहीं मिली। हाल ही में मेरी बेटी ने स्कूलों में काफी दिलचस्पी दिखाई। मैंने आईआईटी के एक डीन के साथ बैठक तय की। उन्होंने काफी उत्साह दिखाते हुए मुझे संक्षेप में परास्नातक गणितज्ञों द्वारा गणित के क्षेत्र में शोध गतिविधियों की जानकारी दी। इसी प्रकार अब इलाहाबाद के हरीश चंद्र मैथ्स रिसर्च इंस्टीट्यूट से मेरा जुड़ाव हुआ। बेटी की सहभागिता तथा अपने अच्छे स्वास्थ्य व सतर्क मस्तिष्क के चलते मुझे उम्मीद है कि भारत एक दिन गणित के क्षेत्र मे सक्षम विद्वान पैदा करेगा। मैंने उप-कुलपति स्वामी आत्मप्रियानन्द जी से आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने का अनुरोध किया और इसके लिए 15 लाख रुपये दान दिए। उनका एक छात्र दक्षिण अफ्रीकी विश्वविद्यालय में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई पढ़ाता है और वह यहां आने का इच्छुक है। मुझे इससे कुछ बेहतरी की उम्मीद है। मुझे अपने मित्रों और परिवार से भी उम्मीद है। मेरा प्रपौत्र गणित अध्ययन के लिए अमेरिका गया था। दो साल बाद कैम्ब्रिज में गणित की एक शाखा में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए वह वहां चला गया। मुझे उम्मीद थी कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाएगा, पर उसकी गणित में दिलचस्पी समाप्त हो गई। यह आंकलन कठिन है कि विदेश में पांच साल शिक्षा ने उसका कुछ भला किया है। उसने संगीत का क्षेत्र चुना और उस्ताद फय्याज डागर से जुड़ गया। मैंने भी वोकल संगीत में अपनी दिलचस्पी पुनर्जीवित करने के लिए उसका साथ दिया। लेकिन उसने वोकल संगीत भी छोड़ दिया और अब वह सरोद बजाने के साथ मुंबई चला आया है क्योंकि उसके शिक्षक पूना में थे। मेरा एक प्रपौत्र विदेश में स्नातक होने के बाद बिजनेस करने लगा है। यह नतीजा निकालना कठिन है कि विदेशी शिक्षा ने उसकी सहायता की है। इसी प्रकार मेरी प्रपौत्री ने अमेरिका से आर्कीटेक्ट की शिक्षा प्राप्त की और वापस लौटने के बाद उसने एक आर्कीटेक्ट फर्म में अच्छा काम किया, लेकिन अब वह यह क्षेत्र छोड़ चुकी है।

अमीर लोगों की युवा पीढ़ी आजीविका के लिए कठोर श्रम नहीं करना चाहती है। वे अस्थाई सनक से प्रभावित होते हैं। अमेरिका चीन और भारत से आने वाले छात्रों से अरबों डालर कमाता है। भारत विदेशों में पढ़ने वाले छात्रों पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करता है। अमीर परिवार हायर सेकेंड्री के बाद ही बच्चों को विदेश भेज देते हैं। स्नातक के बाद अमेरिका आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, अंतरिक्ष यात्रा, गणित, आदि में शिक्षा के लिए बहुत अच्छा है, लेकिन इससे हमें क्या मिलता है? बैंगलुरू में इंस्टीट्यूट आफ साइंस व एटामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट विश्वस्तरीय हैं। आईआईटी अच्छी प्रगति कर रहे हैं। शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले भारतीयों को ऐसे कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के बारे में सूचना दी जानी चाहिए।

# क्या अब भी कायम रहेगा महाविकास अघाड़ी का अस्तित्व?

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक हिंदी पायनियर लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



भांति भांति के राजनीतिक स्वांग और कभी नरम, कभी गरम, कभी धमकी, कभी प्यार, कभी भावना का इज़हार, कभी दुर्भावना का प्रहार होता रहा लेकिन नतीजा वही आया जो आना था। उद्धव ठाकरे का बेमेल राजनीतिक मेल अंतत: उनकी सरकार न बचा सका और अब नया संघर्ष मुंह बाए खड़ा है। यह संकट पार्टी बचाने के साथ साथ राजनीतिक प्रासंगिकता बचाए रखने का भी है। सत्ता का ढाई साल का सुखद दौर अब पीछे छूट चुका है। आगे की डगर कठिन भी है और अनिश्चित भी। और इसका बहुत कुछ आभास राकांपा प्रमुख शरद पवार के रुख से पता चलेगा जो महा विकास अघाड़ी सरकार के गठन के बाद उद्धव ठाकरे के राजनीतिक अभिभावक की भूमिका में उभरे हैं और अब निगाहें इस बात पर होगी कि क्या मराठा छत्रप की यह भूमिका सत्ता से इतर विपक्ष में भी जारी रहती है अथवा नहीं।

उद्धव ठाकरे अब मातोश्री और शिवसेना भवन में बैठ कर अपने पिता हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे द्वारा स्थापित किंतु उनकी विचारधारा के प्रतिकूल सत्ताजनित आचरण कर चुकी पार्टी पर नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश करेंगे। और जो राजनीति का ककहरा समझता है वह यह भी समझता है कि यह कोई आसान लक्ष्य नहीं है। उद्धव समर्थक शिवसैनिकों द्वारा सड़कों पर टायर जलाने या किसी विरोधी के कार्यालय में तोड़फोड़ करने या फिर पोस्टर, होर्डिंग पर कालिख पोतने से लक्ष्य तो हासिल होगा ही नहीं उल्टे सत्ता परिवर्तन के बाद पुलिस का रवैया उद्धव समर्थकों के प्रति नरम या उदासीन नहीं रहने वाला। नई सरकार के गठन के साथ ही इस बदलाव को अभी से महसूस किया जाने लगा है।

सत्ता सुख भोगने और अंत तक उसे बनाए रखने के लिए जिस मुस्तैदी से राकांपा व कांग्रेस पार्टी उद्धव के साथ खड़ी दिखीं, क्या वही सिलसिला विपक्ष में आने के बाद भी पूर्व की भांति जारी रहेगा। जिस तरह उद्धव को सत्ता की चाशनी में लपेट कर बिना जनादेश के दोनों तरह की कांग्रेस ने सत्ता का सुख भोगा, क्या उसी तत्परता और लगन के साथ दोनों कांग्रेस उद्धव को अपने राजनीतिक आलिंगन में बनाए रखेंगी या राहें जुदा हो जाएंगी। कांग्रेस तो सत्ता में तीसरी पायदान के लिए इतनी व्याकुल थी कि उसने चंद साल पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे अशोक चह्वाण को मंत्री बनाने में भी राजनीतिक



लज्जा महसूस नहीं की।

भारतीय जनता पार्टी के साथ शिवसेना का चुनावी गठबंधन विचारधारा के स्तर पर तो नैसर्गिक था ही, साथ में इस लिहाज से भी सुगम था कि राज्य की 288 विधानसभा सीटों और 48 लोकसभा सीटों का बंटवारा इन्हीं दो दलों के बीच होता था और दोनों की हिस्सेदारी कमोवेश बराबरी की होती रही थी। शिवसेना के लिए असहज स्थिति बाला साहब ठाकरे के निधन के बाद शुरू हुई जब उद्धव के नेतृत्व में शिवसेना बड़े भाई की भूमिका से छोटे भाई की भूमिका में आ गयी और अंतर इतना हो गया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना के 56 के मुकाबले भाजपा के 106 विधायक आए। यानी लगभग दो गुने। जाहिर है कि शिवसेना के राजनीतिक हालात सुधारने के बजाय उद्धव ने भाजपा के साथ विश्वासघात कर उसे छोटा करने का प्रयास किया और इसका परिणाम आज सामने है। यही कारण है कि उद्धव के लिए अपने लोकसभा सदस्यों को अपने साथ रखना आसान नहीं है। राज्य सभा सदस्य भी पाला बदल सकते हैं और उनके लिए तो इस लिहाज से और भी लाभदायक स्थिति है कि राज्य सभा की सदस्यता छोड़ दें तो उसी सीट पर पुन: राज्य में सत्ताधारी दलों के बहुमत के आधार पर फिर से चुन कर आ सकते हैं।

अब उद्धव ठाकरे को शिवसेना पर न केवल पुन: अपना आधिपत्य जमाना है बल्कि इसे वैधानिक जामा भी पहनाना है। विधायकों ने तो उद्धव के राजनीतिक निर्णय से असहमत होकर उन्हें अल्पमत में ला खड़ा किया और अब यही खतरा सांसदों को लेकर उत्पन्न हो गया है। सांसदों खासकर लोकसभा सदस्यों को लेकर शिवसेना का धरातल कोई खास सशक्त नहीं लगता और इसे समझना कोई मुश्किल भी नहीं है। प्राय: सभी राजनीतिक प्रेक्षक यह मानते हैं कि राज्यों में विधानसभा चुनाव के मुकाबले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी का प्रभाव व अपील कहीं ज्यादा कारगर है।

इसको इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि 2019 लोकसभा चुनाव के समय राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में सत्ता में काबिज कांग्रेस का राजस्थान व छत्तीसगढ़ में खाता नहीं खुला और मध्य प्रदेश में तत्कालीन सीएम येन केन प्रकारेण केवल अपनी परंपरागत छिंदवाड़ा सीट से अपने पुत्र को ही जिता सके। महाराष्ट्र में भी भाजपा-शिवसेना ने 48 में 40 से ज्यादा सीटें जीतीं। ऐसे में शिवसेना के लोकसभा सदस्यों का दोहरी चुनौती झेलना आसन्न है। अगर कांग्रेस व राकांपा से गठबंधन हो भी जाए तो भी दोनों कांग्रेस शिवसेना के लिए उतनी सीटें नहीं छोड़ेंगे जितनी भाजपा छोड़ती थीं। सीट मिल भी जाए तो भी लोकसभा चुनाव में मोदी की स्वीकार्यता और लोकप्रियता से पार पाना अत्यंत जटिल होगा। और इस तथ्य से शिवसेना व उसके सांसद भली भांति अवगत भी हैं। उद्धव ठाकरे राजनीतिक विरोधाभास में गहरे फंसे हुए हैं और यह उनकी आखिरी कैबिनेट बैठक में फिर से उभरा। उद्धव ने इस बैठक में औरंगाबाद व उस्मानाबाद के नाम बदल दिए जबकि कांग्रेस व राकांपा के साथ सरकार बनाने के बाद से वह शिवसेना के इस रुख से पलट गए थे। कांग्रेस व राकांपा ने उद्धव की मजबूरी पर दया खाकर इस निर्णय का विरोध नहीं किया लेकिन धरातल पर उनके लिए अपने समर्थकों को इसे समझाना आसान नहीं होगा। आसान तो विपक्ष में रहते हुए महा विकास अघाड़ी को बनाए रखना भी नहीं होगा। भाजपा को रोकने के नाम पर शिवसेना के साथ सरकार बनाना एक बात है और मिलकर चुनाव लड़ना दूसरी। शरद पवार क्या अस्तित्व बनाए रखने के लिए जूझ रहे उद्धव के लिए विपक्षी खेमे में कोई सम्मानित स्थान सुरक्षित कार पाएंगे या फिर तीन दलों की बेमेल व बेतुकी राजनीतिक त्रिवेणी सत्ता की खुमारी उतरने के साथ ही फिर पुरातन अवस्था में लौट जाएगी?

## आप की बात

### आतंक पर प्रहार जरूरी

**उदयपुर** का कन्हैया लाल हत्याकांड एक योजनाबद्ध साजिश थी।और इसके तार आतंकवादी संगठनों से जुड़े हुए पाए गए। जिन का रहनुमा पाकिस्तान हैं। हत्यारों ने खुद ही वीडियो जारी करके ठोस सबूत पेश कर दिए हैं। इसके पूर्व पुलिस ने कार्यवाही में भी पर्याप्त सबूत उपलब्ध है। अत: इस मामले में और अधिक देरी नहीं करते हुए इसकी सुनवाई के लिए विशेष अदालत का गठन करके हत्यारों को तत्काल सजा सुनाई जाना चाहिये। लेकिन इन दो हत्यारों को सजा देने से सिर्फ पेड़ के पत्ते की टूटेंगे। आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करना है तो इसके मूल स्त्रोत पर जाना होगा, कि कैसे पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों से यहां के युवा जुड सकें। हमारा गुप्तचर विभाग क्या कर रहा है? कैसे इन लोगों को भरपूर पैसा मिल रहा है? मदरसों और मस्जिदों में मौलवी और धर्म गुरु इन्हें शांति का संदेश क्यों नहीं पड़ा पड़ा पाते हैं। आज उत्तर प्रदेश देश का ऐसा राज्य है जहां कोई ऐसी घटिया दुस्साहस भरी हरकत नहीं कर सकता। तो फिर देश के अन्य राज्यों में भी क्यों नहीं ऐसी व्यवस्था की जाती। और आतंकवाद का प्रशिक्षण देने वाले मदरसों को देशभर में क्यों नहीं प्रतिबंधित किया जाता है?

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**केंद्र** सरकार 1जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जा रही है। केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को बताया कि एस यूपी से बनी 19 वस्तुओं को पहचान की गई है, जिसे मंत्रालय ने 12 अगस्त 2021 को अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम 2021 जारी कर प्रतिबन्ध लगाने की घोषणा किया था। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल की स्टिक बवाले ईयर बड्स, झंडे गुब्बारे कैंडी स्टिक, प्लेट, कप ग्लास तश्तरी काटे चम्मच आदि पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इस प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने के लिये केंद्र और राज्यो में विशेष प्रवर्तन दल निगरानी करेंगे और इन सिंगल यूज उत्पादों को लाने या ले जाने के लिये सीमा जांच केंद्र बनाए जाएंगे। सीपीसीबी के एप पर लोग शिकायत कर सकेंगे। भारत मे पहले भी पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक कचड़े को रोकने की पहल किया था। देश में 40 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचड़ा निकलने का अनुमान लगाया जाता है। जिससे हमारी जमीन,वन झील, नदिया,समुद्र,पहाड़ वन्य एवं जलीय जीवजंतुओं,पालतू पशुओं पर भी इनका हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### माया मिली न राम!

**लालच** में डूबी सत्ता और टूटी शिवसेना। उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री बनने के अति महत्वाकांक्षी फैसले और भाजपा से नाता तोड़ बेमेल दलों से जोड़तोड़ करने के कारण उनके परिवार की बपौती शिवसेना भी टूटी और सत्ता भी ढाई साल में हाथ से निकल गई। साथ ही मतदाताओं का विश्वास भी खोया। काश पहले ही भाजपा से मिलकर सरकार में शिवसेना शरकत कर लेती तो बेहतर फोर्टफोलियों में उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगियों को सरकार में मिलता, सत्ता भी पूरे समय बनी रहती, शिवसैनिक भी उनका मजबूत नेतृत्व बना रहता, बेमेल विचारधाराओं के दल के गठबंधन का काला धब्बा में उनपर नहीं लगता जिस उद्देश्य (हिंदुत्व) के लिए शिवसेना की स्थापना बालासाहब ठाकरे ने की थी। और शिवसेना व परिवार की साख भी बरक़रार रहती। आखिर सत्ता की मिठास (मुख्यमंत्री बनने के लालच) में उद्धव ठाकरे ने सत्ता भी गंवाई और शिवसेना की साख भी। दोनों तरफ से गए उद्धव जी जिन्हें माया मिली न राम।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**उप** मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एक उचित प्रशासनिक कार्रवाई का अनावश्यक राजनीतीकरण कर रहे हैं।

– **वी.के. सक्सेना**
दिल्ली के उप राज्यपाल

**सात** लोकतंत्र रूस के खिलाफ प्रतिबंध जरूरत रहने तक बनाए रखेंगे। रूस को जीतना नहीं चाहिए।

– **इमैनुअल मैक्रां**
फ्रांस के राष्ट्रपति





**दिनदहाड़े** नृशंस हत्या से स्पष्ट है कि अपराधी इस राज्य सरकार में विश्वास से भरे थे।

– **वसुंधरा राजे**
राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री

# झमाझम बारिश से झूम उठे किसान, धान की रोपाई शुरू

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में मंगलवार की देर रात शुरू हुई बारिश से जहां खेत में पानी हो जाने से किसान धान की रोपाई कराने के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं। लोगों को आने जाने वाले मार्गो पर भी जगह.जगह पानी भर गए और कीचड़ भी फैला नजर आ रहा है। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। तापमान में यह काफी गिरावट दर्ज की गई। किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आई। धान की रोपाई की तैयारी के लिए किसानों ने खेतों में जी तोड़ काम शुरू कर दिया है। दो दिन से हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। धान की रोपाई का काम भी तेज हो गया है। बारिश फसलों के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। अमानीगंज, खंडासा, कुमारगंज, बहादुरगंज, देवगांव, चिलबिली, धरमगंज, हैरिंग्टनगंज, कुचेरा बाजार, बारून बाजार, शाहगंज में हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत महसूस हुई तो वहीं किसानों के चेहरों पर भी



रौनक आ गई।बारिश न होने के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी थी। जिससे किसान धान की रोपाई को लेकर मायूस हो गए थे। किसान जैसे.तैसे निजी संसाधनों से अपनी फसल को बचाने में जुटे हुए थे छोटे किसान फसल की सिंचाई व रोपाई के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए थे। किसानों का 15 जून से धान की रोपाई का काम शुरू हो जाता है लेकिन इस बार बारिश देरी से होने के कारण धान की रोपाई भी देरी हो रही थी। कुछ किसानों की नर्सरी सूखने की कगार पर थी। जिसे बचाने के लिए किसानों ने निजी संसाधनों से उसे बचाने मे लगे थेए लेकिन अब किसान की धान की नर्सरी मौसमी बारिश पाने के चलते जल्द तैयार होगी और किसान धान की रोपाई शुरू कर देंगे। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक डॉ सीताराम मिश्रा ने बताया कि मानसून सक्रिय हो गया है 2 जुलाई तक ऐसे ही बारिश होती रहेगी फिलहाल किसान अपनी खेती की तैयारी में जुट जाएं।

# भाजपा ने खजुरी मण्डल में किया पौधरोपण

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** भाजपा के जन्मदाता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे कार्यक्रम वृक्षारोपण अभियान के तहत खजुरी मंडल के जैतूपुर शक्ति केंद्र के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी, तथा सुमन दुबे के कुशल संयोजन में जैतूपुर, रेवली, रामनगर कर्री, चपरा, आदि बूथों पर शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर 10-10 फलदार एवं औषधीय वृक्षों को रोपित किया गया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी ने लोगों को बताया कि वृक्ष हमारे जीवन हैं वृक्षों से हमें स्वच्छ हवा, फल, तथा औषधि प्राप्त होते हैं, तथा सहजन की खेती करने के लिए लोगों को प्रेरित किया एवं उसके लाभदायक गुणों पर विशेष चर्चा किया। वही मंडल अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि भाजपा के यशस्वी जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश तिवारी के निर्देशन में खजुरी मंडल को 900 वृक्षों के रोपण का लक्ष्य दिया गया है जिसमें आज तक 300 पौधे रोपित किए जा चुके हैं। शेष पौधों का रोपण 6 जुलाई तक प्रत्येक बूथ पर रोपित कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र संयोजक राकेश सिंह, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष राम बख्श सिंह, पूर्व प्रधान राणा संजय सिंह, बूथ अध्यक्ष शैलेश सिंह, उदयभान सिंह, फौजदार सिंह, तथा बूथ समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अल्लापुर व नैनी में बड़े नलकूप अधिष्ठापन का कार्य शुरू

## ● जल प्लावन की समस्या से निपटने और पेयजल की समस्या के दृष्टिगत शुरू हुआ काम

**प्रयागराज।** शहर में जल प्लावन की समस्या से निपटने और पेयजल की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शहर उत्तरी विधानसभा के तिलक नगर अल्लापुर और शहर दक्षिणी विधानसभा के रिफ्यूजी कॉलोनी नैनी में दो बड़े नलकूप अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ किया गया। इसका शुभारंभ नगर निगम प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने मातहत अधिकारियों के साथ गुरुवार को किया। महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने बताया कि इससे आसपास के लगभग दस हजार के करीब लोग लाभान्वित होंगे। लभगभ एक करोड़ रुपये का व्यय किया गया है। बताया कि मोरी दारागंज बाढ़ पम्पिंग स्टेशन में स्थापित पुराने पम्पों के स्थान पर दो नए पंप की स्थापना



नलकूप अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ करतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी।

की गई। जिसकी क्षमता 95 क्यूसिक है। बक्शी बांध क्षेत्र पंप हाउस की क्षमता भी बढ़ाई गई है। इसकी क्षमता 220 क्यूसिक थी। जो वर्तमान में बढ़ाकर 240 क्यूसिक कर दी गई है। सभी पुराने पंपों को बदल कर नया कर दिया गया है। जिसमें आने वाले दिनों में होने वाली वर्षा तथा बाढ़ के दौरान अल्लापुर के आसपास के बस्तियों को पानी की निकासी हो सके। नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग महाप्रबंधक जलकल हरिश्चंद्र बाल्मिकी जोनल अधिकारी संजय ममगाई मयंक यादव अधिशासी अभियंता संघभूषण पार्षद साहत हुसैन नीलम यादव कमलेश सिंह नामित पार्षद अनूप मिश्रा पूर्व पार्षद नीरज गुप्ता मण्डल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी काशी क्षेत्र सदस्य युवा मोर्चा हर्ष केसरी पूर्व काशी क्षेत्र सदस्य युवा मोर्चा गौरव मिश्रा महामंत्री राम जी मिश्र युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत दुबे युवा मोर्चा मंत्री रितेश शुक्ला महामंत्री अभिषेक सिंह चंद्र प्रताप समर बहादुर श्याम मिश्रा शुभम पाल सिंह सुधा तिवारी अभिषेक पांडेय सुरेश पटेल अरविंद पटेल सूरज पाल आशीष अरोरा परमानन्द वर्मा सुशील निषाद आलोक सिंह अनूप मिश्रा विवेक साहू रितेश शुक्ला रामजी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा बूथ सशक्तीकरण अभियान जारी

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में भाजपा का लगातार चल रहा बूथ सशक्तिकरण अभियान बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। जनपद में बूथ सशक्तिकरण अभियान में भाग लेने आए राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा और सांसद अशोक वाजपेई ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा आवंटित बूथों पर जाकर बूथों को सशक्त करने संबंधी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्य किया। विधान सभा टांडा में राज्य हज समिति अध्यक्ष मोहसिन रजा ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के जिला संयोजक दिलीप पटेल देव के साथ दौलतपुर महमूदपुर, मसड़ा मोहनपुर, बसहिया, हरैया, बसखारी, टांडा नगर के बूथों पर जाकर बूथ सशक्ति के लिए नेतृत्व द्वारा निर्देशित बिंदुओं पर कार्य करते हुए बूथ को मजबूत बनाने का कार्य किया। उन्होंने बूथ को सशक्त बनाने के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रफत एजाज के आवास पर आयोजित कार्यशाला को भी सम्बोधित किया।मोहसिन रजा ने कहा बूथ समिति ही संगठन की प्राण



है।इसलिए बूथ को मजबूत किया जाना आवश्यक है। संगठन की निचली इकाई की मजबूती ही हर स्तर पर सफलता की कुंजी है। सांसद अशोक वाजपेई ने पूर्व जिलाध्यक्ष/पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा के साथ आवंटित बूथ सूरापुर, चंदौली, पियारेपुर, जनार्दनपुर, हसनपुर सुंथर, शाहपुर कुरमौल, सैदपुर रज्जीपुर, दरियापुर कुतुब, अमेदा बूथों पर जाकर उनके मजबूती की परख कर बूथ अध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कपिल देव वर्मा के आवास पर आयोजित कार्यशाला में कहा की संगठन के सफलता की परिचायक बूथ समिति का मजबूत स्थिति में रहना ही चुनावी कुरुक्षेत्र में विजय का प्रतीक माना गया है। इसलिए बूथ समिति किसी प्रकार से कमजोर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने नेतृत्व द्वारा बूथ सशक्तिकरण के लिए जारी बिंदुओं की एक एक कर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# शीशम के पेड़ काटे जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

## ● बिना परमिट के काट डाले गए थे शीशम के 100 पेड़

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या

**कुमारगंज** वन रेंज अंतर्गत इनायत नगर थाना क्षेत्र के मलेथ बुजुर्ग गांव में दबंगों द्वारा 100 शीशम के हरे भरे पेड़ों को बिना परमिट के काट कर गिरा दिए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़ित की शिकायतों के बाद आखिरकार अवैध कटान में संलिप्त कुमारगंज वन रेंज के बीट प्रभारी ने मामले में दर्जनों सहित गांव के ही अमरनाथ उर्फ शिवपूजन यादव के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत इनायत नगर थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताते चलें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंगटन गंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत मलेथू बुजुर्ग गांव के पूरे टूड़ी निवासी श्याम ब्रह्मपुत्र छोटूराम ने इनायत नगर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि वह गाटा संख्या 3179 का संक्रमणीय भूमिधर है और मौके पर काबिज एवं दखील है। जिसमें उसके पुराने डेढ़ सौ शीशम के हरे भरे पेड़ भी खड़े हैं। गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है जिसमें उनके गांव के शिव पूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा चालाकी व बेईमानी से अपना चक उनके मूल घाटे पर बनवा दिया गया है। पीड़ित का आरोप था कि जानकारी के बाद उसने उपसंचालक चकबंदी न्यायालय में निगरानी भी दायर कर रखी है।

गांव में कब्जा परिवर्तन का कार्य चकबंदी विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। जिसमें चकबंदी लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा बिना उनकी मौजूदगी के पैमाइश कर दी थी। इस बीच रात में चोरी से शिवपूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा 100 शीशम के पेड़ों को मशीन से कटवा कर गिरा दिया गया था। जानकारी पाकर जब वह मौके पर पहुंचा था तब उसने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी थी। पीआरबी पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही लकड़ी काट रहे लोग मौके पर ही लकड़ी छोड़कर भाग निकले।

तब से वह मामले में कार्यवाही के लिए इनायत नगर थाने का चक्कर लगा रहा था। किंतु पुलिस और अवैध कटान में संलिप्त बीट प्रभारी फॉरेस्ट गार्ड दीपक शुक्ला प्रकरण में कार्यवाही से कतरा रहे थे। मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस एवं वन विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद कुमारगंज वन रेंज में तैनात बीट प्रभारी फॉरेस्ट गार्ड दीपक शुक्ला इनायत नगर थाने पहुंचे और मामले में अमरनाथ उर्फ शिवपूजन यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी ग्राम विश्वनोहर कोतवाली बीकापुर सहित दो दर्जन अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा वन संरक्षण 4धा10 अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है। बिना परमिट के अवैध रूप से काटी गई शीशम की लकड़ी भी शिकायतकर्ता के सुपुर्द कर दी गई है।

## क्विक न्यूज

### कन्हैया लाल के हत्यारों को चौराहे पर सरेआम फांसी दो: हिन्दू महासभा

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैया लाल की जेहादियों द्वारा नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की है। हिन्दू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश दत्त मिश्र ने इस हत्या को मानवता के नाम पर कलंक बताते हुए दोनों जेहादियों रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद को सरेआम चौराहे पर फांसी पर लटकाने की मांग की है। राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि जेहादियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने का वीडियो जारी कर देश को खुली चुनौती देने का दुस्साहस किया है। उन्होंने हत्यारे जेहादियों के तार भारत के शत्रु देशों से जुड़े होने की आशंका व्यक्त करते हुए भारत सरकार से जेहादियों के विरुद्ध कठोर कानून बनाने की मांग की है। राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि जिस प्रकार चीन ने जेहादियों के खिलाफकठोर नीति अपनाकर जेहादियों को उनके बिलों में दुबकने और त्राहिमाम करने पर विवश कर दिया है, उसी प्रकार भारत सरकार से चीन के समान कठोर नीति बनाकर भारत भूमि को जेहादियों से मुक्त करवाने पर विचार करना चाहिए। हिन्दू महासभा के जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह ने राजस्थान में कांग्रेस शासन में कानून व्यवस्था की उड़ती धज्जियाँ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस जेहादियों को संरक्षण देकर उनके हिन्दू विरोधी मंसूबों को परवान चढ़ा रही है। कांग्रेस शासन में राजस्थान हिन्दू विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है । यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कुछ वर्षों में ही राजस्थान भी कश्मीर के समान हिन्दू विहीन हो जाएगा। आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए हिन्दू महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने राष्ट्रपति से राजस्थान सरकार को भंग कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

### परिस्थितियों के अनुसार किया जा सकता है नियंत्रण

**प्रयागराज।** लोगों को राइड का शानदार अनुभव और बेहतरीन माइलेज देते हुए प्रॉपराइटरी टीवीएस इंटेलीगो टेक्नोलॉजी बड़े ही इंटेलीजेन्ट तरीके से ट्रैफिक सिगनल या अन्य छोटे स्टॉप पर इंजन को बंद कर देती है। थ्रॉटल को दबाते ही वाहन आगे बढ़ने के लिए फिर से तैयार हो जाता है। इस तरह राइड बेहद सुविधाजनक हो जाती है। टेक्नोलॉजी के चलते छोटे स्टॉप्स पर ईंधन की बर्बादी होने से बच जाती है। अपने पोर्टफोलियो के प्रीमियमीकरण को जारी रखते हुए टीवीएस ने नई टीवीएस रेडियॉन रिफ्रेश के लांच की घोषणा की है। नई टीवीएस रेडियॉन भारत की पहली एक सौ दस सीसी मोटरसाइकल है जो रियल टाइम माइलेज इंडीकेटर से युक्त मल्टी कलर रिवर्स एलसीडी क्लस्टर के साथ आती है। नई टीवीएस रेडियॉन प्रॉपराइटरी इंटेलीगो आईएसजी एवं आईएसएस सिस्टम से लैस है जो शानदार माइलेज के साथ राइड का बेजोड़ अनुभव प्रदान करती है। मोटरसाइकल अपने वर्ग में अग्रणी रिवर्स एलसीडी क्लस्टर और रियल टाइम माइलेज इंडीकेटर फीचर के साथ आती है।

### कवियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने का फैसला

**प्रयागराज।** प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। सुंदर कविताओं और हंसी के ठहाकों की जब एक साथ बात आती है तो शैलेश का ही नाम आता है। शैलेश अभिनेता लेखक एंकर और प्रसिद्ध कवि हैं। बयालीस वर्षों से दिल को छू लेने वाली अविश्वसनीय कविताओं से मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। शैलेश प्रमुख मनोरंजन चैनल शेमारू टीवी के नए ओरिजिनल शो वाह भाई वाह को होस्ट करते नज़र आएंगे। शो को उन्नीस जून की रात नौ बजे से हर दिन शो का आनंद ले सकेंगे। शैलेश के साथ तीन और कवि शामिल होंगे। जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी के हल्के फुल्के पक्ष को पेश करते हुए अपनी काव्य प्रतिभा से आपको हंसाएंगे और गुदगुदाएंगे। शो बेहतरीन कविता व्यंग्य भावनाएं और कॉमेडी प्रस्तुत करेगा। इसने देश के कवियों और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के लिए शो बनाने का फ़ैसला किया है।

### मेदांता के डॉक्टरों ने की हृदय और फेफड़े की जांच

**प्रयागराज।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मेडिमिक्स रिसर्च सेंटर बाबा चौराहा अशोक नगर में प्रसिद्ध मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के सहयोग से दो दिवसीय चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व आईएएस आर एस वर्मा की देखरेख में लगाया गया। जिसमें गुरुवार को अंतिम दिन करीब 62 और दो दिनों में लगभग 135 लोगों ने नि:शुल्क जांच कराई। वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनर्स के हृदय और फेफड़े के रोगों की जांच मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के विश्वविख्यात डा नरेश त्रेहन की टीम के विशेषज्ञ डॉक्टर्स डा केशव खेड़ा और डा अर्श दीप कौर ने की। साथ ही सभी ने ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर की जांच के अलावा आवश्यकतानुसार ईसीजी भी करायी। इस दौरान खून और अन्य जांचकर डॉक्टरों ने मुफ्त परामर्श भी दिया। इस दौरान नियमित सही भोजन के बारे में डायट चार्ट भी लोगों को सौंपा गया। दो दिनी शिविर का शुभारंभ बुधवार को प्रयागराज के मण्डलायुक्त संजय कुमार गोयल ने फीता काटकर किया था। शिविर के समापन के अवसर मेदांता के डॉक्टर्स के प्रति एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व मंडलायुक्त आर एस वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# भव्य कार्यक्रम का आयोजन दो जुलाई से

**प्रयागराज।** पिछले तीस वर्षों से भारत में रियलिटी टेलीविजन के नए नए अंदाज़ दिखाने में ज़ी टीवी सबसे आगे रहा है। चैनल ने दर्शकों को अंताक्षरी सारेगामापा डांस इंडिया डांस और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़ जैसे देसी नॉन फिक्शन फॉर्मेट्स दिए। जो न सिर्फबेहद पॉपुलर टैलेंट बेस्ड रियलिटी फ्रेंचाइज़ी साबित हुए। इस साल की शुरुआत में जोर शोर से डीआईडी लिटिल मास्टर्स लांच किया गया था। ज़ी टीवी के पॉपुलर नॉन फिक्शन शो डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न को भी जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला था। अब एक बार फिर ज़ी टीवी डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लेकर आ रहा है। जो दो जुलाई से हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे प्रसारित किया जाएगा। जो टैलेंटेड महिलाओं के सफर में उनका मार्गदर्शन करेंगे और उनके सपने पूरे करने में उनकी मदद करेंगे। नए पैनल में पॉपुलर बॉलीवुड स्टार भाग्यश्री दस्सानी नजर आएंगी। साथ में डीआईडी के ओरिजिनल जज रेमो डिसूज़ा भी पहली बार डीआईडी सुपर मॉम्स को जज करेंगे।

# अवध विवि में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर बुधवार को प्रो. वीसी महालनोबिस का सांख्यिकी के क्षेत्र मे योगदान विषय पर ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता पं दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालयए गोरखपुर के गणित एवं सांख्यिकी विभाग एवं यूजीसी रिसोर्स सेन्टर के पूर्व निदेशक प्रो. हिमांशु पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बीबीएयू लखनऊ के डॉ. एसके यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकायाध्यक्ष प्रो. चयन कुमार मिश्र ने की। अतिथियों का स्वागत गणित एवं सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो. एसएस मिश्र द्वारा किया गया।

सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. हिमांशु पाण्डेय ने प्रो. पीसी महालनोबिस के जीवन का चित्रण करते हुए कहा कि उन्होंने सांख्यिकी के अनुपम सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। जो हम सभी के लिए एक उदाहरण है। विद्यार्थियों को महालनोबिस के सांख्यिकी के सिद्धांतों को जानना चाहिए। उन्होंने बताया कि कठिन से कठिन समस्या को सांख्यिकी के माध्यम से हल किया जा सकता है। इसके लिए सांखिकी के व्यवहारिक पक्षों को जानना होगा। प्रो. पीसी महालनोबिस के सांख्यिकी के क्षेत्र में किए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकायाध्यक्ष प्रो. चयन कुमार मिश्र ने बताया कि भारत सरकार ने प्रो. महालनोबिस के सांख्यिकी के क्षेत्र में उनके वृहद शोध कार्यो के साथ सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्र मे अनुप्रयोग सहित अन्य को देखते हुए पद्मविभूषण से सम्मानित किया था। हमें उनके जीवन से परिचित होने के साथ सांख्यिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. एस0 के0 यादव ने पी0 सी0 महालनोबिस के जीवन की व्याख्या करते हुए बताया कि उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तो से आज हम डाटा विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। स्वागत उद्बोधन में गणित एवं सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो0 एसएस मिश्र ने प्रो0 पीसी महालनोबिस के विभिन्न प्रारूपों के अनुप्रयोग के बारे मे बतलाते हुए कहा कि द्वितीय पंचवर्षीय योजना की रूप रेखा जो कि भारत औद्योगिक विकास से संबंधित थी, इसकी नीव प्रो0 महालनोबिस ने रखी थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो. एसके रायजादा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के सह आचार्य डॉ पीके द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ. अभिषेक सिंहए डॉ. सविता चन्देल, डॉ0 संदीप रावत, शालिनी मिश्र, अनामिका पाठक सहित शोधार्थी एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक का प्रयोग न किये जाने को निकाली गई जागरूकता रैली



हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी।

**प्रयागराज।** नगर निगम की ओर से गुरुवार को भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग न किये जाने हेतु प्लग रन जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी और नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर किया। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। सड़क पटरी पर पड़े पालीथिन और कचरा को कपड़े के झोले में महापौर और तमाम अधिकारियों ने इकट्ठा किया। महापौर ने उपस्थित जनमानस और शहर की जनता से अपील भी किया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें तथा कपड़े के झोला का प्रयोग करें। इस अवसर पर नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग पार्षद नीलम यादव नामित पार्षद सबीना सिद्दीकी अनूप मिश्रा जोनल अधिकारी संजय ममगई मदन गोपाल एस पी सिंह नीरज सिंह रविंद्र कुमार पर्यावरण अभियंता उत्तम वर्मा अनिल कुमार काशी क्षेत्र सदस्य युवा मोर्चा हर्ष केसरी पूर्व काशी क्षेत्र सदस्य युवा मोर्चा गौरव मिश्रा समेत सफाई निरीक्षक और सफाई नायक उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया: डीएम

**अम्बेडकरनगर।** सीडीओ घनश्याम मीणा का स्थानांतरण नगर निगम फिरोजाबाद में नगर आयुक्त के पद हो गया है। इसके उपरांत अविरल होटल अकबरपुर में बुधवार को देर रात्रि आयोजित विदाई समारोह में मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, एडीएम अशोक कुमार कनौजिया, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, जिला विकास अधिकारी विरेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक राकेश ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शर्मा, डीसी एनआरएलएम आर बी यादव,उपजिलाधिकारी पवन कुमार जयसवाल, क्षेत्राधिकारी,जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी व अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने स्थानान्तरित मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प् गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया।



विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाले मुख्य विकास अधिकारी ने अपने कार्यकाल में जनपद में कई महत्वपूर्ण कार्यो को बड़ी सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अंबेडकर नगर विकास कार्यों में राज्य में प्रथम स्थान पर रहा जिसमें मुख्य विकास अधिकारी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक,अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, डीसी एनआरएलएम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद अंबेडकर नगर को वह हमेशा याद रखेंगे। जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में एक टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की।

# राजेंद्र प्रताप बने डायट प्राचार्य, संभाला कार्यभार

## ● दर्जन भर जिलों में राजेन्द्र प्रताप रह चुके हैं डीआईओएस

**प्रयागराज।** वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रताप ने गुरुवार को प्रयागराज के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के प्राचार्य का कार्यभार संभाल लिया। चंदौली निवासी राजेंद्र प्रताप की शिक्षा वाराणसी के यूपी कॉलेज से हुई। प्रयागराज के कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज से एमएससी एजी भी किया है। वर्ष 1995 बैच के पीईएस अधिकारी राजेन्द्र प्रताप मृदुभाषी सौम्य व्यवहार और ईमानदार छवि के हैं। राजेंद्र प्रताप की पहली पोस्टिंग आजमगढ़ में एसोसिएट डीआईओएस इसके बाद प्रभारी डीआईओएस और उसके बाद अंबेडकर नगर सुल्तानपुर बस्ती संतकबीरनगर बलिया गाजीपुर प्रयागराज सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में डीआईओएस का कार्य कर चुके हैं। प्रयागराज में डीआईओएस एडी बेसिक डीडीआर यूपी बोर्ड मुख्यालय में अपर सचिव प्रशासन और शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश प्रयागराज में उप शिक्षा निदेशक अर्थ के पद पर रह चुके हैं। राजेंद्र प्रताप की गणना प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों में की जाती है। वह इसके पहले भी डायट प्राचार्य के पद पर कुशलता पूर्वक कार्य कर चुके हैं। डायट प्राचार्य प्रयागराज बनाए जाने पर राजेन्द्र प्रताप को वरिष्ठ शिक्षाधिकारियों और शिक्षक नेता डा शैलेश कुमार पांडेय माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा विजय कुमार यादव बेसिक शिक्षा के देवेन्द्र श्रीवास्तव वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा ज्ञान प्रकाश सिंह विनोद कुमार सिंह जीजीआईसी की वरिष्ठ प्रवक्ता डा रेखा राम दिनेश कुमार सहित अन्य शिक्षक नेताओं ने बधाई दी है।

# दागी शिक्षक को ही बना दिया निदेशक प्रशासन व परिवीक्षण

## ● कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के आरोप में विवि प्रशासन उन्हें कर चुका है दायित्व मुक्त

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से दागी एवं सभी दायित्वों से मुक्त किए गए विवि कर्मी को कृषि विवि के महत्वपूर्ण पद निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण का पद सौंप दिया है। विवि के कुलपति द्वारा लगातार विवि में रेवड़ी की तरह प्रशासनिक पदों को बांटे जाने को लेकर अब चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म हो गया है यही नहीं इन अनियमितताओं का प्रकरण प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के राज्यपाल के दरबार तक पहुंचने लगा है। बताते चलें कि बीते 19 फरवरी दो हजार अट्ठारह को कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रशासनिक अधिकारी एस के पांडे द्वारा एक प्रशासनिक आदेश जारी किया गया था। जिसमें वर्तमान में विवि के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण बनाए गए डॉ अशोक कुमार सिंह के विरुद्ध निर्दोषों की अनदेखी करने तथा धारा 23 के निस्तारण में शिथिलता बरतनेए कुलाधिपति को प्रेषित किए जाने वाले पत्र को बिना किसी अधिकारी को संबोधित किए कुलपति के ई मेल से पत्र भेजने का आरोप लगाते हुए उन्हें उपरोक्त सभी अतिरिक्त दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था।

ज्ञातव्य हो कि बीते 16 मई 2016 को डॉ अशोक कुमार सिंह सहायक प्राध्यापक क्रॉप फिजियोलॉजी विभाग को सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय एवं नोडल अधिकारी लीगल तथा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत पत्रों के निस्तारण हेत नोडल अधिकारी नामित किया गया था। उनके द्वारा दायित्व निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई थी जिस के क्रम में तत्कालीन कुलपति के निर्देश पर विवि के प्रशासनिक अधिकारी एसके पांडे ने उन्हें समस्त दायित्वों से मुक्त कर दिया था। इस बीच विवि के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह की विशेष कृपा एक बार फिर दागी सहायक प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार सिंह पर बरस गई और उन्हें विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण पद निदेशक प्रशासन और परिवीक्षण का अतिरिक्त दायित्व सौंप दिया गया। जिनकी अनियमितताओं के चर्चाओं के बाजार विश्वविद्यालय में पूरी तरह से गर्म हो गए हैं। उनके कारनामों से विश्वविद्यालय कर्मियों एवं शिक्षकों में गहरा असंतोष भी व्याप्त हो गया है।

# डीएम ने देखीं बाढ़ से बचाव की तैयारियां

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने गुरूवार को तहसील बिसवां क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर बाढ़ से राहत एवं बचाव के लिये की गयी व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकी मारूबेहड़ (चहलारी रोड) के अतिरिक्त ग्राम पासिनपुरवा, गोलोक कोडर, चहलारी घाट आदि गांवों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। बाढ़ से बचाव के लिये बनाये गये बांधों की स्थिति को भी देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बाढ़ राहत से संबंधित समस्त कार्यों को समय से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। बाढ़ चौकी पर आवश्यक राहत सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों एवं पशुओं को समय से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचानें हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। तटों के अधिक नजदीक बसे लोगों को कम से कम 50 मीटर पीछे अवश्य हटने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दी। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बम्बू क्रेटिंग के साथ-साथ अन्य कटान रोधी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानों, लेखपालों को निर्देशित किया कि तहसीलदार से समन्वय करते हुये सूचनाओं का समय से अदान प्रदान सुनिश्चित करें व बाढ़ बचाव हेतु सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों में सहयोग करें। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाईटों की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। सर्च लाईट, पेट्रोमेक्स अन्य आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि बढ़ते बाढ़ के स्तर की सूचना तत्काल जनता को अवश्य दी जाये। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं के लिये पर्याप्त आश्रय स्थल एवं भूसा व हरा चारा का प्रबंध करने के निर्देश देते हुये उन्हें आश्रय स्थलों तक पहुंचानें हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं को फल इत्यादि भी खिलाया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता शारदा नहर विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# नगर के विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने बैठक कर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**नगर व तहसील** क्षेत्र के विभिन्न हिंदूवादी अनुषांगिक संगठनों ने खत्रीयाना चौराहा स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में राजस्थान के उदयपुर में घटित घटना को लेकर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू युवा वाहिनी, हिंदू महासभा व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मृत आत्मा कन्हैया टेलर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए कामना की गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में घटित इस हृदय विदारक घटना के चलते पूरे देश के हिंदू जनमानस में एक शोक व वेदना की लहर फैल गई जिसके चलते स्थानीय प्रशासन बीते सोमवार से ही हाई अलर्ट मोड पर रहा बीते मंगलवार की शाम को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव दीक्षित पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह के निर्देशन कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य चौराहों पर फ्लैग मार्च किया गया इसके साथ बुधवार को प्रातः काल कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह नगर के विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के साथ बैठक कर समाज में अमन व शांति कायम रखने के लिए उपस्थित विभिन्न हिंदू वादी अनुषांगिक संगठन के नेताओं से अपील कर निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार का कोई जुलूस यात्रा प्रदर्शन आज न करके किसी विशेष स्थान पर एकत्र होकर हम लोगों को सूचित करें वहीं आकर हम आपका ज्ञापन प्राप्त कर लेंगे इसके साथ ही शाम को नगर व क्षेत्र की दोनों समुदायों को कोतवाली परिसर बुलाकर पीस कमेटी की बैठक का भी आयोजन किया इसी क्रम में बुधवार को देर शाम नगर के खत्रीआना चौराहे स्थित राधाकृष्ण मंदिर में हिंदूवादी संगठनों द्वारा एक शोक व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्र व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह को सौंपा गया राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन में मृतक कन्हैया टेलर के परिवार की सुरक्षा व परिजनों को आर्थिक सहयोग व परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई व राजस्थान सरकार द्वारा बरती जा रही लापरवाही की घोर निंदा भी की गई इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह नगर चौकी प्रभारी जेपी यादव भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे.. शोक व श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य वीरेंद्र पुरी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष विवेक पुरी भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश कुमार बाजपेई, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री मयंक टंडन, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बंशीधर पाठक, भाजपा नगर महामंत्री वीरेंद्र मिश्र ,आकाश रस्तोगी, प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, भगवान दीन त्रिवेदी, नगर पालिका सभासद राजू तिवा,री सौरभ पुरी, निखिल मेहरोत्रा ,उमेश मेहरोत्रा, रामानंद अवस्थी, हिंदू युवा वाहिनी के नगर प्रभारी निर्भय पांडे, अमित पाठक, प्रखर पांडे, महेंद्र मिश्र, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष विनीत जायसवाल सहित विभिन्न हिंदू वादी अनुषांगिक संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीसी संचालक ने उड़ा दिए उपभोक्ताओं के लाखों रुपए

संवाददाता। बेहजम खीरी

**साइबर क्राइम** से बचने के लिए जहां सरकार के निर्देशानुसार बैंकों के साथ पुलिस विभाग भी लोगों को जागरूक करने के लिए चौपालों का आयोजन किया जा रहा है वहीं बेहजम कस्बे की इंडियन बैंक (इलाहाबाद बैंक) के द्वारा विगत वर्षों में गांवों में ग्राहक सेवा केंद्र खोले गए थे जिसमें उपभोक्ताओं को छोटी जमा निकासी के लिए गांव से निकलकर बैंक तक न जाना पड़े। इसके लिए बैंकों के द्वारा गांव में ग्राहक सेवा केंद्र खोलकर लोगों को सुविधाएं दी गई थी। पर इन ग्राहक सेवा केंद्रों पर उपभोक्ताओं का रुझान न देखते हुए बैंक कर्मचारियों के द्वारा छोटी जमा निकासी के लिए बीसी काउंटरों पर खाता खोलने व जमा निकासी के लिए दबाव बनाया गया। बेहजम बैंक की बीसी ग्राहक सेवा केंद्र बसारा के संचालक संदीप कुमार ने अपने ग्राहकों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपए की रकम डकार कर कहीं रफूचक्कर हो गया। जब बसारा गांव के दर्जनों



उपभोक्ताओं ने जब अपने खाते की जानकारी ली उनके पैरों के नीचे से जमीन खसकती नजर आयी। मेहनत की एक एक पाई जोड़ कर लोग भविष्य के लिए बचत कर अपनी रकम बैंक में जमा करते हैं और भोले भाले ग्रामीणों से अंगूठा लगाकर वह रकम बीसी संचालक के द्वारा उ?ा ली जाती। जब बदहवास बैंक की उपभोक्ता सुशीला देवी पत्नी शिवराम, रेनू देवी पत्नी संतोष कुमार, सरोजनी देवी, राजरानी, रेखा देवी, सुमन, सन्तकुमार, प्रियंका, तेजपाल, दीनदयाल, रिंकू, चमेली, कान्ती देवी, दिनेश चन्द्र, राखी देवी राहुल वर्मा, अनूप कुमार, राधेश्याम सीमा देवी, रामवती, तेजीराम, अवधेश कुमार, नेहा, किरन देवी, लक्ष्मी देवी व नेहा निवासी बसारा थाना नीमगांव के सहित कई लोगों ने शाखा प्रबंधक रिंकी वर्मा और चौकी प्रभारी बेहजम सुनील बाबू अवस्थी को शिकायती पत्र देकर आरोपी बीसी संचालक संदीप कुमार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। उपभोक्ताओं ने बताया कि कि शिकायत दर्ज कर जांच करना तो दूर उल्टे उनको बैंक से भगाया भी जाता रहा है। अगर बीसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है तो बैंक के उपभोक्ता जिला मुख्यालय और प्रदेश सरकार के सामने अपनी समस्या बतायेंगे और अपने जीवन की गा?ी कमाई की रकम वापस दिलाने की गुहार लगायेंगे।

# मुख्यमंत्री ने किया कॉमन फेसिलिटी सेंटर का लोकार्पण

संवाददाता। बिसवां सीतापुर

**बिसवां तहसील** क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर माफी में ओडीओपी योजना के अंतर्गत बने कामन फेसिलिटी सेंटर का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लोकभवन में वर्चुअल तरीके से माउस पर क्लिक कर किया। जिसका प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया इस मौके मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि बैंकर्स अधिकारियों उधमियों के सहयोग से उत्तरप्रदेश ने बेरोजगारी को कम करते हुए युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देने में सफलता हासिल की है कोरोना काल मे भी लोन मेले आयोजित किये वर्चुअल लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री ने बुनकर वेलफेयर सोसायटी के सचिव बदर हयात कौसर से वर्चुअल वार्तालाप किया और संस्था के पूर्व की स्थितियों इससे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी ली इस लाइव प्रसारण



को विधायक निर्मल वर्मा सहित जिलाधिकारी अनुज सिंह उपजिलाधिकारी पी एल मौर्य, उपायुक्त आशीष गुप्ता, बुनकर वेलफेयर सोसायटी के हाजी रफीक वेदरत्न मिश्र अनुज वर्मा के अलावा संस्था के सैकड़ो लोगो एवं आला अधिकारियों ने देखा। मुख्यमंत्री के लोकार्पण लाइव प्रसारण के उपरांत विधायक निर्मल वर्मा और जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कॉमन फेसिलिटी सेंटर का लोकार्पण किया और फीता काटकर अत्याधुनिक मशीनों का उद्घाटन किया और सेंटर में लगी विभिन्न मशीनों यार्न काउंट मशीन जीएसएल मशीन कलर मैचिंग मशीन टी एफ ओ ट्विस्टर मशीन बेन्डिंग मशीन निटिंग मशीन जिगजैग मसीन ब्रेडिंग मशीन सिंगल निडिल ओवर लॉक इत्यादि मशीनों का जायजा लिया और सेंटर के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान विधायक निर्मल वर्मा और जिलाधिकारी अनुज सिंह विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना गुरप्रीत सिंह, इस्राइल रजनीकांत गौतम , विकास कुमार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में अभिषेक साहू आशुतोष कुमार संतराम विशाल कुमार ओडीओपी उबेद अकरम अंसारी जलीस अहमद प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में प्रेमलाल अरविंद कुमार इत्यादि को लोन का संस्तुति पत्र दिया। योजना को लेकर उपायुक्त आशीष गुप्ता ने बताया कि सीतापुर जनपद में ओडीओपी प्रोडक्ट दरी है इस सेंटर में बुनकरों और उधमियों के अभी चार सुविधाएं मुहैया होंगी जिनमे कच्चा धागा व रा मटेरियल, कामन प्रोसेसिंग सेंटर, तीसरा डिजायनिग व सैंपलिंग चौथा है डिस्प्ले और एक्जीबिशन सेंटर।

# कम्पोजिट विद्यालय में हुई संकुल की बैठक

**कसमंडा सीतापुर।** विकास खंड कसमंडा के अंतर्गत न्याय पंचायत आशोधन व न्यायपंचायत कसमंडा के प्राथमिक विद्यालय मुसल्लेपुर व कम्पोजिट विद्यालय कोकनमऊ में शिक्षक संकुल की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन हुई बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी अध्यापको से नामांकन लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा करने आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी विद्यालयो का शत प्रतिशत संतृप्तीकरण द्वितीय चरण के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान की रैली निकालकर जागरूक करने साथ स्टूडेंट डाटा का प्रेरणापोर्टल पर शत प्रतिशत पंजीकरण और डी बी टी कार्य समयान्तर्गत पूर्ण करने सभी बच्चो का आधार पंजी करण पोर्टल पर करने के लिए सभी अध्यापको को निर्देश दिए। बैठक में कुसुम यादव दामिनी शुक्ल.संदीप श्रीवास्तव पंकज कुमार विमल कुमार सुबोध कुमार शर्मा अनीता शुक्ल रविंद्र मिश्रा कैलाश राठौर लक्ष्मी शुक्ल आशुतोष अवस्थी अरुण बाजपेई काजल द्विवेदी विजयलक्ष्मी वंदना पाठक ज्ञानेश बाजपेई सतेंद्र नाथ श्रीवास्तव गिरिजेश अवस्थी सहित संकुल के सभी अध्यापक व शिक्षामित्र मौजूद रहे !।

# जिलाबदर अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/ वारंटी/ जिलाबदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में 30 जून को थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के हिस्ट्रीशाटर एवं जिलाबदर अभियुक्त हरीनारायन पुत्र ठग निवासी मुरारखेडा थाना सम्पूर्णानगर को जिला मजिस्ट्रेट के गुण्डा अधिनियम में जिलाबदर आदेश के उलंग्घन में गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना सम्पूर्णानगर पर मु0अ0सं0 159/22 धारा 10 गुण्डा अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बलवन्त शाही, कांस्टेबल सुगम कुमार, कांस्टेबल बलवीर सिंह व कांस्टेबल नितिन कुमार शामिल रहे।

# स्विमिंग पूल में डूब कर बच्चे की मौत

**बरेली ।** स्विमिंग पूल में डूब कर बच्चे की मौत हो गई घर वालों में स्विमिंग पूल के मालिक को उसकी मौत के लिए जिम्मेदार बताया पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आंवला थाना क्षेत्र के गांव अडावन पुर निवासी 9 वर्षीय नैतिक मौर्य पुत्र बाबूराम मौर्य की गांव के पास स्थित सचिन गुप्ता के स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि नैतिक के मौर्य गांव के पास स्थित सरकारी स्कूल मे कक्षा चार का छात्र था इन दिनों गांव के पास ही मेला लग रहा है बच्चों के साथ नैतिक भी मेला देखने के लिए कल शाम को गया था लेकिन मेला स्थल के पास ही सचिन गुप्ता के स्विमिंग पूल में तैरने के लिए चला गया इस स्विमिंग पूल पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे गार्ड ने पैसे लेकर नैतिक को स्विमिंग पूल में तैरने की अनुमति दे दी कुछ देर बाद नैतिक पानी में डूब गया उसकी लाश को वहां मौजूद लोगों ने पानी पर तैरते देखा और घटना की जानकारी पूल के गार्ड को दी जिस ने शव को बाहर निकाल लिया सूचना मिलने पर नैतिक के घर वाले भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक चार भाई बहन थे।

पति पत्नी को घर वालों ने जमकर पीटा

बरेली । मामूली विवाद के बाद पति पत्नी को घर के ही लोगों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट किया जिससे वह घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठीरिया निजावत खां निवासी जीशान और उसकी पत्नी रुबीना को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जीशान ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है और गांव में उसके दो मकान है लेकिन वह पत्नी और बच्चों के साथ परिजनों के साथ ही एक मकान में रहता है उसकी पत्नी पिछले कई दिनों से दूसरे मकान में रहने की बात कह रही है आज सुबह जब उसने यह बात अपनी मां को बताई तो मां गुस्से में आ गई और उसकी पत्नी को गालियां देने लगी उसने विरोध किया तो मां और उसकी दोनों बहनों ने उसके साथ मारपीट कि जिससे दोनों घायल हो गए शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बचा लिया घटना की शिकायत उसने पुलिस से की गई जिसने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।

## पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

**बरेली ।** दिल्ली से घर वापस लौट रहा एक युवक अचानक लापता हो गया और आज सुबह उसकी लाश उसके ही खेत में आम के पेड़ पर लटकी पाई गई मृतक के घर वालों ने गांव के दबंगों पर उसकी हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव दिलवारी निवासी 19 वर्षीय नरवीर पुत्र हरपाल की लाश आज सुबह उसके खेत में आम के पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि नरवीर के गांव के ही रहने वाली एक विवाहित महिला से अवैध संबंध थे ।

# जून निकल गया, पूरे नहीं हो सके बालिका महाविद्यालय के शिक्षण कक्ष

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर

**नैमिषारण्य के** ठाकुरनगर में निर्माणाधीन बालिका महाविद्यालय का काम कछुए की रफ़्तार से चल रहा है, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की कड़ी फ्टकार के बाद भी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा कार्य पूरा होने में अभी काफ़ी वक्त है। ज्ञात हो कि नैमिषारण्य तीर्थ में बन रहे कन्या महाविद्यालय के निर्माण कार्य कि प्रगति जानने के लिए उच्च शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री रजनी तिवारी क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव के साथ गत 15 जून को निरीक्षण करने पहुंची थी तो यहां पर चल रहे कार्य से वह संतुष्ट नहीं दिखी और उन्होंने कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम लि लखनऊ को फ्टकार लगायी थी। महाविद्यालय के लिए जरूरी 843.74 लाख रुपए की धनराशि वर्ष 2021 में ही अवमुक्त की जा चुकी है। मंत्री जी के रुख को देखते हुए मौके पर मौजूद कार्यदाई संस्था के अधिकारियों ने जून के अंत तक क्लासरूम तैयार कर देने की बात कही थी जिसका निरीक्षण करने ज़ब पत्रकार मौके पर पहुँचे तो महाविद्यालय के क्लास रूम अभी तक तैयार नहीं हुए हैं।महाविद्यालय का कार्य 2016 में शुरू होकर 2017 में पूरा हो जाना चाहिए था पर अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते अभी तक इस महाविद्यालय का कार्य पूरा नहीं हो सका है।

## क्या बोली राज्यमंत्री

इस मुद्दे पर उच्च शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने बताया कि निगम ने कक्षाओं को तैयार करने के लिए 30 जून कि तारीख मुझे बताई थी। अगर एक, दों दिन अगर बढ़ जाते हैं तो उसकी कोई बात नहीं दों दिन बाद मैं अपने स्तर से इसकी जाँच कराआऊंगी यदि कार्य पूरा नही हुआ तो कारवाई की जायेगी।

# क्विक न्यूज

## शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत प्रतापपुर के सभी शिक्षक संकुल और प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एआरपी श्याम किशोर उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों का विद्यालय की नन्ही-मुन्नी बच्चों ने चंदन वंदन कर स्वागत किया।तत्पश्चात बैच अलंकरण कर सभी सम्मानित अतिथियों का सम्मान किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक संकुल द्वारा स्कूल रेडिनस कार्यक्रम और बाल वाटिका के कार्यों पर विधिवत चर्चा की गई। एआरपी द्वारा शिक्षकों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी सनक समाधान का प्रयास किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के फूलबेहड़ ब्लॉक के मंत्री अजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी शिक्षकों को अभिप्रेरित किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या द्विवेदी द्वारा धन्यवाद उदबोधन के पश्चात सभी अतिथियों ने विद्यालय में बनाए गए सेल्फी स्टैंड पर जाकर सेल्फी ली और मुक्त कंठ से समस्त स्टाफ के कार्यों की सराहना की। इस प्रकार अपने उद्देश्यों को पूर्ण प्राप्त कर आज की सफल मीटिंग का समापन हुआ।

## डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर जिले केकई हिस्सों में बुधवार शाम से ही तेज बारिश हो रही है। बारिश से किसान खुश हैं तो वहीं नदियों ने कटान शुरू कर दिया है। निघासन में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया। बीते दिनों कई गांवों में पानी भर गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह अधिकारियों के साथ ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम करदहिया मानपुर पहुंचे। उन्होंने शारदा नदी में बढ़े जलस्तर से शुरू हुए कटान का जायजा लिया। संबंधित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी।नदी के किनारे से जोरों से शुरू हुआ कटान शारदा नदी कई सालों से क्षेत्र में तबाही मचा रही है। हर साल होने वाले बरसात में नदी कटान करती है, जिससे आस पास बसे गांव के लोग प्रभावित होते हैं। निघासन में शारदा नदी के किनारे ग्राम पंचायत करदहिया मानपुर के अहिराना, मंझरी समेत 6 से ज्यादा गांव बसे हैं। इन गांवों में नदी ने जोरों से कटान शुरू कर दिया है।इससे लोग परेशान हैं। लोगों को मजबूरन पलायन करना पड़ रहा है। मंझरी गांव की हालत तो और भी बदतर है। लोगों के घर में चूल्हा तक नहीं जल पा रहा है। वही निकटवर्ती ग्रामीणो मे भी निरन्तर होने शारदा नदी के कटान से दहशत का माहौल बना हुआ हैं।

## जिला जज व डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को जिला जज मुकेश मिश्रा व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान सीजेएम चिंताराम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/जज कर्णिका अवध मौजूद रही।जिला जज, डीएम-एसपी ने बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए।इस दौरान ?िला जज ने जेल बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह, जेलर पंकज सिंह, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, नीरज कुमार, सुषमा शुक्ला, चिकित्सक डा. दीपांकर, डा. अजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सदस्य अधिवक्ता मो.सईद खां मौजूद रहे।

# विधायक-डीएम ने लाभार्थियों को वितरित किए ऋण स्वीकृत पत्र

**लखीमपुर खीरी।** लोक भवन में आयोजित वृहद ऋण मेला, वार्षिक ऋण योजना का शुभारम्भ, लाभार्थियों से सीएम संवाद कार्यक्रम का खीरी में सजीव प्रसारण हुआ। इसमें खीरी एनआईसी से जरिये विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह व लाभार्थी वर्चुअल जुड़े।

एनआईसी में विभिन्न रोजगार परक योजनाओं के लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने ऋण वितरण के स्वीकृत पत्र दिए। गुरुवार को ऑनलाइन रोजगार संगम ऋण मेले में विधायक धौराहरा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना से आयल उद्योग के लिए ममता देवी को 10 लाख, सीएम युवा स्वरोजगार योजना से आरो रिपेयर-सर्विस कार्य हेतु 10 लाख, ओडीओपी योजना से



गुण व्यवसाय के लिए पंकज यादव को 10 लाख, पीएम मुद्रा योजना से आयरन स्टील, फैब्रिकेशन के लिए गुफरान सिद्दीकी व आटा-तेल उद्योग हेतु राहुल टंडन को 10-10 लाख, रिटेल आउटलेट हेतु नरेंद्र वर्मा को 5 लाख के ऋण की स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

विधायक, डीएम, सीडीओ ने उप्र खादी-ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थी राजीव गुप्ता को 15 लाख, शालिनी वर्मा को 10 लाख, सीएम ग्रामोद्योग रोजगार योजना के लाभार्थी सुधीर कुमार को तीन लाख, राकेश वर्मा को दो लाख व काशीराम को एक लाख का ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने रोजगारपरक योजनाओं के लाभार्थियों को प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर स्वाबलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय पांडेय, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह सहित करीब 10 लाभार्थी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की अहम बैठक

लखीमपुर खीरी। गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अनिल सिंह, सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर मौजूद रहे।

बैठक के शुरू में सीएमओ डॉ. शैलेंद्र ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति, प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए इसकी डेली मॉनिटरिंग करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने समीक्षा करते



हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत-शत सुनिश्चित की जाए। डीएम ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की, जरूरी दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। वैक्सीनेशन से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहने पाए। 15 तक सभी के वैक्सीनेशन की कार्यवाही पूर्ण कराए। ड्यू व ओवर ड्यू डोज की भी समीक्षा की। अभियान चलाकर ड्यू व ओवर ड्यू डोज लगाए। वैक्सीनेशन में फिसड्डी ब्लॉक धौराहरा, बांकेगंज, ईशानगर, बिजुआ को 15 जुलाई तक सभी आयु वर्ग में अपेक्षित सुधार करें। 16 जुलाई को चारों एमओवाईसी अद्यतन प्रगति से उन्हें स्वमं अवगत कराएंगे।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 1 जुलाई , 2022



# एमएसएमई की मदद के लिए हर कदम उठा रही सरकारः मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए छोटे उद्यमों की मदद को हर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उनकी क्षमताओं के पूर्ण उपयोग को लेकर नई नीतियां बनाई जा रही हैं। मोदी ने यहां उद्यमी भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के निर्यात को बढ़ाने और उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने के लिए भारत के एमएसएमई क्षेत्र का मजबूत होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस मौके पर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कई पहल की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा, हमारी सरकार आपकी काबिलियत और अपार क्षमता को ध्यान में रखकर निर्णय कर रही है और नई नीतियां बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कदम उठाए गए हैं और उठाए जा रहे हैं, उनका उद्देश्य एमएसएमई को बढ़ावा देना और गुणवत्ता बढ़ाना है। इस मौके पर उन्होंने एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और उसे गति देने के लिए 6,000 करोड़ रुपए की योजना रैंप (रेजिंग एंड एक्सिलेरेटिंग एमएसएमई परफार्मेन्स) की शुरुआत की। साथ ही उन्होंने वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार निर्यात करने वाले एमएसएमई निर्यातकों के क्षमता निर्माण (सीबीएफटीई) की योजना शुरू की। इसके अलावा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) में नई विशेषताओं की घोषणा की।

उन्होंने पीएमईजीपी लाभार्थियों को 2022-23 के लिए डिजिटल तरीके से सहायता का भी हस्तांतरण किया। साथ ही एमएसएमई आइडिया हैकॉथन, 2022 के परिणामों की घोषणा की और एमएसएमई पुरस्कार, 2022 वितरित किए। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत कोष में 75 एमएसएमई को डिजिटल इक्विटी प्रमाणपत्र भी दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए एमएसएमई की मदद के लिए कदम उठा रही है। भारतीय दूतावासों को भी इस पर काम करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर तबके के लिए उद्यमिता अपनाने के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बिना किसी गारंटी के कर्ज लेने को लेकर थी। वर्ष 2014 के बाद सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ उद्यमशीलता का दायरा बढ़ाने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्एक भारतीय के लिए उद्यमिता को सुगम बनाने में मुद्रा योजना को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।प्रधानमंत्री ने कहा, बिना गारंटी के बैंक ऋण की इस योजना ने देश में महिला उद्यमियों, दलित, पिछड़े, आदिवासी उद्यमियों का एक बड़ा वर्ग तैयार किया है। इस योजना के तहत अबतक करीब 19 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया जा चुका है।



राजस्थान की सुनीता को एमएसएमई (दिव्यांग) का पहला पुरस्कार देते हुए प्रधानमंत्री

## हर गांव में तेज इंटरनेट उपलब्ध कराने पर हो रहा काम : पीएम

**बेंगलुरु (भाषा)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार हर गांव को तेज गति वाला इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। उन्होंने वैश्विक निवेशकों से डिजिटल और प्रौद्योगिकी खंड में अवसरों का उपयोग करने और भारत में निवेश के लिए आगे आने को भी कहा। मोदी ने मौजूदा समय को प्रौद्योगिकी का युग करार दिया और महामारी के दौरान तकनीक के लाभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी तथा नवोन्मेष में आगे और निवेश करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी कंपनी बॉश इंडिया के नए स्मार्ट परिसर का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और पिछले दो साल में निवेश बढ़ा है। मोदी ने कहा, आज हमारा स्टार्टअप परिवेश दुनिया में सबसे बड़ा है। इसका श्रेय युवाओं को जाता है। प्रौद्योगिकी दुनिया में वास्तव में कई अवसर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्एक गांव में उच्च गति का इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। मोदी ने कहा, डिजिटल इंडिया के हमारे दृष्टिकोण में सरकार के हर पहलू के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना शामिल है। मैं दुनिया से इन अवसरों का उपयोग करने और हमारे देश में निवेश करने का आग्रह करूंगा।

## पहली दफा हिंदुत्व के लिए एक सरकार गिर गई : गृह मंत्री मिश्रा

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि हनुमान चालीस के प्रभाव से देश में पहली दफा हिंदुत्व के लिए एक सरकार गिर गई, क्योंकि देश बदल रहा है। उनका इशारा महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार की ओर था। मिश्रा ने यहां पत्रकारों से कहा, हमारा देश बदल रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि हिंदुत्व के नाम पर एक सरकार गिर गई। उद्धव ठाकरे सरकार का पतन हनुमान चालीसा का प्रभाव है कि 40 दिनों में चालीस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी। शिवसेना के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता संजय राउत के बयान का जिक्र करते हुए मिश्रा ने कहा कि राउत बता रहे थे कि विधायक अगवा हो गए, जबकि तथ्य यह है कि विधायक भगवा हो गए। मिश्रा ने कहा कि लोगों को मध्य प्रदेश में कांग्रेस या महाराष्ट्र में शिवसेना जैसी पार्टियों के नेताओं से पूछना चाहिए कि उनके विधायकों ने उन्हें क्यों छोड़ दिया।

# शिवसेना के बागियों को अलग होने के अपने फैसले पर अफसोस होगा : राउत

भाषा। मुंबई

संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि बागियों ने स्वयं अपना रास्ता चुना है और उन्हें अपने फैसले पर अफसोस होगा। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि शिवसेना सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की जिसमें एक व्यक्ति उद्धव ठाकरे की तरह कुर्ता पैजामा में दिखाई दे रहा है और उसके पीठ पर बने जख्म से खून रिस रहा है। राउत ने साथ ही लिखा, एकदम ऐसा ही हुआ है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के तौर पर बुधवार को मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्धव ठाकरे ने बागियों का सदंर्भ देते हुए कहा था कि उनके अपने लोगों ने ही धोखा दिया। ठाकरे शिवसेना के अध्यक्ष भी हैं। राउत ने कहा कि शिवसेना जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ महा विकास अघाडी सरकार का नेतृत्व कर रही थी, सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

ठाणे के प्रभावशाली नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के अधिकतर विधायकों के बगावत के बाद पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राउत ने यह बात कही। राउत ने यह भी कहा कि बागी नेताओं को शिवसेना से अलग होने के अपने फैसले पर अफसोस होगा। राउत ने कहा कि वह शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय भी जाएंगे जिसने उन्हें धन शोधन के एक मामले में समन जारी किया है। उन्होंने कहा कि वह एजेंसी के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे। राउत ने कहा, आपको (बागी नेताओं को) इसके लिए अफसोस होगा। एकनाथ शिंदे (बागी विधायकों के नेता) कट्टर शिवसैनिक थे और कई सालों तक उन्होंने पाटी के लिए काम किया। चाहे वह (विधायक) गुलाबराव पाटिल, संदीपन भुमरे और अन्य (जिन्होंने शिंदे का पक्ष लिया) हो, उन्होंने पार्टी के लिए कार्य किया और उसके लिए संघर्ष किया... उन्होंने अपना रास्ता स्वयं चुना है।

शिंदे ने शिवसेना के 55 विधायकों में से 39 का समर्थन होने का दावा किया है। राउत ने कहा, हम उनके रास्ते में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। वे अपना गठबंधन (भाजपा के साथ) कर सकते हैं। हम अपना काम करेंगे। अब रास्ते अलग हैं...हम सकारात्मक विपक्ष की तरह काम करेंगे। भाजपा का नाम लिए बिना राउत ने कहा कि वह उन लोगों को जानते हैं जिन्होंने शिवसेना के विधायकों पर दबाव डाला और जिसकी परिणति पार्टी में बगावत के रूप में सामने आई।

राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि सभी को उद्धव नीत सरकार में भरोसा था...।

# दावत-ए-इस्लामी ने राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों से 20 लाख रुपए का चंदा एकत्र किया थाः एजेंसियां

भाषा। नई दिल्ली

**उदयपुर में** एक दर्जी की नृशंस हत्या के मामले में जांच के दायरे में आए पाकिस्तानी संगठन दावत-ए-इस्लामी ने इस साल लगभग एक महीने में राजस्थान के कुछ सीमावर्ती गांवों और कस्बों से 20 लाख रुपए का चंदा इकट्ठा किया था। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इसके अलावा, राजस्थान के एक राजनीतिज्ञ द्वारा संगठन को लगभग दो लाख रुपए कथित तौर पर दान करने का एक मामला भी जांच एजेंसियों के संज्ञान में है। पीटीआई-भाषा द्वारा संपर्क किए जाने पर, राजनीतिज्ञ ने कहा कि वह जल्द ही जवाब देंगे लेकिन बाद में उन्होंने कॉल या संदेशों का जवाब नहीं दिया। राजनीतिज्ञ की पहचान जाहिर नहीं की जा रही है।

**● राजस्थान के एक राजनीतिज्ञ द्वारा संगठन को लगभग दो लाख रुपए कथित तौर पर दान करने का एक मामला भी जांच एजेंसियों के संज्ञान में है**

अधिकारियों ने कहा कि एजेंसियों ने जैसलमेर और बाड़मेर के सीमावर्ती इलाकों में संगठन के कई हालिया प्रचार और कट्टरपंथी गतिविधियों पर संज्ञान लिया है, जिसमें अकेले अप्रैल में जैसलमेर जिले में स्थानीय लोगों से 20 लाख रुपए का चंदा एकत्रित करना शामिल है। सूत्रों ने कहा कि संगठन ने धर्मार्थ इस्लामी कार्यों के नाम पर धन एकत्र किया। सूत्रों ने कहा कि एजेंसियों ने यह भी पाया कि संगठन ने सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों, विशेष रूप से कम आयु वर्ग के लोगों को लक्षित करते हुए कुछ साहित्य ऑनलाइन और किताबों और पर्चों के रूप में वितरित किया। कराची स्थित दावत-ए-इस्लामी की वेबसाइट के मुताबिक, संगठन की स्थापना 1981 में हुई थी।

अपनी वेबसाइट पर, संगठन खुद को दुनियाभर में कुरान और सुन्नत के प्रचार के लिए काम कर रहे वैश्विक गैर-राजनीतिक इस्लामी संगठन के रूप में वर्णित करता है। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एम.एल.लाठर ने कहा था कि मंगलवार को उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के दो मुख्य आरोपियों में से एक गौस मोहम्मद के पाकिस्तान स्थित संगठन से संबंध हैं। डीजीपी ने बताया था कि गौस 2014 में पाकिस्तान के शहर कराची गया था। दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी और उन्होंने इस नृशंस हत्या का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर डालते हुए कहा था कि वे इस्लाम के अपमान का बदला ले रहे हैं। एनआईए ने अब मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है और कहा है कि दोनों आरोपी देशभर में जनता के बीच आतंक फैलाना चाहते थे।

## क्विक न्यूज

### मोदी, शाह का सिर कलम करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**हैदराबाद**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिर कलम करने की धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर कथित तौर पर एक पोस्ट करने वाले व्यक्ति को यहां गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी अब्दुल माजिद ने अपने पोस्ट में कहा था कि आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को पार्टी की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई विवादित टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी चाहिए, वरना उनका सिर कलम कर दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मुगलपुरा पुलिस ने उकसावे वाला पोस्ट करने के लिए माजिद के खिलाफ खुद मामला दर्ज किया था और बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसे यहां की एक अदालत में पेश किया गया और अदालत ने पुलिस को उसे दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत एक नोटिस देने का निर्देश दिया। सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत प्रावधान है कि ऐसे मामलों में जहां किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी की तत्काल आवश्यकता नही है, उसमें पुलिस व्यक्ति को किसी पुलिस अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश देते हुए एक नोटिस जारी करेगी। अधिकारी ने बताया कि इसके अनुसार पुलिस ने माजिद को नोटिस जारी किया। बाद में उसे छोड़ दिया गया।

### कंगना रनौत ने शिवसेना पर साधा निशाना



**मुंबई**। उद्धव ठाकरे के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने बृहस्पतिवार को शिवसेना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकतंत्र का विश्वास तोड़ने वाले लोगो का घमंड चकनाचूर हो गया है। ठाकरे (62) ने बुधवार रात इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के उनकी सरकार को बृहस्पतिवार को विधानसभा में शक्ति परीक्षण के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार से 2020 में बड़ा टकराव मोल लेने वाली रनौत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया और कहा कि देश 1975 के बाद से सबसे महत्वपूर्ण समय देख रहा है। कंगना (35) ने कहा, 1975 में, जेपी नारायण ने सत्ता को चुनौती दी थी और सत्ता गिर गई थी। 2020 में, मैंने कहा था कि लोकतंत्र भरोसे की बात है। और जो कोई भी सत्ता के अहंकार में इस भरोसे को तोड़ता है, उसका अहंकार एक दिन टूटना तय है। वीडियो के कैप्शन (परिचय) मे, रनौत ने कहा कि जब बुराई हावी हो जाएगी तो विनाश निकट है। उन्होंने कहा, उसके बाद, सृजन होता है। जीवन का कमल खिलता है। रनौत और शिवसेना के बीच परेशानी सितंबर 2020 में शुरू हुई जब अभिनेत्री ने कहा कि वह मूवी माफिया से अधिक मुंबई पुलिस से डरती है और महाराष्ट्र की राजधानी की तुलना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से की थी। उसके बाद, शिवसेना के नेतृत्व वाली बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने उनके बांद्रा बंगले में अवैध बदलाव को ध्वस्त कर दिया। रनौत को शिवसेना के नेताओं के साथ उनके विवाद के बाद केंद्र द्वारा वाई-प्लस सुरक्षा दी गई थी।

### हार्मोनल विकार से निपट रही हैं श्रुति हासन

**मुंबई**। अभिनेत्री श्रुति हासन ने पॉलिसिस्टिक ओवेरी सिंड्रोम (पीसीओएस) और एंडोमीट्रियोसिस के साथ अपने संघर्ष के बारे में बृहस्पतिवार को खुलकर बातचीत करते हुए कहा कि वह स्वस्थ भोजन खाकर और अपने शरीर को पर्याप्त आराम देकर इस हार्मोनल विकार से निपट रही है। पीसीओएस एक हार्मोनल विकार है, जिसमे बढ़े हुए अंडाशय के साथ ही उसके बाहरी किनारे पर छोटी-छोटी रसोली हो जाती है। इससे आमतौर पर माहवारी अनियमित हो जाती है और बांझपन आ जाता है, पुरुष हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, मोटापा और कई बार मधुमेह भी हो जाता है। छत्तीस वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक जिम में कसरत करने की वीडियो साझा की और अपनी सबसे खराब हार्मोनल दिक्कतों के बारे में बात की। श्रुति ने कहा कि यह एक मुश्किल लड़ाई है और उन्होंने यह स्वीकार कर लिया है कि ऐसी दिक्कतें स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, मेरे साथ वर्कआउट करो। मै अपने पीसीओएस और एंडोमीट्रियोसिस के साथ सबसे खराब हार्मोनल दिक्कतों का सामना कर रही हूं। अभिनेत्री ने कहा, महिलाओं को पता है कि यह असंतुलन, सूजन और चयापचय संबंधी चुनौतियों के साथ एक कठिन लड़ाई है, लेकिन इसे एक लड़ाई के तौर पर देखने के बजाय मैने इसे प्राकृतिक आंदोलन के तौर पर स्वीकार करना चुना है। स्वस्थ आहार लेकर, अच्छी तरह नीद पूरी कर और अपने वर्कआउट का आनंद उठाते हुए मै इससे निपट रही हूं। 3, प्रेमम, रेस गुर्म, वकील साब जैसी फिल्मो मे अपने अभिनय के लिए पहचानी जाने वाली श्रुति ने कहा कि वह पीसीओएस और एंडोमीट्रियोसिस का किसी भी तरीके से अपने ऊपर असर पड़ने नही देंगी। श्रुति अब केजीएफ शृंखला की फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील की अंडरवर्ल्ड एक्शन थ्रिलर फिल्म सलार मे प्रभास के साथ दिखेंगी।

# कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने निकाली मौन रैली



भाषा। उदयपुर

**राजस्थान में** उदयपुर के धान मंडी थाना क्षेत्र में दो लोगों द्वारा दर्जी कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के विरोध में हजारों लोगों ने बृहस्पतिवार को शहर के टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट तक मौन रैली निकाली। इस रैली का आह्वान सर्व हिन्दू समाज की ओर से किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में आम जनता के साथ-साथ हिन्दू संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। आयोजकों ने शांतिपूर्ण तरीके से मौन रैली निकालने की अपील की थी, लेकिन कलेक्ट्रेट पर रैली के समापन पर कुछ सदस्यों ने नारेबाजी भी की।कुछ प्रदर्शनकारियों ने जय जय श्री राम, मदरसे बंद करो, हिन्दुओं की हत्या बंद करो , संगठित हिन्दू समर्थ भारत और राजस्थान सरकार नींद से जागो के नारे लगाए।रैली में कई लोगों ने भगवा झंडा ले रखा था। उदयपुर में मौजूद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम. एन. ने कहा कि रैली निकालने की अनुमति दी गई थी और रैली के मार्ग पर कर्फ्यू में छूट दी गई थी। रैली के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों का एक समूह कलेक्टर कार्यालय गया, जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया, जिसमें दर्जी की हत्या के दोषियों को मौत की सजा, राज्यभर में सभी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्वाई और ऐसी घटनाओं में मदरसों की भूमिका की जांच की मांग की गई है। रैली के दौरान मामूली झड़प की सूचना मिली, हालांकि पुलिस ने रैली को शांतिपूर्ण बताया।दर्जी कन्हैया लाल की मंगलवार को दो लोगों ने हत्या कर दी थी। उन्होंने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट करते हुए कहा था कि वे इस्लाम के अपमान का बदला ले रहे थे।इस घटना के बाद उदयपुर में हिंसा की छिटपुट घटना सामने आई और शहर के सात थाना क्षेत्रों में मंगलवार रात आठ बजे से कर्फ्यू लगा दिया गया।लाल का अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया। इनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## हत्यारों को जल्द फांसी की मांग को लेकर बंद रहे इंदौर के बाजार

भाषा। इंदौर

**राजस्थान के** उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल के जघन्य हत्याकांड में शामिल लोगों को जल्द से जल्द फांसी की सजा की मांग को लेकर इंदौर के थोक बाजार बृहस्पतिवार को आधे दिन बंद रहे। कारोबारी संगठनों के महासंघ अहिल्या चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने बताया कि किराना जिंसों, जेवरात, बर्तनों, लोहा उत्पादों, कपड़ों आदि के थोक कारोबार से जुड़े बाजार कन्हैयालाल हत्याकांड के विरोध में आधे दिन बंद रहे। खंडेलवाल ने कहा, कन्हैयालाल की जघन्य हत्या से व्यापार जगत आक्रोशित है। हमारी मांग है कि उनके हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जाए। गौरतलब है कि इंदौर में छह जुलाई को नगर निगम चुनावों का मतदान होना है। चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा और कांग्रेस, दोनों धुर-विरोधी दलों ने व्यापारियों के बंद को समर्थन दिया है।इस बीच, बजरंग दल और अन्य दक्षिणपंथी संगठनों ने कन्हैयालाल हत्याकांड पर आक्रोश जाहिर करते हुए शहर के कई स्थानों पर आतंकवाद के प्रतीक व राजस्थान की कांग्रेस सरकार के पुतले फूंके।

# डोभाल ने समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय का आह्वान किया

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने हिंद महासागर में उभरती सुरक्षा चुनौतियों, बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर देश की समुद्री सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय का बृहस्पतिवार को आह्वान किया। डोभाल ने विविध-एजेंसी समुद्री सुरक्षा समूह (एमएएमएसजी) की पहली बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा तंत्र से जुड़ी हुई सभी एजेंसियों और अन्य हितधारकों को भारत की प्रगति तथा विकास के समग्र दृष्टिकोण के साथ आपसी समन्वय स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते हालात तथा बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के मद्देनजर समुद्री सुरक्षा अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। डोभाल ने कहा कि राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक (एनएमएससी) समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में तालमेल लाने और परिचालन मामलों सहित विभिन्न पहलुओं में समन्वय को बढ़ावा देने के लिए केंद्र बिंदु होना चाहिए। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के संदर्भ में, डोभाल ने कहा कि हिंद महासागर, जो एक शांति का सागर रहा है, प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा देख रहा है और भारत को अपने हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है क्योंकि इस क्षेत्र में हितों के टकराव की आशंका है। सभी 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ भारतीय नौसेना और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के शीर्ष समुद्री और तटीय सुरक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए, डोभाल ने कहा कि समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षा और आर्थिक हित का अटूट संबंध है और सभी हितधारकों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें एक राष्ट्र के रूप में मजबूत होना है। जब तक भारत के पास एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली नहीं होगी, वह वैसी शक्ति नहीं बन पाएगा जिसका वह हकदार है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) जी. अशोक कुमार ने की। कुमार ने इस साल 16 फरवरी को देश के पहले राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक के तौर पर प्रभार संभाला था। हिंद महासागर को देश के लिए एक बड़ी संपत्ति बताते हुए डोभाल ने कहा कि एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में भारत की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम जितना अधिक विकास करेंगे, उतनी ही अधिक संपत्ति बनाएंगे, हम उतने ही समृद्ध होंगे, समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा की आवश्यकता उतनी ही अधिक होगी। डोभाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चर्चा में भूमि और समुद्री सीमाओं का महत्व बहुत अलग है। उन्होंने कहा कि जासूसी गतिविधियों को अंजाम देने वाली विदेशी खुफिया एजेंसियों की पहुंच रोकना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने समुद्री क्षेत्र में समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोग के लिए कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन जैसी पहलों का भी उल्लेख किया और कहा कि इसका और विस्तार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में हमारी जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। डोभाल ने एनएमएससी के महत्व को रेखांकित करते हुए 26।11 के मुंबई हमले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं को बनाने की जरूरत है और सभी हितधारकों और एजेंसियों को समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के वास्ते समान रूख अपनाने की जरूरत है। बैठक में केंद्र सरकार के प्रमुख मंत्रालयों, एजेंसियों और समुद्री मामलों से निपटने वाले सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शीर्ष स्तर पर समुद्री सुरक्षा मामलों के समन्वय में सुधार के लिए एक बड़े फैसले के तहत पिछले साल नवंबर में एनएसए के तहत एनएमएससी का पद सृजित करने को मंजूरी दी थी। इस पहल का उद्देश्य भौगोलिक और कार्यात्मक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए भारत की समुद्री सुरक्षा के लिए एक सहज दृष्टिकोण सुनिश्चित करना था।

## पंजाब विस ने अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

**चंडीगढ़**। पंजाब विधानसभा ने केंद्र की अग्निपथ रक्षा भर्ती योजना के खिलाफ बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित किया। भाजपा के दो विधायकों अश्विनी शर्मा और जांगी लाल महाजन ने प्रस्ताव का विरोध किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन में इस प्रस्ताव को पेश किया। मान ने कहा कि वह जल्द ही अग्निपथ योजना के मुद्दे को प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय गृह मंत्री के समक्ष उठाएंगे। अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए मान ने कहा कि यह योजना देश के युवाओं के विरुद्ध है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने मांग की कि अग्निपथ योजना वापस ली जाए। अकाली दल के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया और योजना को वापस लिए जाने की मांग की। प्रस्ताव के अनुसार, सदन राज्य सरकार से यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाने की सिफारिश करता है ताकि अग्निपथ योजना को तत्काल वापस लिया जा सके।



चंदनवाड़ी में अमरनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाबल

## एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने में देर नहीं होनी चाहिएः गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से कहा है कि अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी नहीं होनी चाहिए और जिन मामलों की जांच दो महीने से अधिक वक्त तक चले, उनकी करीब से निगरानी की जानी चाहिए। सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में गृह मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) एससी-एसटी के खिलाफ मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए पुलिस अधिकारी एवं आधिकारिक गवाहों समेत अभियोजन के सभी गवाहों की वक्त पर पेशी और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। इस पत्र की प्रति के पास है, जिसमें कहा गया है, एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज होने में देरी नहीं होनी चाहिए। एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों की उचित स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए, जो प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर सक्षम अदालत द्वारा मामले के निपटारे तक होना चाहिए।

# इजराइल में सरकार गिरी

**एपी। यरुशलम**

● दक्षिणपंथी, वामपंथी और मध्यमार्गी के साथ-साथ इस्लामिक अरब पार्टी को भी एकजुट कर सबसे विविधता वाली सरकार बनाने के प्रयोग का हुआ पटाक्षेप

**इजराइल में** दक्षिणपंथी, वामपंथी और मध्यमार्गी के साथ-साथ इस्लामिक अरब पार्टी को भी एकजुट कर सबसे विविधता वाली सरकार बनाने के प्रयोग का बृहस्पतिवार को उस समय पटाक्षेप हो गया जब नेसेट (इजराइली संसद) ने शून्य के मुकाबले 92 मतों से स्वयं को भंग करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया। इसके साथ ही गत चार साल में पांचवीं बार आम चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से दूर रखने के आधार पर विभिन्न विचारधारा के साथ आईं पार्टियों का गठबंधन एक साल से थोड़ा अधिक चला और अंतत: उन्होंने महसूस किया कि विचारों की इतनी विविधिता के साथ सरकार चलाना संभव नहीं है।

इजराइल की 120 सदस्ईय संसद को भंग करने का फैसला ऐसे समय आया है जब देश वेस्ट बैंक में अभूतपूर्व और अफरातफरी वाले कानूनी दांवपेंच की दहलीज पर खड़ा है। इजराइल वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों को कानूनी मान्यता देने की तैयारी कर रहा है जबकि उसी स्थान पर रहने वाले फलस्तीनियों के लिए अलग कानूनी व्यवस्था बनाई जा रही है। यह कदम वर्ष1967 में बने कानून के जरिए उठाया जा रहा है जिसका हर पांच साल में नवीनीकरण करने की जरूरत पड़ती है और इसकी मियाद बृहस्पतिवार को ही समाप्त हो रही है। नेसेट ने बृहस्पतिवार की सुबह सदन को भंग करने का फैसला किया जिससे वर्ष 2019 के बाद पांचवीं बार देश में आम चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया। आखिरी बार मार्च 2021 में आम चुनाव कराए गए थे। संसद को शून्य के मुकाबले 92 मतों से भंग किया गया और एक नवंबर को चुनाव होगा। गठबंधन में हुए समझौते की वजह से विदेश मंत्री 58 वर्षीय यायिर लैपिड के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है।

वह प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के पद छोड़ने के बाद मध्य रात्रि के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालेंगे। संसद को भंग करने के लिए हुए मतदान के बाद बेनेट और लैपिड ने एक दूसरे को गले लगाया और एक-दूसरे के स्थान पर जाकर बैठे। बृहस्पतिवार दोपहर बाद एक सादे समारोह में सत्ता हस्तांतरण का कार्यक्रम है। लैपिड अगली सरकार बनने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी निभाएंगे। इजराइल के इतिहास में पहली बार हुआ था कि अरब पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थी। ओपिनियन पोल के मुताबिक नेतन्याहू गठबंधन को चुनाव में मौजूदा 52 सीटों के मुकाबले 58 से 60 सीटे मिल सकती हैं।लेकिन अब भी वह 120 सदस्ईय सदन में 61 के जादुई आंकड़े से दूर हैं।



मैड्रिड में नाटो सम्मेलन के दौरान राउंड टेबिल बैठक में बातचीत करते ब्रिटेन के पीएम बोरिस जानसन व अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन

# हम सभी धर्मों का सम्मान करने का आह्वान करते हैं : संरा प्रवक्ता ने उदयपुर हत्या पर कहा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र (भाषा)

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सभी धर्मों का सम्मान करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया है कि विभिन्न समुदाय दुनियाभर में सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में रह सकें। उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उदयपुर में एक दर्जी की नृशंस हत्या के बाद राजस्थान में पैदा हुए साम्प्रदायिक तनाव के बीच यह टिप्पणी की। दुजारिक से यह पूछा गया था कि क्या संयुक्त राष्ट्र प्रमुख कन्हैया लाल की हत्या के बाद भारत में धार्मिक तनाव फिर से बढ़ने पर कोई टिप्पणी करेंगे।दुजारिक ने बुधवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें बहुत उम्मीद है... हम सभी धर्मों का सम्मान करने और दुनियाभर में यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि विभिन्न समुदाय सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में रह सकें।

## क्विक न्यूज

### न्यूजीलैंड ने प्राउड बॉयज को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**वेलिंग्टन (एपी)।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी सुदूर दक्षिणपंथी संगठन प्राउड बॉयज एवं द बेस को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। इन दोनों संगठनों को इस्लामिक स्टेट समेत उन 18 संगठनों में शामिल किया गया है जिन्हें आधिकारिक रूप से आतंकवादी संगठन करार दिया गया है और न्यूजीलैंड में इनके लिए वित्तपोषण, भर्ती एवं उनमें शामिल होना अवैध है। अधिकारी उनपर कार्वाई करने के लिए अधिकृत हैं। जहां तक जानकारी उपलब्ध है, उसके अनुसार ए दोनों ही संगठन न्यूजीलैंड में सक्रिय तो नहीं है लेकिन दक्षिण प्रशांत क्षेत्र का यह देश 2019 में एक श्वेत श्रेष्ठ नस्लवादी द्वारा गोलीबारी कर 51 मुसलमानों की हत्या कर दिए जाने के बाद सुदूर दक्षिणपंथी संगठनों के खतरों को लेकर चौकन्ना है।

### फिलीपीन में पूर्व तानाशाह के बेटे ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मनीला।** फिलीपीन में पूर्व तानाशाह के बेटे फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने बृहस्पतिवार को देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राजधानी मनीला के राष्ट्रीय संग्रहालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। फिलीपीन में इस घटना को हाल के इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक माना जा रहा है। लेकिन, मार्कोस के विरोधियों का कहना है कि उनके परिवार की छवि सुधरने के बाद ही ऐसा हो सका है। फिलीपीन के तानाशाह एवं फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के पिता फर्डिनेंड मार्कोस को 36 साल पहले सेना के समर्थन से सत्ता से बेदखल कर दिया गया था।

### रूस और चीन ने नाटो की आलोचना की

**मैड्रिड।** रूस को एक सीधा खतरा बताने और चीन से वैश्विक स्थिरता को गंभीर चुनौतियां पेश आने की चेतावनी देने को लेकर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को बृहस्पतिवार को दोनों देशों की आलोचना का सामना करना पड़ा। नाटो ने मैड्रिड में एक सम्मेलन में यह चेतावनी दी कि विश्व बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा के एक खतरनाक चरण में प्रवेश कर गया है और साइबर हमले से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, कई खतरों का सामना कर रहा है। नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने बृहस्पतिवार को सम्मेलन के समापन पर कहा कि सदस्य देश हमारी प्रतिरोध और रक्षा में एक बुनियादी बदलाव पर सहमत हुए हैं। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, हम अधिक खतरनाक विश्व और एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां यूरोप में एक भीषण युद्ध चल रहा है।

### नाटो ने तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुसार बदलाव को अपनाया है: बाइडन

**मैड्रिड।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नाटो सैन्य गठबंधन ने दुनियाभर में तेजी से बदलते सुरक्षा हालात के अनुरूप खुद को ढालकर बदलाव को अपनाया है। नाटो के एक सम्मेलन के समापन पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बाइडन ने कहा, मेरा मानना है कि हम सब इस बात को मानेंगे कि यह एक ऐतिहासिक नाटो सम्मेलन रहा है। नाटो के तीन दिवसीय सम्मेलन में बाइडन प्रशासन द्वारा यूरोप में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी को स्थाई रूप से मजबूत करने संबंधी योजना की घोषणा की गई। इसके साथ ही तुर्की, फिनलैंड और स्वीडन के बीच नॉर्डिक देशों को नाटो में शामिल करने का रास्ता साफ करने के लिए भी सहमति बनी। बाइडन ने कहा कि इससे पहले नाटो ने अपनी रणनीतिक अवधारणा को 12 साल पहले अद्यतन किया था जिसमें रूस को साझेदार के तौर पर अंकित किया

### गर्भपात पर न्यायालय का फैसला अस्थिर करने वाला: बाइडन

**मैड्रिड।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को समाप्त करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले को अस्थिर करने वाला करार दिया। उन्होंने साथ ही कहा कि यह विश्व मंच पर अमेरिका की स्थिति को प्रभावित नहीं करता। मैड्रिड में नाटो सहयोगियों और बवेरियन आल्प्स में सात बड़ी लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं के समूह के नेताओं के साथ चर्चा से जुड़ी पांच दिवसीय विदेश यात्रा के समापन पर बाइडन पत्रकारों से बात कर रहे थे।

# रूसी बलों ने स्नेक आइलैंड छोड़ा, पूर्वी मोर्चे पर हमला जारी

**कीव** (यूक्रेन)। (एपी)

**रूस ने बृहस्पतिवार** को काला सागर से अपनी सेना वापस बुला ली, जहां उन्हें यूक्रेन के लगातार हमलों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि रूस ने पूर्वी प्रांत लुहांस्क में यूक्रेन के आखिरी गढ़ को घेरने के लिए अपना पूरा जोर लगा रखा है जहां उसे यूक्रेनी सैनिकों के प्रतिरोध से जूझना पड़ रहा है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सद्भावना संकेत के तौर पर यूक्रेन के काला सागर बंदरगाह ओडेसा के ज़मीयिन (स्नेक) द्वीप से अपनी सेना वापस बुला ली है। यूक्रेन की सेना ने कहा कि यूक्रेन के तोपखाने और मिसाइल हमलों के बाद रूसी दो स्पीडबोट में द्वीप से भाग गए। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने जोर देकर कहा कि वापसी का उद्देश्य प्रदर्शन करना था कि रूसी संघ यूक्रेन के क्षेत्र से कृषि उत्पादों को बाहर ले जाने के लिए मानवीय गलियारा स्थापित करने के संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों में बाधा नहीं डाल रहा था। यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने रूस पर अनाज के निर्यात को रोकने के लिए यूक्रेनी बंदरगाहों को अवरुद्ध कर वैश्विक खाद्य संकट में योगदान करने का आरोप लगाया है। रूस ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि सुरक्षित नौवहन की अनुमति देने के लिए यूक्रेन को काला सागर से समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की जरूरत है। तुर्की ने यूक्रेन से अनाज के निर्यात को निर्बाध करने के लिए एक सौदा करने की मांग की है, लेकिन वार्ता में त्वरित प्रगति के कोई संकेत फिलहाल नहीं है। कीव ने चिंता व्यक्त की है कि रूस ओडेसा पर हमले शुरू करने के लिए सौदे का इस्तेमाल कर सकता है। रूस ने एक व्यस्त नौवहन गलियारे से लगे उस द्वीप पर युद्ध के शुरुआती दिनों में नियंत्रण कर लिया और उसे स्पष्ट रूप से ओडेसा पर हमले के लिए इसे एक मंच के रूप में उपयोग करने की उम्मीद थी। जब वहां यूक्रेनी सैनिकों को एक रूसी युद्धपोत से आत्मसमर्पण या बमबारी का सामना करने की चेतावनी मिली तो उसके बाद यह द्वीप रूसी आक्रमण के लिए यूक्रेनी प्रतिरोध का प्रतीक बन गया। रूसी चेतावनी के जवाब में यूक्रेन का जवाब था, रूसी युद्धपोत भाड़ में जाओ। द्वीप के यूक्रेनी रक्षकों को रूसियों ने पकड़ लिया था लेकिन बाद में कैदी विनिमय के हिस्से के रूप में मुक्त कर दिया गया था।

### यूक्रेन को और सैन्य सहायता भेजेगा स्वीडन

**मैड्रिड (एपी)।** नाटो सम्मेलन में स्वीडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने यूक्रेन के अनुरोध के अनुरूप उसे टैंकरोधी हथियार, सहयोगी हथियार एवं सुरंग हटाने या नष्ट करने वाले उपकरणों समेत अतिरिक्त सैन्य सहायता भेजने की योजना बनाई है। यह सैन्य सहायता करीब 49 मिलियन डॉलर की है। समाचार एजेंसी टीटी के अनुसार रक्षा मंत्री पीटर हॉल्टक्विस्ट ने कहा, महत्वपूर्ण है कि यूरोप के लोकतांत्रिक देशों से यूक्रेन को सहयोगी जारी रहे एवं दीर्घकालिक हो। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ए सैन्य उपकरण कैसे और कबतक यूक्रेन को पहुंचाए जाएंगे लेकिन यह जरूर कहा, यह सभी के हित में है कि इन्हे यथाशीघ्र पहुंचाया जाए। स्वीडन को पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो से जुड़ने के लिए इस सप्ताह उसके सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था।

# रूस के सांसदों ने विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दी

**मॉस्को।** (एपी)

रूस की संसद के निचले सदन ने बृहस्पतिवार को उस विधेयक पर अंतिम मुहर लगा दी जिससे रूस के समाचार संस्थानों के खिलाफ अन्य देशों की कार्वाई के जवाब में विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जा सकेगा। क्रेमलिन नियंत्रित स्टेट ड्यूमा ने विधेयक को मंजूरी प्रदान की। संसद का उच्च सदन भी इस विधेयक पर जल्द ही अपनी मुहर लगाएगा जिसके बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दस्तखत के साथ यह कानून बन जाएगा। रूस ने पिछले कुछ महीने में बार-बार शिकायत की है कि पश्चिमी देश रूस के पत्रकारों को वीजा देने से इनकार करके और उनके कामकाज को रोककर अनुचित तरीके से रूसी मीडिया को प्रतिबंधित कर रहे हैं।

### ब्रिटेन ने यूक्रेन के लिए और सैन्य सहायता की घोषणा की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन को एक अरब पाउंड की सैन्य सहायता प्रदान करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। जॉनसन ने मैड्रिड में नाटो नेताओं के शिखर सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की क्रूरता से लोगों की जान जा रही है और पूरे यूरोप में यूक्रेन की शांति और सुरक्षा को खतरा है। उन्होंने कहा, पुतिन इस युद्ध में फायदा उठाने में विफल रहे हैं, जैसी कि उन्होंने उम्मीद लगाई थी और इस युद्ध की निरर्थकता अब स्पष्ट हो गई है। ब्रिटेन द्वारा यूक्रेन को उपलब्ध कराए जा रहे हथियार, उपकरण और प्रशिक्षण से यूक्रेन की रक्षा प्रणाली मजबूत हुई है।

# क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय प्रणाली के लिए स्पष्ट खतरा : दास

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने क्रिप्टोकरेंसी को स्पष्ट खतरा बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी अंतर्निहित मूल्य के बगैर सिर्फ काल्पनिक कीमत वाली कोई चीज महज अटकल भर है।

सरकार विभिन्न हितधारकों और संस्थानों से जानकारी जुटाने के बाद क्रिप्टोकरेंसी पर एक परामर्श पत्र को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। आरबीआई क्रिप्टोकरेंसी को लेकर लगातार चिंता जताता रहा है। दास ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) के 25वें अंक की प्रस्तावना में कहा है कि जैसे-जैसे वित्तीय प्रणाली तेजी से डिजिटल होती जा रही है, साइबर जोखिम बढ़ रहे हैं और इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दास ने कहा, हमें उभरते जोखिमों को लेकर सजग रहना चाहिए। क्रिप्टोकरेंसी एक स्पष्ट खतरा है। कोई भी चीज जो बिना किसी अंतर्निहित मूल्य के सिर्फ विश्वास के आधार पर मूल्य प्राप्त करती है, उसके लिए परिष्कृत नाम अटकलबाजी ही हो सकती है। पिछले कुछ सप्ताह में क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में वैश्विक स्तर पर लगातार अस्थिरता देखी गई है। रिजर्व बैंक ने पहली बार 2018 में क्रिप्टोकरेंसी के संबंध में एक परिपत्र जारी किया था और अपनी विनियमित संस्थाओं को इस तरह के वित्तीय साधन से रोक दिया था। हालांकि, वर्ष 2020 की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय बैंक के उस परिपत्र को निरस्त कर दिया था। क्रिप्टोकरेंसी के संबंध में नियामकीय स्पष्टता अभी तक नहीं आई है।

### अर्थव्यवस्था पुनरुद्धार की राह पर, मुद्रास्फीतिक दबाव से सजग रहने की जरूरत : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुद्रास्फीति के दबाव और भू-राजनीतिक जोखिमों से सजगतापूर्वक निपटने की जरूरत होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पुनरुद्धार की राह पर है। रिजर्व बैंक की 25वीं वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में यह आकलन पेश करने के साथ ही कहा गया है कि बैंकों के साथ-साथ गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के पास भी झटके झेलने के लिए पर्याप्त पूंजी बफर मौजूद है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक घटनाक्रम से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पुनरुद्धार की राह पर चल रही है। हालांकि, मुद्रास्फीति के दबाव, बाहरी घटनाक्रम और भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते हालात से सावधानी से निपटने और करीबी निगरानी रखने की जरूरत है। यूरोप मे युद्ध, मुद्रास्फीति के लगातार ऊंचे स्तर पर बने रहने और कोविड-19 महामारी की कई लहरों से निपटने के लिए केंद्रीय बैंकों द्वारा उठाए गए मौद्रिक कदमों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था का परिदृश्य काफी अनिश्चितता से भरा हुआ है। आरबीआई की रिपोर्ट बैंकिंग क्षेत्र के बारे मे कहती है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी का जोखिम-भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) 16.7 प्रतिशत के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया जबकि उनका सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) अनुपात मार्च, 2022 मे 5.9 प्रतिशत के साथ छह साल के निचले स्तर पर आ गया।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी में दिखी मामूली गिरावट

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक स्तर** पर कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मामूली गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में मजबूती के बाद अंतिम घंटे में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स आठ अंक टूटकर बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 8.03 अंक यानी 0.02 प्रतिशत फिसलकर के 53,018.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 350.57 अंक तक चढ़ गया था। वहीं दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,780.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 2.09 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मंदी की आशंका के बीच एशियाई और यूरोपीय बाजारों ने फिर से बढ़त हासिल करने के लिए संघर्ष किया। इससे अमेरिकी डॉलर में तेजी आई। निवेश के सुरक्षित विकल्प के रूप में डॉलर की मांग से इसमें तेजी आई है। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजारों में बिकवाली कम होने से भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में बढ़त रही।

### बीते वित्त वर्ष में भारत का विदेशी कर्ज बढ़कर 620.7 अरब डॉलर पर : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारत का विदेशी कर्ज मार्च, 2022 को समाप्त बीते वित्त वर्ष में 47.1 अरब डॉलर बढ़कर 620.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि बीते वित्त वर्ष में विदेशी ऋण से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात घटकर 19.9 प्रतिशत रह गया, जो मार्च, 2021 के अंत तक 21.2 प्रतिशत था। अमेरिकी डॉलर के भारतीय रुपए और अन्य प्रमुख मुद्राओं मसलन एन, यूरो एवं एसडीआर की तुलना में मजबूत होने से मूल्यांकन लाभ 11.7 अरब डॉलर रहा।

### सेबी ने एनएसई और दो पूर्व प्रमुखों पर लगाया भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और उसके दो पूर्व प्रमुखों एवं कुछ अन्य लोगों पर कुल 11 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एल्गोरिद्म आधारित शेयर कारोबार से संबंधित सॉफ्टवेयर से जुड़े इस मामले में एनएसई और उसके पूर्व प्रमुखों चित्रा रामकृष्ण एवं रवि नारायण पर एक-एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का फैसला किया गया है। इसके अलावा एनएसई के तत्कालीन अधिकारी सुप्रभात लाल पर भी नियमों के उल्लंघन के लिए एक करोड़ रुपए जुर्माना लगाया गया है।

### भारत की शहरी आबादी 2035 तक 67.5 करोड़ पहुंचने का अनुमान: संरा रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत की शहरी आबादी के 2035 तक 67.5 करोड़ हो जाने का अनुमान है और इस मामले में देश चीन की एक अरब शहरी जनसंख्या के मुकाबले दूसरे स्थान पर होगा। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी के बाद दुनिया में शहरों में रहने वालों की संख्या पिछले स्तर पर पहुंच गई है और 2050 तक इसमें 2.2 अरब की वृद्धि की संभावना है। दुनिया में शहरीकरण के बारे में संयुक्त राष्ट्र की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से शहरीकरण पर कोविड-19 महामारी का अस्थाई असर पड़ा है और इसकी रफ्तार महज थोड़ी देरी के लिए धीमी पड़ी है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक शहरी आबादी पिछले स्तर पर आ गई है और 2050 तक इसमें 2.2 अरब की वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की शहरी आबादी के 2035 में 67,54,56,000 तक पहुंच जाने का अनुमान है जो 2020 में 48,30,99,000 था। वहीं 2025 तक इसके 54,27,43000 और 2030 तक 60,73,42,000 हो जाने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2035 तक शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का प्रतिशत कुल आबादी का 43.2 प्रतिशत हो जाएगा। रिपोर्ट में चीन के बारे में कहा गया है कि वहां 2030 तक शहरी आबादी 1.05 अरब हो जाएगी। जबकि एशिया में शहरों में रहने वाले लोगों की जनसंख्या 2.99 अरब होगी।

### सेबी का पार्श्वनाथ डेवलपर्स पर छह महीने का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रियल एस्टेट कंपनी पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड (पीडीएल) को सूचीबद्धता नियमों का उल्लंघन करने पर छह महीने के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित करने के साथ ही उस पर 15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बाजार नियामक ने एक आदेश में पीडीएल को 45 दिनों के भीतर जुर्माने का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने जांच में पाया कि पीडीएल ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों के बही खातों में बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रही है। इसके साथ ही नकदी प्रवाह के विवरणों से संबंधित लेखा मानकों का सख्ती से पालन करने में भी विफल रही है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत बरुआ ने इस आदेश में कहा, पीडीएल लेखा मानकों में निहित नियमों के अनुपालन में कंपनी के मामलों की स्थिति का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करने में विफल रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय में कोक संयंत्रों की बंदी के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेघालय में मौजूद कोक संयंत्रों को 30 दिनों के भीतर हटाने के मेघालय उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। इस आदेश को जेएमके कोक इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे बी पर्दीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि याची कंपनियों को उच्च न्यायालय के पास जाकर गुहार लगानी चाहिए।

# अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपया कहीं बेहतर : सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**अमेरिकी डॉलर** के मुकाबले रुपए के मूल्य में लगातार आ रही गिरावट के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय मुद्रा दुनिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर के बरक्स कहीं बेहतर स्थिति में है। सीतारमण ने यहां कार्यक्रम के दौरान रुपए की गिरती कीमत के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम कुछ हद तक बेहतर स्थिति में हैं। हम एक बंद अर्थव्यवस्था नहीं हैं। हम वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। ऐसे में वैश्विक घटनाक्रम का हम पर असर पड़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार गिरती जा रही है। बुधवार को यह 79 प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे गिर गया। यह रुपए का अबतक का सर्वकालिक निचला स्तर है। रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद से आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताएं बढ़ने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने, मुद्रास्फीति के स्तर में हो रही वृद्धि और केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरें बढ़ाने के रुख से डॉलर के मुकाबले दुनिया की अधिकांश प्रमुख मुद्राओं की स्थिति कमजोर होती जा रही है। यूक्रेन के खिलाफ रूस का हमला शुरू होने के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए को समर्थन देने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया है। इस वजह से 25 फरवरी के बाद से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 40.94 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है।

# कारोबार सुगमता रैंकिंग में यूपी को सफलता

**भाषा।** नई दिल्ली

● आंध्र, गुजरात समेत सात राज्य सबसे सफल प्रदेशों की सूची में शामिल

**व्यापार सुधार** कार्ययोजना-2020 को लागू करने के मामले में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में आंध्र प्रदेश, गुजरात और तेलंगाना सबसे सफल प्रदेशों की श्रेणी के अंतर्गत शीर्ष सात में शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने बृहस्पतिवार को इस बारे में रिपोर्ट जारी की। हिमाचल ,मप्र, महाराष्ट्र, ओड़िशा, उत्तराखंड और उप्र अन्य राज्य हैं, जिन्हें रैंकिंग में लक्ष्य हासिल करने को लेकर सफल राज्यों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस कवायद का उद्देश्य कारोबार सुधार कार्वाई योजना (बीआरएपी), 2020 के तहत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन करके उनके बीच व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है जिससे कि वे घरेलू और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर सकें। आकांक्षी श्रेणी में असम, केरल और गोवा सहित सात राज्य शामिल हैं। इस श्रेणी में शामिल अन्य राज्य हैं छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, राजस्थान और पश्चिम बंगाल। उभरते कारोबारी परिवेश की श्रेणी में दिल्ली, पुडुचेरी और त्रिपुरा सहित 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को रखा गया है। इस श्रेणी में अन्य राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश हैं... अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, बिहार, चंडीगढ़, दमन एवं दीव, दादरा एवं नगर हवेली, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा।

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में 6.97 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 6.97 प्रतिशत पर पहुंच गई। अप्रैल में यह 6.33 प्रतिशत के स्तर पर थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि खाने-पीने के कुछ सामान महंगे होने से इसमें बढ़ोतरी हुई है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा, मई में साल-दर-साल आधार पर मुद्रास्फीति बढ़कर 6.97 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 6.33 प्रतिशत और पिछले साल के समान महीने में 5.25 प्रतिशत पर थी।

# चुनावी बॉन्ड की 21वें चरण की बिक्री एक से 10 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चुनावी बॉन्ड के 21वें चरण की मंजूरी दे दी। इन बॉन्ड की बिक्री एक जुलाई से शुरू होगी। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के लिए चुनावी बॉन्ड पेश किए गए थे। इन्हें राजनीतिक दलों को मिलने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के जरिए एक से 10 जुलाई तक चुनावी बॉन्ड की बिक्री और इनके लिए भुगतान करेगा। एसबीआई की लखनऊ शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई शाखाओं द्वारा चुनावी बॉन्ड की बिक्री की जाएगी। चुनावी बॉन्ड की 20वें चरण की बिक्री एक अप्रैल से 10 अप्रैल, 2022 के दौरान आयोजित की गई थी। पहले चरण के चुनावी बॉन्ड की बिक्री एक से 10 मार्च, 2018 के दौरान हुई थी।

## अमेठी में मुठभेड़ में पुलिसकर्मी और एक बदमाश घायल

**अमेठी।** अमेठी जिले के बाजार शुकुल क्षेत्र में बदमाशों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी हाथ में गोली लग गई। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि गौकशी करने वाले गिरोह की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भटमऊ के पास पुलिस तथा एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) ने घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी, जिसका पुलिस ने भी माकूल जवाब दिया।उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के हाथ में गोली लगी। वहीं, अभियुक्त शहजाद उर्फ टिड्डी के पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के हाथ में गोली लगी। वहीं, अभियुक्त शहजाद उर्फ टिड्डी के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने शहजाद के दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। शहजाद को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस कर्मी का भी इलाज चल रहा है।





उत्तर प्रदेश में देर से सही लेकिन बृहस्पतिवार को मानसूनी फुहारों ने तान छेड़ी तो मौसम मस्त हो गया और एक अरसे से भीषण उमस भरी गर्मी झेल रहे जनमानस ने राहत की सांस ली, इस दौरान जलभराव ने जगह-जगह लोगों को उलझाए रखा

## मुंबई में इमारत गिरने से मारे गए उप्र के लोगों के परिजनों को सहायता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुंबई में पिछले दिनो गिरी एक इमारत के मलबे में दबकर मारे गए उत्तर प्रदेश के आठ निवासियो के परिजनो को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि तथा घायलो को 50-50 हजार रुपए की सहायता का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को किए गए सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, "मुंबई के कुर्ला क्षेत्र में मकान गिरने की दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत हृदय विदारक है। दु:ख की इस घड़ी मे मेरी संवेदनाएं शोकसंतप्त परिजनों के साथ हैं। राज्य सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश के मृतकों के परिजनो को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि तथा घायलो को 50-50 हजार रुपए की आर्थिकसहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, "उत्तर प्रदेश सरकार घायलो के समुचित उपचार के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए यदि उनके परिजन शव को उत्तर प्रदेश मे अपने घर लाना चाहते है तो उसकी समुचित व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी"।

गौरतलब है कि मुंबई के उपनगर कुर्ला मे नायकनगर कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में बनी तीन मंजिला इमारत पिछले सोमवार की रात ढह गई थी। इस घटना मे 19 लोग मारे गए थे तथा 15 घायल हो गए थे। मरने वालों में उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के रहने वाले आठ लोग भी शामिल हैं। मुंबई पुलिस ने इस मामले में कुछ फ्लैट मालिकों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उस इमारत को बृहन्मुंबई नगर निगम ने रहने के लिहाज से खतरनाक करार दिया था, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोगों ने अपने फ्लैट किराए पर दे दिए थे।

## भाजपा सांसद निरहुआ के भाई हुए हादसे में घायल

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के बड़े भाई विजय लाल यादव बाराबंकी जिले के सुबेहा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को अपनी कार के एक डिवाइडर से जा टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हे लखनऊके मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निरहुआ ने एक ट्वीट कर बताया कि उनके बड़े भाई विजय लाल यादव की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और उन्हे इलाज के लिए मेदांता अस्पताल भेज दिया गया है एवं वह खुद भी मौके पर पहुंच रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, निरहुआ के भाई विजय लाल यादव कार से अपने कुछ साथियों के साथ लखनऊसे आजमगढ़ जा रहे थे। इस दौरान सुबेहा थाने के पास उनकी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जोरदार ढंग से टकरा गई और कई मीटर उछलकर नीचे गिरी। इस घटना में यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जाती है।

निरहुआ की ही तरह विजय लाल यादव भी राजनीति से जुड़े है और वह पूर्व में समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। इस बार उन्होंने आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव के दौरान अपने भाई भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ के बजाय सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव का समर्थन किया था। हालांकि चुनाव में निरहुआ की जीत हुई थी।

## तदर्थ शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे- मारकंडेय सिंह

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बस्ती मंडल की बैठक राजकीय पुस्तकालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडलीय अध्यक्ष राम पूजन सिंह व संचालन मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष मार्कंडेय सिंह ने कहा कि तदर्थ शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षको को वेतन रोकने संबंधी आदेश को वापस लेना पड़ेगा। शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाएगा। नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में 11 से 16 जुलाई के मध्य जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उसके बाद 22 अगस्त को शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सितंबर माह में विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की गई। प्रांतीय अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि बस्ती मंडल में 4 हजार से अधिक शिक्षकों को सदस्य बनाना है,जिसके तहत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की टीम विद्यालयों का भ्रमण करेगी। संग्रह की गई सदस्यता 31 जुलाई को लखनऊ में आयोजित राज्य परिषद की बैठक में जमा की जाएगी। मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने तदर्थ शिक्षकों को वर्तमान संकट से उबारने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने, पुरानी पेंशन योजना, वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाने, बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन बकाया पारिश्रमिक का भुगतान करने बकाया एरियर का भुगतान करने ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया को गतिशील करने सहित तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 जुलाई को 14 जुलाई को संत कबीर नगर व 15 जुलाई को बस्ती जिला विद्यालय निरीक्षक पर धरने का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए तीनों जनपदों में सात जुलाई को जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया है। इस दौरान अजय प्रताप सिंह, जय प्रकाश मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, रमेश गुप्ता, गुलाब चंद्र मौर्या, गिरिजानंद यादव,दिग्विजय सिंह, मनोज सिंह, शिव शंकर, विनोद वर्मा, गणेश कुमार पांडेय, अजीत सिंह, रवीश पांडेय,राम सूरत, प्रमोद सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कर्ज वसूली से बचने के लिए मौसी और उसके बेटे को नहर में डुबोकर मारडाला

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जिले में एक युवती ने कर्ज के तौर पर चार लाख रुपयों की वसूली से बचने के लिए कथित तौर पर अपने प्रेमी की मदद से अपनी मौसी तथा मौसेरे भाई को नहर में डुबाकर मार डाला। पुलिस ने करीब तीन महीने की मशक्कत के बाद घटना का खुलासा कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक (नगर) मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि करीब तीन महीने पहले पुलिस को मांट क्षेत्र में माला देवी नामक महिला और राया इलाके में उसके बेटे विनय का शव मिला था। दोनों की मृत्यु डूबने से हुई थी।

उन्होंने बताया कि मृत महिला की मां ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में कहा था कि उसकी बेटी माला देवी अपने पति सतीश फौजी की मृत्यु के बाद मथुरा के इंदुपुरम कॉलोनी में उनके साथ रह रही थी। सिंह ने बताया कि माला देवी 18 मार्च को अपने पुत्र विनय के साथ अपनी जेठानी की एक रस्म में शिरकत के लिए देहरादून गई थी और वहां से 24 मार्च को मथुरा के लिए निकली थी, मगर घर नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि उसका फोन भी बंद आ रहा था। सिंह के अनुसार, माला की मां का कहना था कि उसकी दूसरी बेटी की पुत्री नेहा ने माला देवी से मकान खरीदने के लिए चार लाख रुपए उधार लिए थे, मगर वह उन्हें लौटा नहीं रही थी तथा मांगने पर वह एवं उसका कथित प्रेमी योगेश कुशवाहा उससे झगड़ते थे। उन्होंने बताया कि माला की मां का आरोप था कि नेहा और उसके प्रेमी ने ही संपत्ति अपने नाम कराने के उद्देश्य से बेटी और उसके पुत्र को अगवा कर लिया है। सिंह ने बताया कि इस मामले में नेहा और योगेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंह के अनुसार, पूछताछ में नेहा ने बताया कि वह और योगेश करीब चार वर्ष से एक-दूसरे को जानते हैं और उसके नाना-नानी और मौसी माला देवी उस पर योगेश से शादी का दबाव बनाते थे, जबकि योगेश पहले से शादीशुदा था।

पुलिस अधीक्षक (नगर) के मुताबिक नेहा ने बताया कि उसने प्रेमी योगेश, उसके साथी राकेश फौजी और इमरान के साथ मिलकर योजना बनाई कि माला की हत्या कर दी जाए तो उसे अपना कर्ज वापस नहीं करना पड़ेगा और उसके मेरठ स्थित घर को बेचकर वे रकम आपस में बांट लेंगे। माला देवी ने पति की मृत्यु के बाद मिले 12 लाख रुपए एक वकील को व्यापार के लिए दिए थे। जिन्हें वह वापस नहीं लौटा रहा था। वे चारों उसे देहरादून से वापसी के समय यह कहकर मथुरा ले गए कि उन्होंने उस वकील को पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि योगेश ने माला देवी को मथुरा के एक होटल में ठहराया और योजना के अनुसार माला को वकील से मिलाने के बहाने राया ले जाकर, जबकि उसके बेटे विनय को मांट में गंगनहर में डुबोकर मार डाला। सिंह ने बताया कि पुलिस ने नेहा और योगेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि उनके फरार साथियों राकेश और इमरान की तलाश की जा रही है।

**निर्माणाधीन मकान की दीवार ढहने से बुजुर्ग दंपति की मौत:** महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के पनियरा इलाके में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार ढहने से उसके मलबे में दबकर एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार देर रात हुआ। पनियरा थाना क्षेत्र के नरकटहा गांव में नेबू लाल (75) और उनकी पत्नी राजमती (72) सो रहे थे, तभी उनके निर्माणाधीन मकान की एक दीवार ढह गई और दोनों उसके मलबे के नीचे दब गए। सूत्रों ने बताया कि गंभीर अवस्था में दंपति को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस सिलसिले में एक मामला दर्ज किया है।

## अज्ञात लोगों ने बुजुर्ग महिला की उसी के घर में घुसकर हत्या कर दी

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने 60 वर्षीय एक महिला की उसी के घर में घुसकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने बृहस्पतिवार को बताया कि रतनपुरी थाना क्षेत्र में कैलाश नगर गांव में बुजुर्ग महिला उर्मिला बुधवार रात अपने घर में खाना बना रही थी, तभी कुछ अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए और धारदार हथियार से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में महिला के बेटे राजू की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए पुलिस को शव सौंपने से इनकार कर दिया था। हालांकि, मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों के समझाने पर वह मान गए और शव को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों ने बताया कि उर्मिला अपने तीन बेटों के साथ रहती थीं। उनके पति की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी।

## भाजपा नेता ने की बिजली अफसर की पिटाई, धरने पर बैठे उपखंड अधिकारी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता द्वारा विद्युत विभाग के एक अधिकारी को कार्यालय के बाहर बुलाकर पिटाई करने के मामले में जिले के सभी उपखंड अधिकारी बृहस्पतिवार को धरने पर बैठ गए।जिले के विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि 25 जून को कार्यालय में बैठे उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को भाजपा नेता विमल कुमार गुप्ता ने कार्यालय के बाहर बुलाया और अपने साथियों की मदद से उनकी पिटाई कर दी। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।उन्होंने बताया कि घटना को लेकर अधिकारियों में काफी रोष व्याप्त है और जिले के सभी उपखंड अधिकारी अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर धरने पर बैठ गए हैं, जिसके चलते कार्य बाधित हो रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के जिला सचिव विनोद कुमार ने बताया कि इस घटना के विरोध में धरने को जिले के सभी कनिष्ठ अभियंताओं ने भी समर्थन दिया है और बदायूं, बरेली तथा पीलीभीत में भी अधिकारी आज काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी भाजपा नेता विमल गुप्ता की अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो जिले में सभी अधिकारी तथा जूनियर इंजीनियर पूरी तरह से हड़ताल पर चले जाएंगे। इस बीच, भाजपा जिलाध्यक्ष के. सी. मिश्रा ने बताया कि विमल कुमार गुप्ता पार्टी के गुरगवां मंडल के उपाध्यक्ष हैं और जो भी घटना हुई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि पीड़ित उपखंड अधिकारी अनिल कुमार की ओर से मारपीट तथा एससीएसटी एक्ट के तहत सदर बाजार थाने में रिपोर्ट 25 जून को दर्ज करा दी गई थी। मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी होगा, उसके विरुद्ध कानूनी कार्वाई की जाएगी।

**चेतावनीः आरोपी भाजपा नेता विमल गुप्ता की अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो जिले में सभी अधिकारी और जूनियर इंजीनियर पूरी तरह से हड़ताल पर चले जाएंगे**

## उपलब्धियों से भरा भाजपा जिलाध्यक्ष का कार्यकाल



**बस्ती।** अगर विधानसभा चुनाव के परिणाम को छोड़ दिया जाए तो भाजपा जिलाध्यक्ष महेश षुक्ल के अब तक कार्यकाल शानदार और उपलब्ध्यिों से भरा रहा। इन्हीं के कार्यकाल में पहली बार जिला पंचायत अध्यक्ष के कुर्सी पर भाजपा का कोई बैठा। इसे बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे बड़ी उपलब्धि इन्हीं के ही कार्यकाल में 12 ब्लॉक प्रमुखों का निर्विरोध होना रहा। इतना ही नहीं इनके ही कार्यकाल में पहली बार जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन की कुर्सी पर बैठने का मौका भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता को मिला। बैंकों के डेलीगेट भी इन्हीं के कार्यकाल में चुने गए।

इन सबको को अगर पीछे छोड़ दिया जाए तो संगठन के कामकाज को इन्होंने जिस तरह संभाला उसे हमेषा याद किया जाएगा। संगठन और माननीयों के बीच षतप्रतिषत सामंजस्य स्थापित करने का श्रेय भी जिलाध्यक्ष को जाता है। इन लोगों का बैठकों में षतप्रतिषत उपस्थित रहना एक अच्छे पार्टी के अगुवा की निषानी मानी जा रही है। इन सबके आलावा संगठन के एक भी पदाधिकारी के उपर कोई आरोप अब तक नहीं लगा, इससे उस बात का पता चलता है, जिसमें कहा जाता है, कि अगर कोई अगुवा कार्यो के प्रति ईमानदार रहेगा तो उसके साथ के जितने लोग भी वह भी अपने अगुवा की तरह ईमानदार रहने का प्रयास करेगें। इन्हें जानने वाले कहते हैं, कि एक अच्छे नेता के रुप में जितने गुण होने चाहिए वे सभी भाजपा जिलाध्यक्ष में है। इनका सहज और सरल होना ही बड़ी बात है। इनका मिलनसार और मृदुभाषी होना इनके व्यक्तित्व को चार चांद लगाता है। ऐसा भी नहीं कि भाजपा से जुड़े सभी लोग इनके कार्यो से संतुष्ट ही हो। इनके कार्यकर्त्ता ही इन पर पक्षपात और गलत लोगों का सहयोग करने का आरोप लगाते रहे है। ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में एक दो ब्लॉकों के प्रमुखों के चयन के मामले में गलत निर्णय लेने का आरोप भी इनपर चस्पा है। बहरहाल अगर कुल मिला कर देखा जाए और अन्य जिलाध्यक्षों की इनसे तुलना की जाए तो इन्हें अधिक नंबर मिलेगा है।

# जनप्रतिनिधियों संग मंत्रणा में उठे अहम मुद्दे




**बांदा।** शासन के निर्देशानुसार हर माह जनपद के विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, उसी क्रम में आज कलेक्टेऊट सभाकक्ष में जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी ने जिलाधिकरी महोदय को अवगत कराया कि वन विभाग से पिछले छः माह से लगातार आग्रह किया जा रहा है कि निम्नीपार पहाडी बाबा के स्थान पर एक पेड गिर गया थाए अभी तक हटवाया नही गया है, लगभग आधा दर्जन सड़कों के किनारे फ्लदार वृक्ष रोपण कराने का आग्रह किया गया, बिजली विभाग नगर जो खनिज न्यास निधि से जिलाधिकारी द्वारा 11 स्वीकृत किये गये थे। अभी तक उन कार्यों का टेण्डर नही किया गया एवं नवाब टैंक फीडरए भूरागढ़ फीडर में सबसे ज्यादा विद्युत की अव्यवस्था रहती है क्योंकि इनमें भार ज्यादा है। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थलों का चिन्हीकरण कर विद्युत की स्थायी कार्ययोजना बनायी जाएए जिससे विद्युत अव्यवस्था से निजात पाया जा सके। जल निगम नगर के द्वारा जनपद के समस्त इन्टेकबेल ठीक कराने के निर्देश दिये तथा नगर पालिका परिषद बांदा के द्वारा जनपद के मढियानाका सहित जनपद की अन्य जगहों पर सरकार की मंशा है कि एल0ई0डी0 बल्ब लगवाये जायें परन्तु कुछ जगहों पर अंधेरा छाया रहता है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।। इसी प्रकार बाकर गंज दीवान गंज तथा जिलेदार के पुरवा में जल संस्थान द्वारा पानी की गन्दी सप्लाई की जा रही है तथा पी0डब्लू0डी0 के द्वारा जी0आई0सी0 के सामने डिवाइडर तुडवाने के निर्देश दिये तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में जनसामान्य के द्वारा प्रतिदिन शिकायतें आती हैं कि लेखपालों द्वारा पात्र लाभार्थियों से अवैध धन उगाही की जाती है। जिलाधिकारी से रैण्डम जांच करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने गॉवों की समस्याओं को भी अवगत कराया कि जल.जीवन मिशन के द्वारा जो लाइन गॉव में घर.घर बिछाने का कार्य किया गया है तो नरैनीए बबेरूए तिन्दवारी सहित इत्यादि जगहों पर जल निगम के द्वारा छः माह से टूटी हुई सड़के पडी हुई हैंए जो कि नियमानुसार अधिकतम एक माह के अन्दर दुरस्त कराने के निर्देश हैं। विधायक नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा द्वारा समस्याओं से अवगत कराया गया। उधर, बबेरू विधायक प्रतिनिधि अजय पटेल ने भी कई मुद्दे उठाए। जिलाधिकारी अनुराग पटेल के द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि आप लोंगो के द्वारा जो जन समस्याओं को उठाया गया है उनको सम्बन्धित विभागों से पन्द्रह दिनों के अन्दर निस्तारण कराया जायेगा।

## राष्ट्र प्रेम की भावना को लेकर 11 से 17 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

**फ्तेहपुर।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) विनय कुमार पाठक ने बताया कि शासनदेशानुसार स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देशभर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत सचिव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र 23 मई द्वारा अवगत कराया गया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के क्रियान्वयन हेतु गठित राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (एनआईसी) द्वारा 11 से 17 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फ्हराने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए।

# जिहाद की मध्ययुगीन अवधारणाओं पर लगे रोक

**बरेली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के मामले पर बृहस्पतिवार को कहा कि जिहाद की मध्य युगीन अवधारणाएं धार्मिक उन्माद को बढ़ा रही हैं और इन पर रोक लगनी चाहिए। उदयपुर की घटना के विरोध में यहां बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा जिहाद की मध्ययुगीन अवधारणाएं धार्मिक उन्माद को बढ़ा रही हैं। ए विश्व शांति व मानवता के लिए गंभीर चुनौती हैं। इन पर रोक लगनी चाहिए, चाहे इसकी कोई भी कीमत क्यों ना चुकानी पड़े। उन्होंने उदयपुर कांड के आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई तथा छह माह में फांसी की सजा की मांग भी की। कुमार ने कहा



मुसलमानों का एक वर्ग जिहाद को जिस प्रकार समझता है, वह बेहद खतरनाक है। उसे लगता है कि गैर इस्लामिक लोगों पर हमला, हत्या व उनका माल लूटना उचित है। इसी अवधारणा के कारण विश्व के अनेक भागों में हिंसा व अशान्ति फैली हुई है। विहिप नेता ने कहा कि कुछ इस्लामिक संस्थाओं ने उदयपुर की घटना की निंदा तो की मगर जब तक जिहाद के संबंध में मध्ययुगीन अवधारणाएं फैलाई जाती रहेंगी तब तक ना तो विश्व में शांति रहेगी और ना ही सांप्रदायिक सद्भाव। सरकारें तो इनको कानून-व्यवस्था का मामला मान कर निपटेंगी हीं, मगर यह एक वैचारिक युद्ध है जिसे विश्व भर के सम्पूर्ण सभ्य समाज को लड़ना है। कुमार ने मुस्लिम समाज का भी आह्वान करते हुए कहा कि वह वर्तमान समय के प्रवाह को समझकर अपनी विचारधारा को दुरुस्त करे। उन्हें इस बात की भी सावधानी बरतनी पड़ेगी कि मदरसे तथा अन्य संस्थाएं आतंकवाद की नर्सरी के रूप में इस्तेमाल ना हों। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल निर्भयतापूर्वक समाज की सुरक्षा के लिए अग्रिम मोर्चे पर मुस्तैद रहेंगे। गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी और उन्होंने इस नृशंस हत्या का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर डाला था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है और राजस्थान पुलिस का आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) जांच में मदद कर रहा है।

# बुमराह की कप्तानी का होगा टेस्ट

## ● इंग्लैंड का सामना करने को तैयार टीम इंडिया, आखिरी टेस्ट मैच आज से

**भाषा।** बर्मिंघम



**पहली बार** कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो काफी कुछ बदला हुआ होगा। इंग्लैंड की टीम ने जहां अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है तो भारत की तैयारी उतनी पुख्ता नहीं है। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 2–1 से आगे थी लेकिन भारतीय खेमे में कोरोना के मामले आने के कारण पांचवां मैच स्थगित कर दिया गया था। उसके बाद से नौ महीने बीत गए और तत्कालीन कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी जबकि उनके बाद कप्तान बने रोहित शर्मा कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद यह मैच नहीं खेल रहे हैं। उपकप्तान केएल राहुल भी सर्जरी के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में कप्तानी की जिम्मेदारी बुमराह को सौंपी गई है जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक हैं और राष्ट्रीय टीम के 36वें कप्तान होंगे। वह तेज आक्रमण के अगुवा रह चुके हैं लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ चुनौती अलग तरह की होगी। भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले आखिरी तेज गेंदबाज कपिल देव थे। जवागल श्रीनाथ और जहीर खान को कभी उपकप्तानी भी नहीं दी गई लिहाजा 35 साल बाद कोई तेज गेंदबाज भारत का कप्तान बना है। वैसे यह बंदोबस्त एक मैच के लिए ही किया गया है लेकिन भविष्य में जब भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी तो चयनकर्ता अपने सारे विकल्प आजमा लेना चाहते होंगे। इंग्लैंड ने हाल ही में न्यूजीलैंड को 3– 0 से हराया है और नए कोच ब्रेंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में टीम काफी आक्रामक प्रदर्शन कर रही है। उनके बल्लेबाजों ने विरोधी आक्रमण की जमकर धुनाई की है जबकि जैक लीच ने दो बार पारी के पांच विकेट लिए हैं। यहां की पिच सपाट दिख रही है जो बल्लेबाजों की मददगार साबित हो सकती है। ऐसे में बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। कप्तानी छोड़ने के बाद से जो रूट फॉर्म में हैं जबकि आईपीएल से फॉर्म हासिल करने वाले जॉनी बेयरस्टॉ ने 120 प्लस की औसत से करीब 400 रन बनाए। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को कहा , इंग्लैंड ने दो मैचों में हार के करीब जाकर जीत दर्ज की है।

### कप्तानी में पदार्पण पर धोनी से प्रेरणा ली बुमराह ने

**बर्मिंघम।** संयोगवश भारतीय टीम की कमान संभालने जा रहे जसप्रीत बुमराह इसे अपने कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते है और उन्होने इंग्लैड के खिलाफ पांचवे टेस्ट से पहले महेंद्र सिंह धोनी की सीख को याद किया जिन्हे कप्तानी का कोई अनुभव नही होते हुए भी वह इतने सफल कप्तान बने। बुमराह को बृहस्पतिवार की सुबह की पता चला कि वह इस मैच मे कप्तान होंगे चूंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा का कोरोना टेस्ट फिर पॉजिटिव पाया गया। बुमराह ने कहा , दबाव होने पर सफलता का मजा ही कुछ और होता है।

### राहुल की जर्मनी में सफल सर्जरी, कुछ महीनों तक टीम से हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर सलामी बल्लेबाज और नियमित उप कप्तान लोकेश राहुल का जर्मनी मे स्पोर्ट्स हर्निया का सफल आपरेशन हुआ और उनके कुछ और महीनो तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है। इसी महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर होने को बाध्य हुए राहुल को पिछले कुछ वर्षो मे पेट के नीचे के हिस्से से जुड़ी फिटनेस समस्याओ का सामना करना पड़ा है जिसमे ग्रोइन मे खिंचाव और पैर की मांसपेशियो की चोट भी शामिल है। राहुल ने ट्वीट किया, पिछले कुछ हफ्ते काफी मुश्किल रहे लेकिन सर्जरी सफल रही। मै ठीक हो रहा हूं और अच्छी तरह उबर रहा हूं। मेरे उबरने का सफर शुरू हो चुका है। आपके संदेशो और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। जल्द ही मिलते है। पिछले आठ साल मे 30 साल के राहुल ने भारत की ओर से 42 टेस्ट, 42 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले है। भारत लौटने पर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की खेल विज्ञान टीम के प्रमुख डॉ. नितिन पटेल की अगुआई मे उनका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। राहुल की वापसी की समय सीमा तय नही की जा सकती लेकिन मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का मानना है कि उन्हे भारतीय टीम की ओर से वापसी करने मे कुछ और महीने का समय लग सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई को नाम जाहिर नही करने की शर्त पर बताया, वह कुछ दिन आराम करेगा और फिर एनसीए मे उसका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। नियमित नेट सत्र शुरू करने से पहले कुछ हफ्तो का समय लगेगा।

### प्रतिद्वंद्वी के बदलने से हमारा खेलने का तरीका नहीं बदलेगा: स्टोक्स

**बर्मिंघम।** इंग्लैड के कप्तान बेन स्टोक्स का कहना है कि उन्हे पता है कि भारत को हराने के लिए किस चीज की जरूरत है लेकिन उन्होंने जोर दिया कि यह उनके लिए एक मैच जीतने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि वे अपने खेल की शैली से टेस्ट क्रिकेट को नया रूप देने की कोशिश मे जुटे है। स्टोक्स ने पांचवे टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, हम निश्चित रूप से जानते है कि श्रृंखला ड्रा करने के लिए हमे इस मैच को जीतना जरूरी है। लेकिन जैसा कि आप जानते हो कि मैने पिछले हफ्ते के अंत मे कहा था कि इस समय हम नतीजे से बड़ा सोच रहे है, मैदान पर जो कुछ हो रहा है, हम उससे बड़ा सोच रहे है। हम निश्चित रूप से प्रत्एक मैच मे जीतना चाहते है लेकिन यह इससे भी बढ़कर है। यह मैच कोविड-19 मामले आने के कारण पिछले साल सितंबर मे स्थगित हो गया था। मुझे लगता है कि हम जिस तरह का क्रिकेट खेलते है, पिछले तीन हफ्तो मे उसे नए रूप में बदलने मे कामयाब रहे है।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें श्रीलंका के खिलाफ सभी विभागों में सुधार पर

## ● तीन मैचो की श्रृंखला का पहला मुकाबला आज

**भाषा।** पालेकल



**मिताली राज** के बिना 50 ओवर क्रिकेट में नए युग की शुरूआत कर रही भारतीय टीम की नव नियुक्त कप्तान हरमनप्रीत कौर शुक्रवार से मेजबान श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में अपनी खिलाड़ियों से सभी विभागों में सुधरे हुए प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी। भारतीय टीम अपनी दो दिग्गज – मिताली और झूलन गोस्वामी के बिना होगी। मिताली ने इस महीने के शुरू में क्रिकेट से संन्यास ले लिया जबकि झूलन की मांसपेशियों में खिंचाव है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दोनों शानदार खिलाडियों की अनुपस्थिति कप्तान कौर के लिए वनडे श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले कई चिंताओं में से एक होगी। लेकिन भारतीय खिलाडियों का प्रदर्शन परफेक्ट से काफी दूर रहा लेकिन अब जब प्रारूप बदलेगा तो टीम की नियमित खिलाड़ी निचली रैंकिंग (नौंवी) की श्रीलंकाई टीम के खिलाफ दबदबे भरा प्रदर्शन करना चाहेंगी।

### अपनी फिटनेस से टीम के लिए मिसाल बनना चाहती हूं : हरमनप्रीत

**पल्लीकल।** श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला से भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्णकालिक कप्तान के रूप में शुरूआत करने जा रही हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह अपनी टीम की फिटनेस और फील्डिंग के स्तर मे सुधार चाहती है। टी20 कप्तान हरमनप्रीत को मिताली राज के संन्यास लेने के बाद वनडे टीम की कमान भी सौंपी गई है। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचो की श्रृंखला शुक्रवार से शुरू होगी जो वनडे कप्तान के रूप में उनकी पहली चुनौती है।

### हाईकोर्ट ने भारत–इंग्लैंड क्रिकेट श्रृंखला के अनधिकृत प्रसारण पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोनी टेन नेटवर्क चैनल द्वारा हासिल किए गए प्रसारण अधिकारों के उल्लंघन के लिए (अपराध के उद्देश्य से बनाई गई) 39 वेबसाइट पर आगामी भारत-इंग्लैंड अतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला की स्ट्रीमिंग करने से रोक लगा दी।

### डेविस कप में भारत 16–17 सितंबर को नार्वे से भिड़ेगा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने गुरूवार को घोषणा की कि मेजबान नार्वे ने पुष्टि की है कि वे अपने अगले विश्व ग्रुप एक मुकाबले में 16-17 सितंबर को भारतीय डेविस कप टीम की मेजबानी करेंगे। मेजबान के पास गुरूवार-शुक्रवार या फिर शुक्रवार-शनिवार को खेलने का विकल्प था। नार्वे ने शुक्रवार-शनिवार का विकल्प चुना।

### एआईएफएफ महासचिव कुशाल ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** विवादों का हिस्सा रहे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशाल दास ने स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस तरह उनके 12 साल के कार्यकाल का अंत हुआ जिस दौरान उन पर कई बार वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे। वर्ष 2010 मे पद संभालने वाले दास स्वास्थ्य कारणों से 20 जून से छुट्टी पर थे।

### नई स्पोर्ट्स बाइक का युवा लेंगे आनंद

**लखनऊ।** बजाज पल्सर ने नई स्पोर्ट्स बाइक युवाओं के लिए उतारी है। टूव्हीलर और थ्री व्हीलर कंपनीब बजाज ऑटो ने लखनऊ मे बिल्कुल नई पल्सर एन-160 लॉन्च की है। यह भारत की सबसे लोकप्रिय स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल पल्सर रेंज का नवीनतम पेशकश है। पल्सरएन-160 को नए पल्सर प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। जिसे पिछले साल अक्टूबर में पल्सर 250 के लॉन्च के साथ पेश किए जाने के बाद से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है। फ्र्स्टडुअल, चैनल, बीएससेलैस, पल्सरएन160 एंट्री स्पोर्ट्स मोटर साइकिल सेगमेंट मे फॉरमेंस और नियंत्रण केलिए एक बेंचमार्क बनने के लिए तैयार है। एन 160 को आज के युवाराइडर की जरूरतों को आसानी सेपूरा करता है। इसकी कीमत लखनऊ में 1,25000 से ज्यादा है।

### बटलर इंग्लैंड की टी20 और वनडे टीमों के कप्तान बने

**लंदन।** जोस बटलर को बृहस्पतिवार को इंग्लैड की टी20 और वनडे क्रिकेट टीमो का कप्तान बनाया गया। पिछले सात साल से टीम के उपकप्तान 31 वर्ष के बटलर को इयोन मोर्गन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बटलर भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जुलाई में होने वाले 12 मैचो से जिम्मेदारी संभालेगे।

### आयु धोखाधड़ी शिकायतों की जांच के लिए बीएआई पैनल गठित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) आयु धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतो की विस्तृत जांच के लिए पैनल का गठन करेगा और दोषी पाए जाने वालो पर न्यूनतम दो साल का प्रतिबंध लगाएगा। हैदराबाद मे अखिल भारतीय सब जूनियर अंडर-13 रैंकिंग टूर्नामेंट (19 से 25 जून) और मोहाली में मौजूदा अंडर-13 प्रतियोगिता के दौरान आयु धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए। जिसके बाद आयु धोखाधड़ी समिति के सदस्य संदीप हेब्ले ने बीएआई को पत्र लिखकर इस मामले को देखने की अपील की।

# क्वितोवा विंबलडन के तीसरे दौर में

**भाषा।** विंबलडन



**दो बार की** ऑल इंग्लैंड क्लब चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने गुरूवार को यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में एना बोगडान की चुनौती समाप्त कर तीसरे दौर में जगह बनाई।

25वीं वरीयता प्राप्त क्वितोवा ने बोगडान को भले ही दो सेट में 6–।, 7–6 से हरा दिया हो लेकिन दूसरे सेट में उन्हें प्रतिद्वंद्वी ने कड़ी चुनौती दी। अब क्वितोवा का सामना स्पेन की चौथी वरीय पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने इरिना बारा को 6–3 6–2 से शिकस्त दी। पिछले साल विंबलडन के फाइनल में पहुंची छठी वरीय कैरोलिना प्लिस्कोवा को सेंटर कोर्ट पर ब्रिटेन की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली कैटी बोल्टर ने 3–6, 7–6, 6–4 से हराकर बाहर कर दिया। बोल्टर ने पिछले हफ्ते अभ्यास टूर्नामेंट में प्लिस्कोवा को भी हराया था। अब बोल्टर का सामना अगले दौर में हार्मनी टैन से होगा। टैन ने सात बार की विम्बलडन चैम्पियन सेरेना विलियम्स को पहले दौर में हराने के बाद गुरूवार को 32वीं वरीय सारा सोरीबेस टोर्मो को 6–3, 6–4 से पराजित किया। पुरूषों के ड्रा में निक किर्गियोस ने तीसरे दौर में जगह बनाई। इस गैर वरीय आस्ट्रेलियाई ने 26वें वरीयता प्राप्त फिलिप क्राजिनोविच को 6–2, 6–3, 6–। से हराया। अब उनका सामना चौथे वरीय स्टेफानोस सिटसिपास से होगा जिन्होंने जोर्डन थाम्पसन पर 6–2, 6–3, 7–5 से जीत दर्ज की। अमेरिका के टेलर फिट्ज, नीदरलैंड के बोटिक वान डि जांडशुल्प और फ्रांस के रिचर्ड गास्केट ने भी अगले दौर में जगह बनाई। स्पेन के रोबर्टो बतिस्ता अगुट कोविड–19 पॉजिटिव आने के कारण टूर्नामेंट से हट गए। इससे पहले दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे को बुधवार को यहां आल इंग्लैंड क्लब पर पुरुष एकल के दूसरे के मुकाबले में जॉन इसनर के खिलाफ चार सेट में हार का सामना करना पड़ा। मरे को 20वें वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 6–4, 7–6 (4), 6–7 (3), 6–4 से हराया। मरे से पहले मेजबान देश की एक और शीर्ष खिलाड़ी और गत अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा राडुकानु को भी फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के खिलाफ महिला एकल के दूसरे दौर में सीधे सेट में 3–6, 3–6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मरे 2013 में विंबलडन खिताब जीतने वाले 77 साल में ब्रिटेन के पहले पुरुष एकल चैंपियन बने थे। उन्होंने इसके बाद 2016 में एक बार और विंबलडन का एकल खिताब जीता। पिछले 13 मौकों पर मरे हमेशा विंबलडन के कम से कम तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे थे। उन्हें 2005 में पदार्पण करते हुए और 2021 में तीसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

### सानिया और जोड़ीदार पहले दौर से बाहर

**विम्बलडन।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा अपने आखिरी विम्बलडन में चेक गणराज्य की लूसी राडेका के साथ पहले ही दौर मे हारकर बाहर हो गई। सानिया और लूसी को पोलैंड की मैगडलीना फ्रेंच और ब्राजील की बीत्रोज हदाद माइया ने 4-6, 6-4, 6-2 से हराया। सानिया ने यहां 2015 मे मार्तिना हिंगिस के साथ पहली बार युगल खिताब जीता था। पिछले साल वह मिश्रित युगल के तीसरे दौर मे हार गई थी। अभी उन्हे मिश्रित युगल मे क्रोएशिया के मेट पेविच के साथ खेलना है। दोनों का सामना पहले दौर मे नटेला डी और डेविड वेगा हर्नांडिज से होगा।

# भारत की नजरें पहले खिताब पर

## ● महिला हॉकी विश्व कप: प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा नीदरलैंड

**भाषा।** टेरेसा (स्पेन)



**विश्व हॉकी** की शीर्ष 16 महिला टीम प्रतिष्ठित एफआईएच विश्व कप खिताब के लिए शुक्रवार से चुनौती पेश करेंगी जिसमें आठ बार के विजेता नीदरलैंड की नजरें खिताबी हैट्रिक पर टिकी होंगी जबकि भारत पहली बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा। स्पेन के साथ एक से 17 जुलाई तक होने वाले टूर्नामेंट की सह मेजबानी करने वाला गत चैंपियन नीदरलैंड महिला हॉकी में सबसे अधिक दबदबा बनाने वाली टीम है और उसने आठ बार खिताब जीता है जबकि चार बार उप विजेता रहा। नीदरलैंड की महिला टीम ने चार बार ओलंपिक स्वर्ण, दो बार रजत और तीन बार कांस्य पदक भी जीता और इस बार भी अपने विश्व खिताब की रक्षा करने की प्रबल दावेदार है। अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया और जर्मनी की टीम ने दो–दो बार विश्व कप जीता है। टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान स्पेन और कनाडा के बीच पूल सी मुकाबले के साथ होगी। स्पेन का टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कुआलालंपुर में 1983 में रजत पदक जीतना है। टूर्नामेंट में 16 टीम को चार–चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्एक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रॉस ओवर होगा। क्रॉसओवर में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल डी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी जबकि पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगी। इसी तरह पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा जबकि पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। पूल ए में जर्मनी, चिली, पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता आयरलैंड और नीदरलैंड को जगह मिली है जबकि पूल बी में भारत, चीन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पूल सी में अर्जेन्टीना, कनाडा, कोरिया और स्पेन को शामिल किया गया है जबकि पूल डी में आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, जापान और दक्षिण अफ्रीका चुनौती पेश करेंगे। एफआईएच प्रो लीग का खिताब जीतने के बाद नीदरलैंड की टीम टूर्नामेंट में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। इस टूर्नामेंट में बेल्जियम की टीम दूसरे जबकि भारत की टीम पदार्पण करते हुए तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में पहले टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहना रहा। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में एतिहासिक चौथा स्थान हासिल करने के बाद भारतीय टीम की दावेदारी भी मजबूत होगी। भारतीय महिला टीम ने इस साल मई में विश्व रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ छठा स्थान हासिल किया और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष टीमों को अच्छी चुनौती देते हुए अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों को पछाड़कर पोडियम पर जगह बनाई।

### खिलाड़ी से दुर्व्यवहार के कारण अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के कोच को वापस बुलाया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर–17 महिला फुटबॉल टीम के साथ जुड़े कोच को यूरोप के मौजूदा ट्रेनिंग दौरे पर एक नाबालिग खिलाड़ी से दुर्व्यवहार के आरोप में निलंबित किया गया है और नॉर्वे से वापस बुलाया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को इस घटना की जानकारी दी है। सीओए के बयान के अनुसार, अंडर–17 महिला टीम में दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर कोविड का साया

## ● स्ट्राइकर गुरजंत और कोच ग्राहम रीड पॉजिटिव पाए गए

**भाषा।** बेंगलुरू

**राष्ट्रमंडल खेलों** के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के तैयारी शिविर पर बृहस्पतिवार को कोविड–19 का प्रकोप दिखा जब स्ट्राइकर गुरजंत सिंह और मुख्य कोच ग्राहम रीड सहित पांच खिलाड़ी वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए। बुधवार सुबह आरटी–पीसीआर परीक्षण किया गया था। संक्रमित लोगों में हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं और उन्हें यहां पृथकवास पर रखा गया है।हॉकी इंडिया ने बिना किसी का नाम लिए मीडिया विज्ञप्ति में कहा, राष्ट्रमंडल खेल 2022 की तैयारी कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दो खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए हैं। टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, गुरजंत और ग्राहम रीड संक्रमित हो गए हैं। टीम का वीडियो विश्लेषक अशोक कुमार चिन्नास्वामी भी पॉजिटिव पाया गया है। गुरजंत के अलावा पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ी आशीष कुमार टोप्नो हैं। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के परिसर में चल रहे शिविर में 31 खिलाड़ी हिस्सा



ले रहे हैं जिसमें पीआर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, पवन, ललित कुमार उपाध्याय, हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास शामिल हैं। खिलाड़ी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ खेलने के बाद शिविर में पहुंचे हैं। शिविर 23 जुलाई को संपन्न होगा जिसके बाद टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में भारत में कोरोना वायरस के 18,819 नए मामले सामने आए हैं।

# सिंधू भी क्वार्टर फाइनल में, प्रणय भी जीते

## मलेशिया ओपन: प्रणय ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को हराया

**भाषा।** कुआलालंपुर



**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और थॉमस कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एचएस प्रणय ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

थॉमस कप में भारत की एतिहासिक खिताबी जीत के दौरान अपने सभी मैच जीतने वाले गैरवरीय प्रणय ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को 30 मिनट से अधिक चले मुकाबले में 21–15 21–7 से हराया। पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के प्रणय ने दोनों मुकाबलों में धीमी शुरुआत की लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद इस भारतीय खिलाड़ी ने विरोधी का कोई मौका नहीं दिया और लगातार 12 अंक जीतकर अंतिम आठ में जगह बनाई। दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अगले दौर में सातवें वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ उन्होंने तीन मैच जीते हैं जबकि पांच मुकाबले गंवाए हैं। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को थाईलैंड की फिटायापोर्न चेईवान के खेल के सामंजस्य बैठाने में समय लगा। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम गंवाने के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को दूसरे दौर के 57 मिनट चले मुकाबले में 19–21 21–9 21–14 से हराया। सातवीं वरीय भारतीय खिलाड़ी अगले दौर में चिर प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग से भिड़ेंगी। सिंधू ने ताइ जू के खिलाफ 15 मुकाबले गंवाए जबकि उन्हें सिर्फ पांच मैचों में जीत मिली है। चेन ने प्रणय के खिलाफ पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए 4–। की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए अपने तीखे स्मैश से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को बैकफुट पर धकेला।

प्रणय ने 6–6 के स्कोर पर बराबरी हासिल की और फिर 12–8 की बढ़त बनाकर विरोधी पर दबाव डाला। प्रणय ने इस बढ़त को 18–13 तक पहुंचाया और फिर क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ पहला गेम 17 मिनट में अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी प्रणय ने पिछड़ने के बाद 4–4 के स्कोर पर बराबरी हासिल की। चेन ने स्कोर 7–9 किया लेकिन प्रणय ने लगातार 12 अंक के साथ गेम और मैच जीत लिया। इससे पहले सिंधू पहली बार थाईलैंड की खिलाड़ी से खेल रही थी और भारतीय खिलाड़ी को विरोधी का खेल समझने में समय लगा।


### विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय एथलेटिक्स दल की अगुवाई करेंगे नीरज

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अमेरिका के यूजीन में 15 से 24 जुलाई तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में भारत के 22 सदस्ईय दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम में 17 पुरूष और पांच महिला खिलाड़ी हैं। पैदल चाल खिलाड़ी भावना जाट और चक्का फेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया ने इससे नाम वापिस ले लिया है। दोनों राष्ट्रमंडल खेलों पर फोकस करना चाहती हैं। महासंघ के प्रमुख आदिले ने कहा, सीमा का फोकस राष्ट्रमंडल खेल है जिसमें उसने चार पदक जीते थे। उसका मानना है कि वहां उसकी उम्मीदें ज्यादा है और हमारा भी यही मानना है। चोपड़ा के अलावा भालाफेंक में रोहित यादव भी टीम में हैं। भारतीय टीम तीन टुकड़ों में जाएगी और पहला समूह शनिवार को , दूसरा सोमवार को तथा तीसरा पांच जुलाई को रवाना होगा।

### भारतीय टेस्ट टीम में अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रहा हूं, और प्रभाव डालने के लिए तैयार : शार्दुल ठाकुर

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले भारतीय आल राउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा कि वह टीम में अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं और जब तक मुख्य गेंदबाज ब्रेक पर हैं तो वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर और प्रभाव डाल सकते हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ठाकुर ने बीसीसीआई टीवी से कहा, इस समय हमारे तेज गेंदबाजी विभाग में हर कोई अच्छा प्रदर्शन कर रहा है जिनमें (मोहम्मद) शमी, (जसप्रीत) बुमराह, उमेश (यादव – जब भी उन्हें मैच मिलता है) शामिल हैं। इशांत (शर्मा) इसमें थे और आमतौर पर वे नई गेंद से शुरूआत करते और कई दफा ऐसा होता कि वे पहले स्पैल में दो–तीन विकेट झटक लेते और मुझे बाद में गेंदबाजी का मौका मिलता। ठाकुर अकसर चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका निभाते हैं।

### ग्रीन व कैरी ने आस्ट्रेलिया को श्रीलंका पर बढ़त दिलाई



**गॉल ( श्रीलंका )।** आस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी की मदद से गुरूवार को पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक श्रीलंका पर 101 रन की बढ़त हासिल कर ली। श्रीलंका की टीम पहली पारी में 212 रन पर सिमट गई थी। बारिश से प्रभावित दिन में स्टंप तक आस्ट्रेलिया का स्कोर आठ विकेट पर 313 रन था। ग्रीन और कैरी ने तेजी से 93 गेंद में 84 रन की साझेदारी निभाई जिससे आस्ट्रेलियाई टीम श्रीलंका के पहली पारी के स्कोर से आगे बढ़ने के साथ बढ़त हासिल करने में सफल रही। ग्रीन ने 109 गेंद में छह चौके से 77 रन बनाए जबकि कैरी ने 47 गेंद में 45 रन की पारी खेली। इन दोनों से पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 71 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने रात के तीन विकेट पर 98 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए चाय तक पांच विकेट पर 233 रन बना लिए थे। इसके बाद टीम बड़ी बढ़त की ओर बढ़ रही थी लेकिन कैरी ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस की गेंद पर खराब शॉट खेलने से दिनेश चांदीमल को कैच देकर आउट हुए। ग्रीन और मिशेल स्टार्क ने सातवें विकेट के लिए 37 रन जोड़ लिए थे। लेकिन ग्रीन मेंडिस की गेंद को स्वीप करने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। उन्होंने रिव्यू लिया लेकिन यह उनके पक्ष में नहीं गया।

### मुक्केबाजी : सचिन क्वार्टर फाइनल में , सिमरनजीत बाहर

**नूर सुल्तान।** मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन सचिन सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलोरडा कप में पुरूषों के 57 किलो वर्ग में तुर्कमेनिस्तान के यखलास जिलिश्जानोव को 5–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं पूर्व विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर को महिलाओं के 60 किलो क्वार्टर फाइनल में चीन की शू जिशू ने 3–2 से हराया। भारत के लक्ष्य चाहर और हर्ष लाकड़ा भी कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वियों से हारकर बाहर हो गए। लक्ष्य को 86 किलो क्वार्टर फाइनल में अबजल के ने 5–0 से हराया जबकि हर्ष को एरासिई जाकपेकोव ने 80 किलो वर्ग में इसी अंतर से मात दी। टूर्नामेंट का फाइनल चार जुलाई को खेला जाएगा।

# खंभा गिरने से दो मासूमों की दबकर मौत

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात





**भोगनीपुर** थाना क्षेत्र के प्रह्लादपुर गांव में बुधवार की शाम हुई हल्की बूंदा-बांदी के बाद चली हवा के झोंके से एक कच्चे मकान का ईंट खंभा भरभराकर गिर गया। जिसके नीचे खाना खा उसी घर के दो मासूम दब गए। जिनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। एक ही घर के दो-दो मासूमों की मौत हो जाने से गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के प्रहलादपुर निवासी तिलक सिंह ने बताया कि बड़ी पुत्री खुशी (10) पुत्र दिलकुश (8) और अंकित (5) तीन संताने हैं। अपने छोटे से परिवार के साथ एक कच्ची झोपड़ी में पॉलीथिन डालकर गुजर बसर कर रहा है। वहीं पास में ही उसकी मां अंगूरी देवी का एक छोटा सा कमरा है। कमरे के पास ही छप्पर टिकाने के लिए ईटों से बना एक खंबा खड़ा हुआ था। बुधवार की रात करीब आठ बजे उसकी पत्नी भूरी देवी ने खाना पाकाया था। वहीं पर दोनों पुत्र दिलखुश और अंकित अपनी दादी अंगूरी देवी के पास बैठ कर खाना खा रहे थे तभी अचानक हल्की बूंदाबांदी होने लगी। बाद में हवा का तेज झोंका चलने से ईट से बना खंभा भरभराकर उनके ऊपर गिर गया। जिसमें दोनों मासूम बच्चे दब गए। जिससे दोनों मासूमों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। आनन-फानन में परिजन दोनों मासूमों को पुखरायां के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने के लिए ले गए। वहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एक ही घर के दो-दो मासूमों की मौत हो जाने की खबर सुनकर ग्रामीणों में कोहराम मच गया। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। मासूमों की मां भूरी देवी बार-बार कह रही थी कि अब उनका कोई वारिश नहीं रहा। दोनों पुत्रों को खोकर वह जिंदा नहीं रहेगी। तिलक सिंह का कहना था कि उनका भी पक्का मकान होता तो आज यह दिन देखने को नहीं मिलता और हमारा परिवार भी हंसीखुशी से गुजर बसर कर रहा होता।

### कास! सर्वे के बाद बन गया होता पक्का सरकारी आवास

**करीब** 15 साल पहले शासन की ओर से गरीबों को आवास मुहैया कराने की बनीं योजना के अंतर्गत प्रह्लादपुर गांव में सर्वे कराया गया था। जिसमें सभी कच्चे आवासों को सरकारी पक्के मकान मुहैया कराये जाने थे लेकिन तिलक सिंह के घर का सर्वे होने के बाद पक्का मकान बनाने को धन नहीं मिला। नतीजतन दो मासूमों की मौत हो गई है। तिलक सिंह ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी और गांव के लेखपाल ने बारी-बारी से उनके घर का मौका मुआयना किया था। आवास के नाम पर कच्ची झोपड़ी और छत के नाम पर तिरपाल पड़े होने की रिपोर्ट भेजी गई थी। लेकिन विकासकर्मियों ने रिपोर्ट में हेरफेर कर दिया था। जिसके चलते उनको पक्का मकान नहीं बना। तब से उनका परिवार इसीतरह कच्ची झोपड़ी में तिरपाल डालकर गुजर-बसर कर रहा था। 15 साल के इस अंतराल में अफ्सरों को नींद नहीं टूटी और ईंट से निर्मित जर्जर खंबा गिरने से उनके मासूम बेटों की दबकर मौत हो गई है। दिलकुश प्राथमिक विद्यालय प्रहलादपुर में कक्षा एक का छात्र था तथा अंकित अभी इसी वर्ष स्कूल में जाना शुरू किया था। दोनों बच्चों की मौत से पिता तिलक सिंह व भूरी देवी का रो रो कर बुरा हाल है। दो मासूमों की मौत की खबर पाकर भोगनीपुर कोतवाल राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रंजीत सिंह भारी पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार मनीष द्विवेदी घटनास्थल पर पहुंचे।

# नवनियुक्त एसपी ने गश्त कर लोगों सुरक्षा का एहसास कराया

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



पुखरायां में पुलिस बल के साथ गश्त करती एसपी पायनियर

**सुरक्षा के** लिहाज से गुरुवार की देरशाम कानपुर देहात की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने जनपद के अति संवेदनशील कस्बों में भारी पुलिस बल के साथ गश्त किया। थानेदारों से लोकेशन का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायत दी।

कानपुर देहात की नवनियुक्त तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सुश्री सुनीति ने जनपद के अति संवेदनशील अमरौधा और पुखरायां कस्बे में भारी पुलिस बल के साथ गश्त करके लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। पुखरायां कस्बे में सुआबाबा मंदिर से नेतराम गली, रेलवे स्टेशन तिराहा, बरसाती पुलिया, मंडी रोड, नगरपालिका गली और बस अड्डा तक गश्त किया। वहीं कस्बा अमरौधा में टंडनबाजार, कुजरैठी, बाजार वार्ड, आजाद नगर, जुलहटी एवं गढ़ीदरवाजा मोहल्ले के प्रमुख मार्गों के साथ गश्त किया। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज देव नारायण द्विवेदी और चंद्र प्रकाश तिवारी से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी कि सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न किया जाए। आमजन को सुरक्षित रखने के लिये प्रतिदिन गश्त करें। हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करें। उन्हें सख्त हिदायत दी जाए कि उनके क्षेत्र में कोई भी वारदात हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस चौकी अमरौधा, पुखरायां और कोतवाली भोगनीपुर में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक भी की गई। अभिलेखों को भी देखा गया।

# संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निरीक्षण कर दिए निर्देश



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**श्रीमती** स्मृति शरन,संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार एवं सागर तकनीकि सहायक ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में नव निर्मित रूप टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ए0ई0 लघु सिचाई विभाग द्वारा बताया गया कि कलेक्ट्रेट परिसर में दो रैन वाटर हार्वेस्टिंग बने हुए है। दोनों ही वर्तमान में चालू हालत में है। बताया गया कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग में लगे फिल्टरों को प्रत्येक वर्ष साफ किया जाता है। संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार ने ए0ई0 लघु सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग में लगे फिल्टरों को प्रत्येक वर्ष वर्षा से पहले एवं वर्षा के बाद दो बार साफ कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय बालिका इन्टर कालेज की छात्राओं ने भी ली सिंगल यूज पॉलीथिन न प्रयोग करने की शपथ

संवाददाता। घाटमपुर



छात्रा को प्रशस्ति पत्र देते हुए अधिशाषी अधिकारी पायनियर

**सिंगल** यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण तथा उसके सम्बन्ध मे लगाये गए प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से को श्री उमेश कुमार मिश्र अधिशाषी अधिकारी द्वारा जीजीआईसी स्कूल में अध्यापकों एवं छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की शपथ दिलाते हुए प्लास्टिक के दुस्प्रभाव एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को व्यापक रूप से बताया, कालेज की प्रधानाचार्य श्रीमती राजरानी पॉलीवाल द्वारा बताया गया कि कॉलेज की छात्राओं द्वारा दिनांक 21 जून 2022 को विश्व योग दिवस से कालेज मे समर कैम्प चल रहा है जिसमे छात्राओं को चित्रकला, सिलाई-कढाई, नृत्य व गायन प्रतियोगिता एवं क्राफ्ट वर्क का कोर्स सिखाया गया है। छात्राओ द्वारा तैयार किए गए क्राफ्ट वर्क की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। छात्राओ द्वारा वेस्ट मैटेरियल से तैयार किए क्राफ्ट की प्रश सा करते हुए कालेज द्वारा आयेजित प्रतियोगिता मे सफलता प्राप्त करने वाली राधिका, कोमल, नताशा, अंजली शर्मा आदि छात्राओं को अधिशाषी अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कालेज से प्रधानाचार्य श्रीमती रामरानी पालीवाल, लक्ष्मी दकेरिया, मंजू यादव, मधू यादव, लक्ष्मी कुरील, अशोक शुक्ल उपस्थित रहें। इसके बाद नगर पालिका कार्यालय में व्यापार मंडल के साथ बैठक की गयी जिसमे व्यापारियों को उ0प्र0 शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्च क्रण तथा उसके सम्बन्ध मे लगाये गए प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन-जागरूकता अभियान के बारे मे बताते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्माकोल से बनी सामग्री का प्रयोग न करने हेतु शपथ दिलायी गयी। यह भी बताया गया कि दिनांक 29 जून 2022 से 03 जुलाई 2022 तक विस्तृत जनजगारूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके पश्चात पॉलीथिन पकड़े जाने पर जुर्माना तथा जेल की कार्यवाही भी हो सकती है। इससे बचने हेतु पॉलीथिन का प्रयोग न करे और न करने दें। व्यापार मंडल की ओर से अमरनाथ गुप्ता, पप्पू मिश्रा, आनन्द स्वरूप गुप्ता, श्याम जी, नवीन कुमार, आदर्श द्विवेदी, मो0 उसामा मिर्जा आदि लोग उपस्थित थे। शासन द्वारा जारी माइक्रोप्लान के अनुसार पालिका द्वारा गत बुद्यावार की तरह आज दीना मार्केट रोड, चन्द्रा मार्केट एवं कानपुर रोड मे सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण की कार्यवाही की गयी, जिसमे लगभग 35 किलो प्लास्टिक एकत्र की गया। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में अधिशाषी अधिकारी श्री उमेश कुमार मिश्र के साथ जिला समन्वयक श्री दिग्विजय सिंह, शान्तिप्रकाश निगम लेखाकार, रामकिशोर, बदरूद्दीन, अमर सिंह, कम्प्यूटर आपरेट दीपक गुप्ता, उपासना देवी, आदि कर्मचारी उपस्थित रहें।

## क्विक न्यूज

### दबंगों ने घर के अन्दर घुसकर युवती के साथ की छेड़छाड़

**रूरा, कानपुर देहात।** बुधवार की रात थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी ट्रक चालक की पुत्री के साथ गांव के ही कुछ युवकों छेड़छाड़ व मारपीट की जिसमे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई।वहीं मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू की। थानाक्षेत्र के गांव निवासी ट्रक चालक ट्रक चलाने के कारण अक्सर घर से बाहर ही रहता है।आरोप है कि बुधवार की रात करीब आठ बजे जब ट्रक चालक 17 वर्षीय पुत्री घर मे अकेली थी।वहीं मां पड़ोस के घर गई हुई थी।इसी दौरान गांव का ही गोलू यादव अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ नशे में धुत्त होकर बदनीयती से घर मे घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे विरोध करने पर सभी उसे घसीट कर ले जाने लगे एकिशोरी के चिल्लाने पर गोलू ने लोहे की रॉड से किशोरी के चेहरे पर वार कर उसे घायल कर जान से मारने की धमकी देते भाग गए।वहीं किशोरी के भाई व मां की जानकारी पर मौके पर पहुंचे जहां खून से लथपथ किशोरी को लेकर थाने पहुंचे जहां सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।वहीं जिला अस्पताल से गंभीर हालत में किशोरी को हैलट अस्पताल भेजा गया।सूचना पर सुबह पहुंचे सीओ अकबरपुर प्रभात कुमार ने किशोरी के पड़ोसी आदि से घटना की जानकारी ली।वहीं उन्होंने बताया कि किशोरी के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

### इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम बन्धवा के समीप दो दिन पूर्व रोड़ किनारे अचेत अवस्था में मिले 50 वर्षीय अज्ञात अधेड को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्डम हाउस में मृतक का पुत्र रामू ने शिनाख्त करते हुये बताया कि उसके पिता श्याम पासवान पुत्र दीलवर उर्फबलदेव नि0 बहुआ थाना ललौली जिनको काफी दिनों से मिर्गी का दौरा पड़ता था। दो दिन पूर्व वाहन में बैठकर शहर का रहे थे। मिर्गी का दौरा पड़ने पर चालक ने बन्धुवा के समीप उतार दिया था। अचेत अवस्था में उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### संदिग्ध हालात में वृद्व की मौत

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चकअलादातपुर मजरे मुत्तीपुर स्थित चबुतरे से गुरूवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 65 वर्षीय वृद्व का शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा। जानकारी के अनुसार चकअलादातपुर मजरे मुत्तीपुर नि0 श्रीपाल सिंह का पुत्र धुम्मन उर्फराजेन्द्र सिंह का शव ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद कर पंचनामा भरते हुये विच्छेदन गृह भेज दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्डम रिपोर्ट के बाद पुष्टि होगी।

### पीएम ने डा. समीर को किया सम्मानित



**लखनऊ।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2022 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा डॉक्टर डा. समीर त्रिपाठी अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक मेधाज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्राइवेट लिमिटेड को सेवा उद्यमिता में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने के लिए मध्यम उद्यम श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। लखनऊ की संस्था मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक डॉ. समीर त्रिपाठी को दिल्ली में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डैडम् सर्विस सेक्टर में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया । प्रधानमंत्री ने एमएसएमई क्षेत्रों में तेजी लाने के लिए प्रमुख पहलुओं की शुरुआत की प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले उद्यमियों से भी मुलाकात की।उन्होंने यह भी कहा कि कई पहल एमएसएमई क्षेत्र में किए जा रहे हैं जो कि आप लोगों को बढ़ावा देंगे और पुरस्कार पाने वाले सभी लोगों को बहुत.बहुत बधाई दी और कहा कि यह पुरस्कार आप लोगों को आगे काम करने के लिए प्रेरित करेगा। पुरस्कार पर खुशी जाहिर करते हुए मेधज टेक्नोकॉन्सेप्ट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक डॉणसमीर त्रिपाठी ने कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि यह हम सब लोगों की मेहनत और हम सभी के द्वारा अपनी कंपनी के लिए ईमानदारी से किए गए कार्य का फल है ए जिसको भारत सरकार और इंडस्ट्री द्वारा समझा गया है।

### बाइकों की भिड़न्त में एक की मौत, दूसरा घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर लखनऊ रोड़ में बुधवार की देर शाम बाइकों की भिडन्त में एक की मौके पर मौत हो गयी वहीं दूसरा घायल हो गया जिसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं परिजन द्वारा शव को न उठाने देने पर पुलिस ने जमकर महिलाओं व पुरूषों पर लाठी बरसाई और शव को उठाकर मर्चुरी हाउस में रखवा दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाने के अहमदपुर गांव निवासी बाबू का 24 वर्षीय पुत्र सूरज भान कल शाम अपने छोटे भाई चन्द्रभान को रेलवे स्टेशन छोड़ने आ रहा था। बताते है कि बाइक जैसे ही उधन्नापुर के पास पहुंची उसी समय सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गई जिससे सूरजभान की मौके पर मौत हो गई जबकि गांव के ही सुदीप पुत्र प्रेम घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन व गांव वाले मौके पर पहुंच लखनऊ मार्ग जामकर आलाधिकारियों को मौके में बुलाने की मांग कर रहे थे। मौके में पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजन व गांव वालों को समझाने का प्रयास किया न मानने पर पुलिस ने रोड जाम किये पुरूष व महिलाओं पर लाठी चार्ज कर दी और शव को जबरन मर्चुरी हाउस में रखवा दिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक ,एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

**फर्रुखाबाद ।** जिलाधिकारी ने ए एन एम के विरुद्ध कार्यवाही के दिए निर्देश जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। गर्भवती महिलाओं की 100: ए एन सी जांच कराने निर्देश दिए अन्यथा की दशा में संबंधित एएनएम के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाए। जिन ए एन एम की प्रगति खराब है उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को खराब प्रगति वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बताया गया आर सी एचएच एम आई एस पोर्टल पर फीडिंग की स्थिति बहुत खराब है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मैं जनपद मंडल में प्रथम स्थान पर है। संस्थागत प्रसव की प्रगति में और सुधार कराने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सीएचसी नवाबगंज-शमसाबाद में भुगतान की स्थिति खराब । भुगतान कराने के निर्देश दिए। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अबतक 215947 गोल्डन कार्ड बन चुके है। सिटी में सुधार की आवश्यकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पोषण ट्रैकर एप पर लॉगिन की स्थिति खराब है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित कॉमन फैसिलिटी सेंटर का शुभारम्भ

संवाददाता। फतेहपुर



**मुख्यमंत्री** उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से दिन वृहस्पतिवार को वृहद ऋण मेला के अंतर्गत 1.90 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ का ऋण वितरण तथा वर्ष 2022-23 की 2.35 लाख करोड़ की वार्षिक ऋण योजना के रोजगार संगम ऋण मेले का शुभारम्भ कर रोजगार परक योजनाओं के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को चौक का वितरण किया तथा उ0प्र0 के पाँच जनपदों आगरा, आजमगढ़, सीतापुर, सिद्धार्थनगर तथा अंबेडकर नगर में नवनिर्मित कॉमन फैसिलिटि सेंटर (सी0एफ0सी0) का ऑनलाइन शुभारम्भ किया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के लाभार्थियों को दिखाया गया। उन्होंने कहा कि 05 नवनिर्मित कॉमन फैसिलिटि सेंटर (सी0एफ0सी0) के संचालन से स्थानीय उत्पादन का कार्य संचालित होंगे और लोगो को रोजगार प्राप्त होगा। वर्ष 2018 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू की गयी जिसकी व्यापक कार्ययोजना बनाकर लागू की गयी जिसमे सूक्ष्म, माध्यम, हस्तशिल्प कारीगरों ने कौशल का परिचय दिया और बैंक के सहयोग से युवाओं को रोजगार प्राप्त हुए। देश मे उत्तर प्रदेश अधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है, प्रदेश सरकार द्वारा बैंकों के सहयोग से अधिक से अधिक ऋण रोजगार के लिए दिए गए यंहा तक कि कोरोनकाल में भी बैंकों द्वारा ऋण वितरण किये गए थे। रोजगार संगम ऋण मेले के अंतर्गत जनपद स्तर पर ऋण संबंधी योजनाओं में ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक की उपस्थिति में एन0आई0सी0 कलेक्ट्रेट में सजीव प्रसारण देखा गया। एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना एवं अन्य रोजगारपरक योजनाओ के 17 लाभार्थियों को 208.18 लाख के ऋण वितरण प्रमाण पत्र वितरित कर बधाई दी।

### पुलिस ने तमंचा व दो देसी बम के साथ एक अपराधी को पकड़ा

**बिंदकी/फतेहपुर।** मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई करके एक शातिर अपराधी को एक 315 बोर के तमंचे दो जिंदा कारतूस तथा 2 देसी बम के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की और न्यायालय भेज दिया। बताया जाता है कि आरोपी शातिर अपराधी है और कई लूट तथा हत्या के प्रयास का आरोपी भी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह मुखबिर की सटीक सूचना पर खजुहा चौकी इंचार्ज राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने हमराही सिपाहियों के साथ कोतवाली क्षेत्र के पारादान मोड़ के समीप एक शातिर बदमाश मुन्ना साह उर्फ खुन्ना पुत्र स्वर्गीय कल्लू निवासी मोहल्ला बड़ी बाजार कस्बा कोतवाली बिंदकी को एक 315 बोर के तमंचा दो जिंदा कारतूस 2 देसी बम के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी मुन्ना शाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की और न्यायालय भेज दिया।

# डीएफओ ने किया वृक्ष प्रहरी अभियान का भव्य शुभारंभ

**कनपुर देहात।** पौधारोपण के बाद उनकी सुरक्षा व अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए वृक्ष प्रहरी अभियान की शुरुआत की गई है। युवा टीम व वन विभाग की संयुक्त पहल से इस अभियान के तहत आधा सैकड़ा लोगों को वृक्ष वितरित किए गए। डीएफ्ओ ने इन्हें वृक्ष प्रहरी बनने की शपथ दिलाई। ये लोग स्वयं वृक्ष रोपित कर उसकी देखभाल करेंगे। साथ ही दूसरों को भी वृक्षारोपण के लिए जागरूक करेंगे। गुरुवार को अकबरपुर के शहजादपुर में माँ की रसोई में वृक्ष प्रहरी अभियान का प्रभागीय वनाधिकारी ;डीएफ्ओद्ध एके द्विवेदी ने तुलसी पूजन कर शुभारंभ किया। डीएफ्ओ ने कहा कि एक वृक्ष दस पुत्र के समान है। मानव का जीवन वृक्ष पर ही निर्भर है। ग्लोबल वार्मिंग रोकना है तो पौधारोपण को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है। जिले को हरा भरा बनाने में वृक्ष प्रहरी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डीएफ्ओ ने उपस्थित लोगों को नीमए आमए अमरूद कटहलए नींबूए जामुन के पौधे वितरित किए। इसके बाद सभी लोगों को इन पौधों के रोपण के पश्चात बड़े होने तक इनकी देखभाल करने और पौधारोपण के लिए अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। आयुष त्रिवेदी और गौरव त्रिपाठी ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पौधारोपण की आवश्यकता एवं महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा और वृक्ष प्रहरी के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। इस दौरान नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रिया तिवारीए लेखाकार लक्ष्मी गुप्ताए गौरव शुक्लाए केशव शुक्लाए अंजली शर्माए प्रशांत अवस्थीए भुवन दीक्षितए मंजुल शुक्लाए अभिषेक श्रीवास्तवए विकास शुक्लाए विशाल त्रिपाठीए आदित्य शुक्ला आदि रहे।

# टॉपर्स का हुआ सम्मान समारोह



**फतेहपुर।** शहर शादीपुर क्षेत्र में न्यू हैप्पीडेंल इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। हाईस्कूल एवं इंटर के टॉपर्स छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार राजा द्वारा मैडम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित उत्साहित किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि जहां छात्र देश की मेधा संपत्ति है और भविष्य निर्माता है वहीं विद्यालय एवं आचार्य छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माता है। कहा कि एक अच्छे समाज का निर्माण ही एक राष्ट्र का निर्माण करता है। उन्होंने सामाजिक और राष्ट्रीय विकास के लिए विद्यालय आचार्य एवं विद्यार्थियों की भूमिका, व्यवहार एवं संस्कार के महत्व पर बल दिया। प्रधानाचार्य जेपी सिंह ने जेंडर इक्वलिटी पर जोर देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहन पर बल दिया। उन्होंने मनोवैज्ञानिक संवैधानिक दोनों स्तरों पर बालक बालिकाओं के सम्मान कर्तव्य एवं अधिकारों तारीफ जिलाध्यक्ष छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की महामंत्री बुद्धि प्रकाश बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तो पूर्व महिला जिला अध्यक्ष बीजेपी गायत्री सिंह बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पहली हल्की बरसात भी नहीं झेल सका नेकपुर कलां का निर्माणाधीन नाला

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**नगर पालिका** द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण में किस तरह से धांधली बरती जा रही है इसका राजफाश गुरुवार सुबह हो गया। नेकपुर कलां में बनाए जा रहे नाले की दीवारें रात में हुई हल्की बरसात भी नहीं बर्दाश्त कर सका। उसकी दीवारें कई जगहों पर ढह गई। नाला ढहने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर भी वीडियो डालकर नगर पालिका के खिलाफ जमकर आलोचना की। नेकपुर चौरासी में होने वाले जलभराव से निजात के लिए नगर पालिका की ओर से नेकपुर कलां से मसेनी चौराहे तक नाले का निर्माण कराया गया है। इस निर्माणाधीन नाले की लागत 14.31 लाख रुपये है। इन नाले का निर्माण नगर पालिका के ठेकेदार राकेश दुबे करा रहे हैं। नाले का निर्माण शुरू होने के बाद ही लोगों ने इसकी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े करना शुरू कर दिए थे, लेकिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि गुरुवार सुबह हुई रिमझिम बारिश के दौरान नाले की दीवार कई जगह पर ढह गई। इस पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए गिरी हुई नाले की दीवारों के वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर भी शेयर किए। इसी तरह से अन्य नालों के निर्माण में भी धांधली बरती गई। लाखों का भुगतान होने के बावजूद नाले से जलनिकासी नहीं हो रही है। इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि नाला अभी निर्माणाधीन है। नालों की दीवारों के पीछे सपोर्ट नहीं थाए इस कारण दीवार गिरी है। ठेकेदार को तत्काल गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया है। अभी नाले के निर्माण का भुगतान नहीं हुआ है, भुगतान की एक प्रकिया होती है। काम पूरा होने के बाद विशेषज्ञ टीम जांच करेगी, इसी के बाद भुगतान दिया जाता है।

### किशोरी का अपहरण करने में दोषी को दस साल का कारावास

**फर्रुखाबाद।** किशोरी का अपहरण करने के आरोप में आठ वर्ष पूर्व रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रेमशंकर ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए दस वर्ष की कैद व 40 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र निवासी ग्रामीण ने 24 फरवरी 2014 को किशोरी का अपहरणए दुष्कर्म व धमकी आदि के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे के विवेचक ने गांव अलावलपुर निवासी दीपू के खिलाफ पाक्सोए अपहरण आदि धाराओं में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान एडीजीसी प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार व बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने दीपू को दोषी करार दिया। दीपू को अपहरण में पांच वर्ष की कठोर कैद व दस हजार जुर्माना, पाक्सो में दस साल की कठोर कैद व बीस हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। इसके अलावा किशोरी को ले जाने में पांच साल की सजा व दस हजार जुर्माना से भी दंडित किया है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 1 जुलाई , 2022



# संतान से बढ़कर हैं पेड़-पौधे

## ● प्रधान जनक कुमारी ने लिया भवानीगढ़ ग्राम पंचायत को ग्रीन एवं क्लीन बनाने का संकल्प

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली

**रायबरेली जनपद** के विकास क्षेत्र शिवगढ़ अन्तर्गत भवानीगढ़ प्रधान एवं प्रगतिशील कृषक जनक कुमारी ने ग्राम पंचायत भवानीगढ़ को ग्रीन एवं क्लीन बनाने का संकल्प लिया है। प्रधान जनक कुमारी का पर्यावरण के प्रति कितना लगाव है इसका अंदाजा उनके दरवाजे जाने मात्र से लग जाएगा। जिनके दरवाजे लगे आम,बड़हल,अमरूद,पपीता, नीबू, अनार, गुलाब, मनी प्लांट इत्यादि पौधे घर की शोभा बढ़ाने के साथ ही शीतल छाया एवं प्राणवायु प्रदान कर रहे हैं। जिनकी छत पर रखी फ्लों से लदी आम की डालियां उनके प्रकृति प्रेम का पर्याय बनी हुई है। जनक कुमारी का यही प्रकृति प्रेम लोगों के लिए प्रेरणा का काम कर रहा है। सबसे अच्छी बात है कि जनक कुमारी ने अपने दरवाजे पेड़ लगाने के साथ ही घर के बगल से निकली नहर की पटरी पर पपीता,नींबू ,आम और फूलों के पेड़ लगाकर बागवानी तैयार कर दी है। पेड़ों में लगे पपीता और नींबूओं का प्रधान का परिवार ही नहीं गांव के लोग भी सदुपयोग करते हैं। जनक कुमारी के इस काम में उनके पति सदाशिव प्रजापति, बेटा उमापति प्रजापति उर्फ छोटू, गोलू प्रजापति, बेटी शिवदेवी प्रजापति सभी हाथ बंटाते हैं। प्रधान जनक कुमारी ने बताया कि पर्यावरण के प्रति उनका लगाव बचपन से है। वृक्षारोपण के प्रति प्रेरणा उन्हें अपने माता-पिता शिक्षकों और सहेलियों से मिली है। उन्होंने सभी के लिए प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि पेड़ संतान से बढ़कर हैं। संतान परिवार विशेष का सहारा बनती है और पेड़ बगैर किसी भेदभाव के सभी को शीतलता और प्राणवायु प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि दूसरे के लिए ना सही अपने हिस्से की प्राणवायु के लिए पेड़ अवश्य लगाएं। जनक कुमारी ने संकल्प लेते हुए कहा कि जिस तरह से उन्होंने अपने घर आंगन को ग्रीन एवं क्लीन बनाने का काम किया है उसी प्रकार समूची ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम पंचायत को ग्रीन एवं क्लीन बनाने का काम करेंगी।

## द्वितीय चित्राँश महासभा की महिला इकाई गठित

**रायबरेली ।** स्थानीय श्री चित्रगुप्त मन्दिर में अद्वितीय चित्रांश महासभा की एक बैठक का आयोजन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में महासभा के प्रदेश महासचिव कमल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन सचिव दिलीप श्रीवास्तव की अनुशंसा पर श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष एवं श्रीमती सपना श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष रायबरेली, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव को सचिव, श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष, श्रीमती कमलेश को नगर सचिव तथा श्रीमती शशि प्रभा, श्रीमती मंजू श्रीवास्तव, श्रीमती रूबी श्रीवास्तव, श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव, श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव को सदस्य जिला कार्यकारिणी मनोनीत किया गया। समस्त मनोनीत सदस्यों को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीवास्तव ने भगवान श्री चित्रगुप्त के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। बैठक में मुख्य रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महासचिव बी.एस. सक्सेना, डा. विजय श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव 'गुड्डू', पंकज श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के स्वरोजगार को 4 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण

### ● नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए करे आनलाइन आवेदन

**रायबरेली ।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद के अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के युवकध्युवतियों को स्वरोजगार के उद्देश्य से टेलरिंग एवं कम्प्यूटर साफ्टवेयर में 04 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक महिला पुरुष अभ्यर्थी जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य तथा विशेष ट्रेड के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण हो, आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सिविल लाइन्स रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

## सीबीआरएन आपदा पर एनडीआरएफ की टीम ने किया संयुक्त मॉक अभ्यास

संवाददाता। अमेठी



**आपदा जोखिम** नियुनीकरण हेतु उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के हितधारकों के साथ कमान्डेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें विभिन्न एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए संयुक्त मॉक अभ्यास का आयोजन कर रही हैं, उसी क ?ी में इनडोरमा फ़र्टिलाइज़र जगदीशपुर अमेठी मैं उप कमान्डेंट पी0एल0 शर्मा की अगुवाई में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीम ने विभिन्न एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए आज 30 जून को इनडोरमा फर्टिलाइजर जगदीशपुर अमेठी उत्तर प्रदेश में छ्ब्क्रह्र (केमिकल, बायोलोजिकल, रेडिओलोजिकल और न्यूक्लियर) आपदा पर संयुक्त माँक अभ्यास किया। मॉक अभ्यास में इनडोरमा फ़र्टिलाइज़र जगदीशपुर अमेठी में क्लोरीन गैस रिसाव का परिदृश्य तैयार किया गया था, जिसमें कुछ श्रमिक प्रभावित क्षेत्र में फंस गए थे। जिससे प्रभावित पीड़ितों को निकालने हेतु विशेष प्रतिक्रिया के लिए एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। सबसे पहले एनडीआरएफ की टीम ने जानकारी जुटाकर स्थिति का आकलन किया। इसके साथ ही ऑपरेशन बेस, मेडिकल पोस्ट और कम्युनिकेशन पोस्ट तैयार किया गया। इसके बाद टीम ने खतरे की जांच कर ऑपरेशन शुरू किया। बचाव दल ने सीबीआरएन सूट और एससीबीए सेट की मदद से गंभीर रूप से प्रभावित पीड़ितों को निकाला और तत्पश्चात अग्रिम उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

इस मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी केमिकल, बायोलोजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा के दौरान प्रभावित हुए व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी हित धारकों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना तथा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। सचिन यादव मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार सिंह आपदा विशेषज्ञ की मौजूदगी में आयोजित किया गया और इस मॉक अभ्यास में फर्टिलाइजर टीम, जिला प्रशासन, नेहरु युवा संगठन (ह्रङ्घ्यस्), स्थानीय पुलिस, मीडियाकर्मियों व अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

## क्विक न्यूज

### व्यापारियों ने पालीथीन के प्रयोग न करने की महाशपथ

**लालगंज रायबरेली।** नगर के व्यापारियों ने पालीथीन के प्रयोग बंद करने की शपथ ली है। इस सम्बंध में नगर के गुरूबक्सगंज चौराहे पर नगर पंचायत के अधिषाषी अधिकारी अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में दर्जनो व्यापारियों पालीथीन का प्रयोग पूरी तरह से बंद करने की महाशपथ ली। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि वे दूसरो को भी पालीथीन के प्रयोग ने करने की शपथ दिलायेगें। अधिशाषी अधिकारी अनुराग शुक्ला ने कहा कि आज के समय में ग्लोबल वार्मिग विश्व समुदाय के लिये सबसे बडी समस्या बनकर उभर रहा है। जिसका सबसे बडा कारण प्रदूषण माना जा रहा है जिसमें सबसे अधिक भूमिका पालीथीन की होती है। इसके प्रयोग से वायु, जल, तथा मृदा प्रदूषण बढता जा रहा है। व्यापारी नेता विवेक शर्मा ने कहा कि पालीथीन के प्रयोग से सीवर जाम समेंत अन्य गंभीर समस्यायें हो रही है। इसके लिये व्यापारी अब पालीथीन का प्रयोग नही करेगें साथ ही ग्राहको को भी रिसाईकिल्ड बैगो के प्रयोग के लिये प्रेरित करेगें।

### मंडी समति के लिपिक प्रेमबाबू सचान के सेवानिवृत्त होने पर साथियों ने दी विदाई

**लालगंज रायबरेली।** मंडी समिति के जनप्रिय लिपिक रहे प्रेमबाबू सचान के सेवानिवृत्ति होने पर साथी कर्मचारियों ने उन्हे भावभीनी विदाई दी। प्रभारी व मंडी सचिव रामेंद्र यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोगो में जिस प्रकार सचान बाबू लोकप्रिय रहे वह किसी भी कर्मचारी के लिये गर्व की बात है। नौकरी की जिम्मेदारी के साथ समाजसेवा में बढ़चढ कर हिस्सा लेने वाले सचान बाबू की कमी हमसभी को बहुत खलेगी। कर्मचारियों को उनकी लोकप्रियता के मानदंडो को अपनाकर अपना जीवन सार्थक करना चाहियें। इस दौरान कर्मचारियों ने उनका फूल मालाओं व उपहार देकर उन्हे विदाई दी। स्वागत से अभिभूत प्रेम बाबू सचान ने कहा कि लालगंज मंडी में नौकरी करने के दौरान उन्होने इसे अपना घर समझकर कार्य किया। लोगो की सेवा करने से जो संतोष मिलता है वह किसी अमृत से कम नही है। इस मौके पर इफ्तिखार अहमद, सुशील, मंचू शर्मा, रघुनंदन कुमार, रवी बाजपेई, पंकज शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### दौलतपुर गाँव के पास मवेशी से बाइक की भिड़ंत

**ऊंचाहार**-कोतवाली क्षेत्र के कानपुर उन्नाव राजमार्ग पर दौलतपुर गाँव के पास मवेशी से बाइक की भिड़ंत हो गई, बाइक पर पीछे बैठी आशा बहू गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया ।क्षेत्र के पूरे त्रिभुवन मजरे शहजाद पुर गाँव निवासिनी शोभा देवी 35 वर्ष आशा बहू के पद पर कार्यरत हैं।बुधवार की रात वो पति प्रेम सागर के साथ बाइक से सीएचसी से घर जा रही थी तभी दौलतपुर गाँव के पास सड़क पार कर रहे मवेशी से बाइक की भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक पर बैठी आशा बहू गिरकर घायल हो गई, पति द्वारा उन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में महिला सीएचसी आई थी जिसका इलाज किया गया है।

### करंट की चपेट में आकर बीडीसी समेत दो लोगों की मौत

**ऊंचाहार।** बुधवार की रात दो अलग अलग हुई घटनाओं में कूलर व पंखे में प्रवाहित हो रहे बिजली के करंट की चपेट में आकर पूर्व बीडीसी समेत दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।निबावर बाबूगंज निवासी पूर्व बीडीसी नीरज कुमार पंचायतीराज विभाग में ठेकेदारी का कार्य करता था। बुधवार की रात कूलर को हाथ से पकड़ कर घूम रहा था। इसी बीच कूलर में प्रवाहित हो रहे बिजली के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जिसके बाद आनन-फानन में स्वजन निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।वहीं दूसरी घटना सवैया तिराहा के पास की है। प्रयागराज के चंद्रभान चटिया निवासी पंकज कुमार सवैया तिराहा पर किराए का कमरा लेकर पानी पूरी (गोलगप्पे) की ठेली लगाता था। बुधवार की देर रात टेबल फैन को हाथ से उठाकर घुमा रहा था। इसी बीच वह पंखे में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट आ गया। और पंखा ले कर जमीन पर गिर पड़ा। जिसके कारण झुलस कर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कमरे का आधा सटर खुला था, युवक को जमीन पर औंधे मुंह जमीन पर पड़ा देख पड़ोसियों ने इसकी सूचना पचखरा गांव निवासी गृह स्वामी अमरदीप सिंह को दी। जिन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि बिजली के करंट की चपेट में आकर दो युवकों के मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पेड़ गिरने से मजदूर की मौत

**तिलोई,अमेठी ।** थानाक्षेत्र शिवरतनगंज की रिपोर्टिंग चौकी इन्हौना अंतर्गत आजादपुर गांव निवासी एक मजदूरी पेशा व्यक्ति की उस समय मौत हो गई जब वह गुरुवार की भोर में बाग में आम बिनने के लिए गया था और अचानक एक यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया और वह उसी की चपेट में आ गया।उजाला होने पर सुबह घटना की जानकारी मिली तो गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक आजादपुर गांव निवासी सहाजराम पुत्र हरीराम 40 वर्ष जो मजदूरी पेशा व्यक्ति था और वह अपने परिवार को मजदूरी से ही पालता था। परिजनों के मुताबिक गुरुवार की भोर में वह बाग में आम बिनने के लिए गया था कि अचानक एक यूकेलिप्टस का पेड़ गिरा और वह उसी पेड़ की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे इन्हौना चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह थानाध्यक्ष शिवरतनगंज शेषनाथ सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।राजस्व विभाग को सूचना होने पर तिलोई तहसीलदार पवनकुमार शर्मा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिजनों को ढांढस बंधाया तथा मौके पर मौजूद राजस्व लेखपाल को किसान दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाने के लिए औपचारिकताएं पूरी कर आवेदन करने का निर्देश दिया।

### सोशल मीडिया डे का इतिहास, महत्व और उपयोगिता

**बछरावां रायबरेली** -- सोशल मीडिया डे हर साल 30 जून को मनाया जाता है। वर्तमान समय में बहुत कम ही ऐसे लोग हैं जो सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं हैं। वहीं इस दिन को मनाने का मकसद सोशल मीडिया के प्रभाव के बारे में और वैश्विक संचार में इसकी भूमिका को उजागर करने के बारे में बताना है। ऐसे में इस दिन से जुड़े इतिहास के बारे में पता होना जरूरी है। सोशल मीडिया दिवस का इतिहास इसी दिन की शुरुआत दुनियाभर में 30 जून 2010 को हुई थी। तब से इस दिन को विश्व सोशल मीडिया दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। उस समय सोशल मीडिया का प्रभाव लोगों पर ज्यादा नहीं था। ऐसे में पूरे विश्व में इसके प्रभाव और वैश्विक संचार में इसकी भूमिका को हाइलाइट करने के लिए विश्व में सोशल मीडिया दिवस मनाया जाने लगा। ऐसे में सबसे पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिक्सडिग्री लॉन्च किया गया था। जो कि 1997 में किया गया था। इस प्लेटफॉर्म की स्थापना एंड्रयू वेनरिच द्वारा की गई थी। वहीं साल 2001 में इसके दस लाख से अधिक यूजर्स थे इसके बावजूद भी इसे बंद कर दिया गया।

## दुकान से घर जा रहे व्यवसायी पर झोंका फायर

### ● ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी

**दुकान बन्द** करके बाइक से घर जा रहे व्यवसायी पर बदमाशो ने प्राणघातक हमला कर दिया। जिसे आनन फानन में परिजन नजदीक के निजी अस्पताल ले गए, जहां गम्भीर हालत देखते हुए ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया। विदित हो कि कोतवाली मुंशीगंज के बाहापुर निवासी उदय प्रताप सिंह उर्फ लल्लू सिंह पुत्र केदार नाथ सिंह उम्र 38 वर्ष दरपीपुर बाजार में अपनी हार्डवेयर की दुकान करता है। बुधवार देर शाम लगभग 8 बजे दुकान बंद करके बाइक से घर वापस जा रहे थे, कि गांव से पहले सुनसान बाग के पास पहले से घात लगाए तीन बदमाशों ने दो फायर झोंक दिया, पहला फायर तो नहीं लगा, दूसरा फायर लगते ही वह अचेत होकर जमीन पर गिर गए। बदमाश सुनसान जंगल की तरफ से होते हुए भाग निकले। गोली की आवाज सुनते ही ग्रामीण किसी अनहोनी के शक में घटनास्थल की ओर भागे, जहां पहुंचने पर उन्होंने लल्लू को मुंशीगंज के निजी अस्पताल लेकर गए, अस्पताल में डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत देखते हुए ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया। घटना की सूचना पाते ही जिले के पुलिस महकमे के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। लोगो में घटना को लेकर काफी आक्रोश व भय व्याप्त है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### विगत दिनों हुई पिकअप दुर्घटना में पांच घायलों में मां-बेटी की हुई मौत, पिता की हालत गंभीर

**बछरावां रायबरेली।** ।स्थानीय थाना अंतर्गत विगत 26 जून को रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रहे पिकअप की स्टेरिंग फेल हो जाने के चलते अनियंत्रित पिकअप कन्ना वा मोड़ के पास पड़े हुए गेट के मलबे से टकरा गई थी, जिसमें पीछे बैठे हुए राकेश कुमार उम्र 42 वर्ष एवं उनकी पत्नी सुषमा तथा छोटी बेटी पीहू उम्र 6 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जबकि आगे बैठे हुए चालक अरविंद कुमार जायसवाल एवं सूर्यपाल पुत्र हीरालाल को मामूली चोटें आई थी। सभी घायलों को बछरावां अस्पताल लाया गया था, जहां राकेश कुमार एवं सुषमा तथा पीहू की गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया था।कई दिनों के कई दिनों के अथक प्रयास के बाद भी डॉक्टरों द्वारा सुषमा व पीहू को बचाया नहीं जा सका। राकेश कुमार की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मां बेटी की मौत से पूरा परिवार सदमे में आ गया है।ज्ञात हो राकेश कुमार के पीहू के अलावा दो और भी बड़ी बेटिया जिनकी उम्र 18 वर्ष तथा एक 16 वर्ष तथा एक 2 वर्षीय पुत्र भी है।वो अनाथ हो गए हैं।मां की मौत एवं पिता की गंभीर स्थिति के चलते तीनों बच्चे सदमे में है उनका रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

## डीएम व सीडीओ ने लाभार्थियों को किया ऋण का वितरण

### ● मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित वृहद ऋण मेले शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में देखा गया

संवाददाता। अमेठी



लाभार्थी को ऋण का वितरण करते हुए डीएम

**मुख्यमंत्री उत्तर** प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से बृहद ऋण मेला के अंतर्गत 1.90 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करो? ऋण का वितरण एवं वर्ष 2022-23 की रुपये 2.35 लाख करो? वार्षिक ऋण योजना का शुभारंभ किया गया। जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। लखनऊ में आयोजित वृहद ऋण मेले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया एवं मुख्यमंत्री का उद्बोधन भी सुना गया। मुख्यमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में अवगत कराया गया कि शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार शैक्षिक संस्थाओं में होना चाहिए साथ ही बेरोजगारी की समस्या को दूर करने हेतु परिवार कार्ड बनाये जाने की कार्ययोजना की जानकारी दी गयी, जिसमें प्रत्येक परिवार के 01 सदस्य को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं में ऋण देकर स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जायेगा। एनआईसी में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना (ओ0डी0ओ0पी0) में कुल 04 लाभार्थियों को रू0 28.50 लाख का चेक जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार, सम्बन्धित बैंकों के शाखा प्रबंधक व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## बीडीओ मलिक मसूद अख्तर को दी गई भावभीनी विदाई



**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ खण्ड विकास अधिकारी मलिक मसूद अख्तर की सेवानिवृत्ति पर ब्लॉक में तैनात कर्मचारियों, ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम प्रधानों ने नम आंखों से उन्हें भावभीनी विदाई। गौरतलब हो कि हमेशा कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपना फर्ज निभाने वाले शिवगढ़ खण्ड विकास अधिकारी मलिक मसूद अख्तर ने शिवगढ़ ब्लॉक में अपने चंद महीने के कार्यकाल में ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम प्रधानों और ब्लॉक में तैनात कर्मचारियों पर ऐसी गहरी छाप छोड़ी की उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई के समय सभी भावुक हो उठे। 30 जून दिन गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए मलिक मसूद अख्तर को विकास खण्ड कार्यालय में नम आंखों से भावभीनी विदाई दी गई। मलिक मसूद अख्तर ने 7 जनवरी 2022 को शिवगढ़ खण्ड विकास अधिकारी का पद भार ग्रहण किया था। जिन्होनें सरल स्वाभाव, मृदुल बाड़ी,एवं कार्यशैली से चंद महीने में ही कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्रीय जनता के दिलों में गहरी जगह बना ली। इसके साथ ही उनकी अभिलेखीय प्रगति, विकास रिपोर्ट हमेशा अव्वल रही। बीडीओ मलिक मसूद अख्तर ने हमेशा सभी पटलों पर ध्यान देने के साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों के हमेशा मित्रवत व्यवहार किया, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। रायपुर नेरुवा प्रधान रतीपाल रावत ने भावुक होते हुए कहा कि वक्त नूर को बेनूर बना देता है, थोड़े से जख्म को नासूर बना देता है, कोई जुदा नहीं होना चाहता अपनों से, लेकिन वक्त सबको मजबूर बना देता है। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी मलिक मशहूर अख्तर साहब का अनुभव एवं उनका कार्य करने का तरीका वाकई काबिले तारीफ है। अख्तर साहब ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र के विकास को आगे ले जाने का काम किया अख्तर साहब हमेशा अच्छे कार्य के लिए जाने जाएंगे। इस मौके पर एडीओ पंचायत जितेंद्र बहादुर सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव अभिषेक सिंह, एपीओ मनरेगा राशिद फारुकी,लेखाकार रामखेलावन, ग्राम पंचायत अधिकारी सीताराम, भोलेंद्र कुमार ,सतीश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी मोहित सिंह ,सुमित कुमार, मनोज कुमार शर्मा, टोकन वर्मा, हेमंत कुमार, सराय छात्रधारी प्रधान विष्णु कुमार गोस्वामी, कंप्यूटर ऑपरेटर बृज किशोर, अनूप कुमार, ब्लॉक मिशन मैनेजर विजय, शालिनी, प्रतिभा, नम्रता, भवानीगढ़ पंचायत सहायक ललिता, कैंटीन संचालक श्रवण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत वांछित चार अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

### ● छह माह की अवधि के लिए किया गया जनपद की सीमा से निष्कासित

संवाददाता। अमेठी

**जिला मजिस्ट्रेट** राकेश कुमार मिश्र ने अवगत कराया कि जनपद के विभिन्न थानाध्यक्षों के माध्यम से पुलिस अधीक्षक अमेठी की संस्तुति सहित प्राप्त गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के वादों में अभियुक्त राजेश सिंह पुत्र भूपाल सिंह निवासी ग्राम केशवपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी, अभियुक्त दीपक सिंह पुत्र रंग बहादुर सिंह निवासी ग्राम पट्टी मजरे बरसण्डा थाना कमरौली जनपद अमेठी एवं अभियुक्त रोहित पाण्डेय पुत्र शिव कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम मिश्रौली थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को आदेश तिथि 29 जून तथा अभियुक्त मारूफ पुत्र रऊफ निवासी नेवाज मदारग? थाना बाजार शुकुल जनपद अमेठी को आदेश तिथि 27 जून से छ: माह की अवधि हेतु जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश निर्गत किये गये है तथा जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों को द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जायेगा तो उसके विरूद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस को क? निर्देश निर्गत किये गये है।

## अवैध खनन का उच्चाधिकारियों ने लिया संज्ञान

**महराजगंज रायबरेली।।** जिम्मेदारों की मिलीभगत व उनकी नाक के नीचे कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर लगातार हो रहे अवैध खनन का मामला मीडिया में उजागर होने पर पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लेकर कोतवाली पुलिस की संलिप्तता की जांच के आदेश दिए गए हैं, वहीं एसडीएम शालिकराम ने भी हल्का लेखपाल प्रीति गुप्ता को मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर रिपोर्ट देने की बात कही है, बताते चलें कि बीते बुधवार की रात्रि कोतवाली से महज दो किलोमीटर दूरी पर स्थित जिह्वा गांव में सड़क किनारे ही भूमाफ्यिाओं द्वारा जेसीबी मशीन से धरती का सीना छलनी कर डंपरों के माध्यम से मिट्टी दूसरी जगह ले जाई जा रही थी जो सिलसिला दिन तक चलता रहा और कोतवाल महराजगंज हमेशा की तरह वातानुकूलित कमरे में आराम फरमाते रहे वहीं मामला जब तक उच्चाधिकारियों तक पहुंचता अवैध खनन माफ्यिा भाग खड़े हुए कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर कई दिनों से लगातार खनन होने और कोतवाल की संलिप्तता तथा लचर कार्यप्रणाली से संबंधित खबर सोशल मीडिया पर उजागर होने पर पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों ने कोतवाल की संलिप्तता की जांच कराए जाने की बात कह रहे हैं, वहीं जानकारों की मानें तो खनन माफ्यिाओं द्वारा खनन करने के एवज में भारीभरकम चढ़ावा चढ़ाया जाता है, जिससे शिकायत के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं करती है, जानकारी करने पर एक जेसीबी मशीन मालिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की खनन करने के लिए महराजगंज पुलिस की डिमांड बड़ी रहती है, रात भर में फायदा ना आने से सुबह देर तक कार्य चलता रहता है, वहीं अब प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है, मामले में क्या कार्रवाई होती है, ये समय के गर्भ में है।

## शानो शौकत से मनाया गया हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक सालाना उर्स बाबा चित्थर शाह

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**सेमरौता स्थित** बाबा चित्थरशाह की मजार का सालाना उर्स बडे ही शानोशौकत के साथ संपन्न हुआ दूर-दराज से आये जायरीनो ने दो रोजा उर्स का लुत्फ उठाया उर्स में बड़ी संख्या में दुकाने सजी थी तथा बच्चो के खेल कूद के झूले आकर्षण के केंद्र रहे उर्स में आये जायरीनो ने बाबा की मजार पर चादर च ?ा दुआए मांगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सेमरौता देवी शरण बाजपेयी ने बाबा की मजार पर चादर च ?ा कर अमन चैन की दुआ की उर्स के दूसरे दिन रंगा-रंग जबाबी कव्वाली का मुकाबला देखने को मिला जबाबी मुकाबले में रिजवान चिश्ती अयोध्या और उजाला परवीन कानपुर के बीच मुकाबला बराबर रहा।मंगलवार व बुधवार को आयोजित बाबा चित्थरशाह की दरगाह पर दो रोजा सालाना उर्स का आयोजन हुआ 7उर्स के पहले दिन गागर शरीफ जामा मस्जिद सेमरौता से बाबा की दरगाह तक जायरीन लेकर गये और बाबा की मजार का उजू कराया गया इसके बाद तकरीरों का आयोजन हुआ और यह दौर रात्रि तक जारी रहा बाबा के आस्ताने पर आये हुए जायरीनो के लिए लंगर का भी आयोजन किया गया था मुख्य आकर्षण का केंद्र उर्स के आखिरी दिन जबाबी कव्वाली रहा जिसे सुनने व देखने के लिए हजारों की भी? उम ?ी कव्वाली शुरू होने से पहले कार्यक्रम में शिरकत के लिए आये मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सेमरौता देवी शरण बाजपेयी ने बाबा को चादर च ?ा कर अमन चैन की दुआ मांगी और उर्स में आये हुए जायरीनो का खैर मकदम किया इसी के साथ सूफी संत बाबा चित्थर शाह के बताये अमन चैन के रास्ते पर सभी को चलने का आवाहन भी किया कव्वाली की शुरुवात नातिया कलामो के साथ हुई शेर व ि?ल्मी धुनों पर आधारित कव्वालिओं पर तमाश बीनों ने तालियाँ बजाई और जमकर आनंद उठाया एक-एक घंटे के जबाबी मुकाबले के लगभग आधा दर्जन चक्र चले और प्रत्येक चक्र इतना रोचक रहा कि भीड़ टस से मस नही हुई इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण बाजपेई गोपी बाजपेई,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष कुमार जायसवाल, संजीव शुक्ल,अनुराग अग्निहोत्री, रामजी बाजपेयी, बैजू अग्निहोत्री, शकील अहमद, राजू खान,जुम्मन मटिहा (चिलमफरोश ), वसीम अजीम इकबाल आदि मौजूद रहे 7उर्स कमेटी के सदर जहीर अहमद कुरेशी ने आये हुए जायरीनो का तहे दिल से इस्तकबाल किया ।

## राज्य स्तरीय दिव्यांग पुरस्कार चयन समित टीम का गठन

**रायबरेली।** दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश प्राप्त संख्या 23 राज्य स्तरीय पुरस्कार 2022 से दिनांक 4 अप्रैल 2022 ने दिए गए निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय पुरस्कार चयन समिति नियमावली 2017 में पुरस्कार आवेदन पत्रों के संबंध में कार्यवाही के लिए जनपद स्तर पर जिला चयन समिति का गठन की व्यवस्था की गई है अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन दिनांक 17ध्6ध्2022 के अनुपालन में नियमानुसार जनपद स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है।जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा अधिकारी नामित चिकित्सक सदस्य जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी संयोजक सदस्य जिला सेवायोजन अधिकारी सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठन का प्रतिनिधित्व दिनेश कुमार श्रीवास्तव,टी0पी0 सिंह सदस्य शिव कुमार सिंह सदस्य लोकल लेवल कमेटी रायबरेली के द्वारा दिव्यांगों को पुरस्कार के लिए चयनित टीम द्वारा चयनित सदस्य पुरस्कार की श्रेणी में राज्य स्तर पर नामांकित किए जाएंगे।

# सहकारिता ही समृद्ध का मूल आधार

● सहकारिता के बल पर ही राम ने रावण के साम्राज्य का नाश किया:त्रिपाठी ● वह सहकारिता ही था कि भगवान राम सबरी के घर बेर खाने चले गए ● राष्ट्रवाद के सामने रावण का अंहकार टूटा ● धनवान और गरीबों की सहकारिता में बड़ा अंतर, लक्ष्य उत्पीड़न का नहीं आगे बढ़ने का ● पीसीएफ के अध्यक्ष के पहले आगमन पर जिला सहकारी बैंक में हुआ जोरदार स्वागत


पत्रकारों से बात करते पीसीएफ के चेयरमैन पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**अपने** पहले बस्ती आगमन पर उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन के अध्यक्ष वाल्मीकि त्रिपाठी का जिला सहकारी बैंक में चेयरमैन राजेंद्रनाथ तिवारी की अगुवाई में जोरदार स्वागत हुआ। स्वागत से भावविहोर श्रीबाल्मीकी ने कहा कि बस्ती से उनका काफी पुराना रिष्ता रहा। बातचीत में उन्होंने सहकारिता को विस्तार से परिभाष्ति करते हुए कहा कि सहकारिता ही जीवन की रेखा है, उन्होने सहकारिता को ही समृद्धि का मूल आाधार बताया और कहा कि जीवन का हर क्षेत्र सहकारिता से जुड़ा है। कहा कि सहकारिता के बनल पर ही भगवान राम ने रावण के सहकारिता को नाष किया। वह सहकारिता ही था, जिसके चलते भगवान राम ने सबरी जैसे गरीब का बेर खाया। कहा कि राष्टवाद के सामने रावण का अहंकार टूटा, मरने के बाद घाट तक ले जाने का काम सहकारिता ही करती है। बताया कि धनवान और गरीबों की सहकारिता में बड़ा अंतर है। आजमगढ़ जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जय प्रकाष पांडेय विषेष रुप से बैठक में षामिल होने के लिए आए थे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्होंने पदभार ग्रहण के बाद पहली बैठक 22 जून को किया, और अपने बैठक में ही उन्होंने पांच साल से बंद मृतक आश्रित पर नियुक्ति को खोलने का आदेष दिया। परमोषन का रास्ता खोलवाया। पीसीएफ को एक सामााजिक संस्था बताते हुए कहा कि इस सस्था के लोगों का वेतन इनके मेहनत और कमीषन पर निर्भर है। पहले पीसीएफ कोयला खरीदती थी, बाद में बड़ी मात्रा में कोयला पत्थर बन गया, जिससे पीसीएफ को बहुत अधिक आर्थिक आर्थिक नुकसान हुआ, इसमें हजारों करोड़ का नुकसान हुआ। बताया कि पीसीएफ अपने बंद 13 कोल्ड स्टोरेज को खुलवाने का प्रयास कर रही ताकि संस्था की आय बढ़ सके। बताया कि पीसीएफ के पास अकूत अचल संपत्ति हैं, जिसकी खोज हो रही है, कि 80 फीसद संपत्ति की खोज हो चुकी है। किसी समय पीसीएफ भटठा भी संचालित करती थी, बताया कि मोदी और योगी के कार्यकाल में प्रदेष और देष में सहकारिता मुनाफे की ओर बढ़ रही है। कहा कि हम सभी सहकारिता से बंधे हुए हैं, देखना हो तो राम और कृष्ण की सहकारिता की देखिए। कहते हैं, कि पीसीएफ के लोगों को आलोचना से नहीं डरना चाहिए, क्यों कि आलोचना में सुधार छिपा हुआ है। बताया कि सहकारिता को लेकर तरह-तरह की भ्रातियां फैलाई जा रही है। कहा कि हम लोगों को इस बात का गर्व हैं, कि पूरे विष्व में सबसे पहले भारत में सहकारिता का जन्म हुआ। उन्होंने आते ही सबसे पीसीएफ के जिला प्रबंधक से यूरिया के स्टॉक और आवष्यकता के बारे में पूछा और कहा कि किसी भी हालत में यूरिया की कमी नहीं होनी चाहिए। डीसी ने बताया कि चार रैक यूरिया की आवष्यकता है। इस अवसर पर भाजप जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने सहकारिता आज की आवश्यकता पर चर्चा किया। इसके पूर्व इनका स्वागत फूटहिया पर हुआ। स्वागत करने वाले सहकारिता के जिला संयोजक राम शंकर यादव, पीसीएफ के क्षेत्रीय प्रबन्धक मौर्य, सहसंयोजक अमरनाथ सिह, विजय द्विवेदी, संचालक हम्मीर पाल, गजेंद्र सिंह, प्रदीप पांडेय, दिवाकर मिश्र,सूर्य प्रकाश शुक्ल, महामंत्री रामचरन चौधरी, बैंक के सचिव पी गौतम, इफ्को के प्रबंधक एसएन सिद्दीकी, कृभको के एके सिह, विनोद कुमार, रविन्द्र गौतम, अखिलेश शुक्ल, अनूप पांडेय, अमरेश चन्द्रा, उदयभान, मनीष चौबे, मनमोहन त्रिपाठी, विश्वनाथ पांडेय, गिरीश पाडेय,रत्नेश पाल सहित षामिल रहे।

# घूम-घूम कर आम लोगों को भरोसा दिला रहे एसपी



● कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन है सतर्क

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा वर्तमान परिदृश्य व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को कस्बा मेंहदावल में गश्त/भ्रमण किया गया। पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारी बन्धुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से मुलाकात कर वार्ता की गयी व लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। आमजन को आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि बताया गया कि जनपद पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने सहित शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों तथा अराजकतत्वों/उपद्रवियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। अवैध स्टैण्ड व अवैध अतिक्रमण हटवाने हेतु प्रभारी निरीक्षक मेहदावल को निर्देशित किया गया।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन तीन को

संवाददाता। संतकबीरनगर


जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल

**उच्च न्यायालय** इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 03, जुलाई, 2022 को आर्बिट्रेशन मामलों के निष्पादन वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अध्यक्षता में किया जाएगा। विशेष लोक अदालत में ऐसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा जो व्यवसायिक लेन- देन/बैंक ऋण आदि से संबंधित होंगे। जिले में इस प्रकार के मामले जनपद न्यायाधीश एवम अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश स्तर के न्यायालयों में ही लंबित हैं। पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित आकर न्यायालय के माध्यम से बैंक प्रतिनिधियों से सुलह समझौता कर अपने मामलों का निस्तारण करा सकते हैं। उक्त विशेष लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में प्रात: 10 बजे से सायं 03 बजे तक होगा।

# 'इंजीनियर' को सम्मान के रूप में मिला 'ईमानदारी' का फल

संवाददाता। बस्ती

● जिला पंचायत के इंजीनियर देवेंद्र कुमार सिंह किए गए सम्मानित

● श्रीराजपूत करणी सेना, शिव शक्ति और युवा शक्ति के पदाधिकारियों ने किया अभिनंदन


सम्मानित होते जिला पंचायत के इंजीनियर समृद्धि न्यूज

**गुरुवार** को न्याय मार्ग पर स्थित एक मीडिया के कार्यालय पर जिला पंचायत के इंजीनियर देवेंद्र कुमार सिंह को एक सादे समारोह में उन्हें श्रीराजपूत करणी सेना, शिव शक्ति और युवा शक्ति के पदाधिकारियों ने गीता का पुस्तक देकर सम्मानित किया। जिले सहित जितला पंचायत के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी इंजीनियर को समाज के जागरुक लोगों के द्वारा सम्मानित किया गया। कहा भी जा रहा है, कि एक ईमानदार अधिकारी के लिए उसके जीवन में इससे बड़ा पुरस्कार कोई हो ही नहीं सकता, खासतौर यह सौभाग्य ऐसे विभाग के इंजीनियर को मिला, जिससे अच्छे की उम्मीद ही जनता नहीं कर रही है। ऐसे दूषित माहौल जहां पर हर कोई 'लक्ष्मी' के पीछे भाग रहा है, अगर ऐसे में कोई व्यक्ति अपने काम के प्रति ईमानदारी दिखाता है, तो जाहिर सी बात है, ऐसे व्यक्ति में कुछ तो ऐसा होगा ही जिसे आमजनता सम्मानित कर रही है। यह दुभार्ग्य की बात है, कि जिस इंजीनियर का सम्मान विभाग के लोगों को करना चाहिए, वह सम्मान समाज के लोग कर रहे है। निष्चित ही यह सम्मान उन लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत का काम करेगी जो अपना काम ईमानदारी से करना चाहते है। जिला पंचायत के इंजीनियर ने यह साबित कर दिया कि अगर कोई ईमानदारी से काम करना चाहता है, तो उसे न तो कोई ठेकेदार रोक सकता है, और न कोई अध्यक्ष ही बाधा बन सकता है।

पहली बार जिला पंचायत में विकास की गंगा बहाने और सौ साल तक चलने वाले सड़क का निर्माण करवाने वाले 'इंजीनियर' देवेंद्र कुमार सिंह को तीन संगठनों के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर श्रीराजपूतकरणी सेना के मंडल प्रवक्ता एवं भाजपा नेता चंद्रेश प्रताप सिंह, शिव शक्ति के संरक्षक महंथ गिरिजेश, युवा शक्ति के प्रदेश महासचिव अजीत प्रताप सिंह, सुषील प्रताप, अजीत सिंह, ज्वाला प्रसाद चौधरी एवं सदानंद पाल सहित समाज के अन्य जागरुक लोग मौजूद रहे। इन लोगों का कहना है, कि आज के दौर में किसी पदासीन अधिकारी का ईमानदार होना ही किसी क्रांति से कम नहीं है। इस तरह के ईमानदार अधिकारी बेईमानों और भ्रष्टाचारियों के बीच क्रांति की मशाल लिए खड़ा एक क्रातिकारी की तरह होते हैं। कहा कि हम लोग ऐसे क्रांतिकारी अधिकारियों का सदैव सम्मान करते आ रहे हैं, और आगे भी करते रहेगें। कहा कि इंजीनियर प्रशंसा और पुरस्कार के पात्र हैं। कहा कि इन्होंने जिस तरह बेईमानों के खात्मे के लिए जो युद्ध छेड़ा है, हम लोग इनके साथ एक सैनिक की तरह खड़े रहेगें। कहा कि जिले की जनता काफी अरसे बाद किसी इंजीनियर को उनके ईमानदारी का फल सम्मान के रुप में मिलते देख रही है। जिले की जनता इस बात को अचरज कर रही है, कि क्या वाकई जिला पंचायत जैसी संस्था में कोई ईमानदारी का ढ़ोलक भी बजा सकता है। अब यह देखना है, कि ईमानदारी की यह ढोलक कब तक बजेगी, जिस तरह ईमानदारी का ढोलक बंद करने का प्रयास हो रहा है, उससे लगता है, कि यह ढोलक अधिक दिन तक जिला पंचायत में नहीं बज सकती। क्यों कि यहां के लोग कभी नहीं चाहते कि यहां पर कोई बदलाव हो या कोई इंजीनियर विकास की गंगा बहाने का प्रयास करे। देखा जाए तो एक तरह से इंजीनियर के आने के बाद कई लोगों के बेईमानी की दुकानें बंद हो गई। सम्मान मिलने के बाद इंजीनियर ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए मिल का पत्थर साबित होगा, और अब तो इस समान के बाद उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई हैं। भावुक होकर कहा कि वह इस सम्मान के लिए बस्ती के लोगों के हमेषा ऋणी रहेगें।

# डमरुआजगंल में भी गोलमाल का खेल

● पंचायत भवन से लेकर सामुदायिक शौचालय और सीसी रोड से लेकर स्कूल तक में की गई अनियमितताएं

संवाददाता। बस्ती


घोटाले की गवाह निर्माणधीन सड़क

**गौर** ब्लॉक के ग्राम पंचायत डमरुआजंगल के चंद्रभूषण उपाध्याय ने डीएम से मिलकर गांव में कराए जा रहे विकास कार्यो में हो रही भारी अनियमितता की षिकायत की हैं, षिकायत में बिना कार्य कराए ही लाखों रुपये का भुगतान हो जाने की बात कही गई है। यहां तक कि जो कार्य कराए भी गए हैं, और कराए जा रहे हैं, वह मानक और गुणवत्ताविहीन करवाए जा रहे है। षिकायतकर्त्ता ने इसकी जांच तकनीकी टीम से करवाए जाने की मांग की है। इस पर डीएम प्रियंका निरंजन ने सीडीओ को कार्रवाई करने को लिखा है। वहीं प्रधान रामचरन ने कहा कि आज तक उनके ग्राम में बिना कार्य कराए कोई भुगतान नहीं हुआ, कहा कि आरोप निराधार है। जिन कार्यो में अनियमितता होने और बिना कार्य करवाए भुगतान होने की षिकायत की गई, उनमें पंचायत भवन एवं सामुदायिक षौचालय में मिटटी कार्य, षिवबाबा के स्थान से हरिष्चंद्र के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, हरिष्चंद्र के घर से नीबर के घर तक सीसी रोड, प्राथमिक विघालय/जूनियर हाईस्कूल में पुराने कार्यो पर धन निकाल लिया और पंचायत भवन एवं सामुदायिक षौचालय के निर्माण में भारी अनियमितता होना षामिल है। वैसे इस ग्राम पंचायत को विकास कार्यो में भारी गड़बड़ी के लिए जाना जाता है, यही कारण है, कि षिकायतें अधिक होती है, मगर षिकायतों का निस्तारण न होने से फिर वही षिकायत होती है। गांव वाले कहते भी है, कि एक तो जल्दी कोई प्रधान के अनियमित कार्यो की षिकायत करना नहीं चाहता है, और अगर किसी ने हिम्मत करके षिकायत कर भी दी तो उस पर कार्रवाई नहीं होती। ऐसे में षिकायतकर्त्ता कहीं का भी नहीं रहता, प्रधान से दुष्मनी अलग मोल ले लेता है। गांव वाले कहतं हैं, कि सिर्फ जांच का आदेष कर देना महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि कार्रवाई होना आवष्यक होता है, ताकि जनता का विष्वास षासन और प्रषासन के प्रति कायम रहे।

## ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव और पीके पांडेय के उज्जवल भविष्य की की गई कामना

**बस्ती।** गुरुवार को जिला चिकित्सालय में कार्यरत प्रमोद कुमार पांडेय और डीआरडीए में कार्यरत ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव के रिटायरमेंट पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। सभी लोगों ने इन दोनें के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन दोनों ने अपने कार्यकाल में षानदार काम किया, समय से आना और समय से जाना इने नित्यक्रिया में षामिल रहा। कहा कि किसी भी सरकारी कर्मचारी के लिए रिटायरमेंट एक सतत् प्रक्रिया है। जिला अस्पताल में विदाई समारोह की अध्यक्षता एसआईसी आलोक वर्मा ने किया। इस मौके पर सुभाष चंद्र मिश्र, डॉ डीके गुप्ता, शैलेन्द्र राय, एसएन शुक्ल, नरेन्द्र कुमार, डॉ. राम प्रकाश, डॉ रंग जी द्विवेदी पूर्व निदेशक ने पीके पांडेय के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र राय ने किया।

# रोजगार संगम के तहत लोन स्वीकृति प्रमाण पत्र किए गए वितरित

संवाददाता। श्रावस्ती



**कलेक्ट्रेट** भिनगा स्थित एन0आई0सी0 में अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में लोन स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभार्थियों को ऋण मुहैया कराकर लाभान्वित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी वर्चुअल माध्यम से सुना व देखा गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं तहत ऋण स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 1ए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 1ए एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण हेतु सहायता योजना के तहत 1ए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 1ए मुख्यमंत्री माटीकला विकास योजना के तहत 1 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया। इस प्रकार जनपद में अबतक कुल 153 लाभार्थियों को 2 करोड़ 37 लाख 28 हजार का ऋण वितरित किया गया। जिससे 374 लोगों को रोजगार से जोड़ा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार गरीब वर्ग के व्यक्तियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय हेतु ऋण वितरण कर लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सरकार पूरे जोर.शोर से कार्य कर रही हैए ताकि वे रोजी.रोजगार अपनाकर आगे बढ़ेए और विकास की मुख्य धारा से वे जुड़ सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिले के उद्यमियों को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं सम्बन्धित विभागों के माध्यम से दिया जा रहा हैए जिससे वे अपने परिवार का बेहतर ढंग से जीविकोपार्जन चला सके। उन्होने कहा कि जिले में उद्योग की अपार संभावनाएं है। यहां पर छोटे.छोटे उद्योग अपनाकर ही आगे बढ़ सकते है। इसके लिए सम्बन्धित विभागों द्वारा लोगों को प्रोत्साहित कर ऋण मुहैया कराया जा रहा हैए जिससे वे आत्मनिर्भर हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंहए अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तवए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्करए उपायुक्त उद्योगए सहायक आयुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्करए विनय कुमार तिवारीए पंकज मिश्रा सहित लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# डीएम-ओएसडी सहित नौ पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** संतकबीरनगर के विशेष विशेषाधिकारी ओएसडी ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव सेवानिवृत्त होने पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल सहित कैम्प के समस्त स्टाफ में कैम्प कार्यालय पर उन्हें विदाई दी। श्री श्रीवास्तव ने अपने सेवाकाल को ईमानदारी व निष्ठापूर्वक पूरा किया। श्री श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने के बाद कनिष्ठ सहायक के रूप में तैनात विकास निगम अग्रिम आदेश तक ओएसडी के पद का कार्य देखेगे। मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल के अभी जनपद संतकबीरनगर के पद पर ओएसडी पद पर तैनाती नही हुई है। सेवानिवृत्त ओमप्रकाश श्रीवास्तव के शुभचिन्तको ने विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी क्रम में जनपद में तैनात कुल 09 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए, जिनमें उ0नि0 रामनाथ यादव, उ0नि0 रामप्यारे शुक्ल, उ0नि0 नथुनी प्रसाद यादव, उ0नि0 रामसूरत यादव, उ0नि0 रविप्रकाश तिवारी, उ0नि0 संतराम, उ0नि0 रामज्ञास प्रसाद, मु0आ0 केशभान यादव, मु0आ0 राम दास अपनी-अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार कक्ष में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव द्वारा उपरोक्त सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई, तत्पश्चात सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को क्षेत्राधिकारी द्वारा सम्मानपूर्वक सरकारी वाहनों में बैठाकर विदा किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद रहे ।

# मिशन रोजगार में 3267 व्यक्तियों को मिला 36.29 करोड़ का ऋण

● सरकार के 100 दिन के एजेंडा में लक्ष्य से अधिक दिया गया ऋण

● एक समारोह में लाभार्थियों को रोजगार के लिए वितरित किए गए लोन

संवाददाता। बस्ती


लाभार्थी को ऋण वितरित करती डीएम पायनियर

**मिशन** रोजगार में निर्धारित 100 दिन के एजेण्डे के तहत जनपद में लक्ष्य 1480 के सापेक्ष कुल 3267 व्यक्तियों को 3629 लाख का ऋण वितरित किया गया। इसके सापेक्ष लगभग 3600 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की वर्ष 2022-23 की 2.35 लाख करोड़ रूपये की वार्षिक कार्ययोजना का शुभारम्भ किया। उन्होने सिद्धार्थनगर आम्बेडकरनगर, आजमगढ, सीतापुर तथा आगरा में उद्यमियों के लिए कामन फैसेलिटी सेण्टर का लोकार्पण किया तथा 35 स्वावलम्बन केन्द्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होने कानपुर में अमेजन डिजिटल सेण्टर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार तथा अमेजन के बीच एक जनपद एक उत्पाद के सामानों की बिक्री के लिए एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर भी किए गये। जनपद बस्ती में ऋण वितरण कार्यक्रम एन.आई.सी. में आयोजित हुआ, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, डीएम प्रियंका निरंजन, एम.एल.सी सुभाष यदुवंश, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीश सिंह, शैलेन्द्र दूबे, फूलचन्द्र श्रीवास्तव, गुलाब चन्द्र सोनकर, रामतीरथ यादव, सत्येन्द्र सिंह भोलू तथा उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश पासवान ने उद्यमियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना में संदीप कुमार एवं बैजनाथ मोदनवाल को रेस्टोरेण्ट के लिए पांच-पांच लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में सिद्धेश्वर शुक्ल को सीमेण्ट ब्लाकिंग के लिए 10 लाख तथा एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण सहायता योजना में मो. अरशद खान को फर्नीचर वर्क्स उद्योग के लिए 20 लाख का ऋण वितरित किया। इसके अलावा अब्दुल कादिर को हार्डवेयर प्लाईवुड, उमा सिंह को टेण्ट हाउस, अनुपम कुमार चौधरी को कम्प्यूटर एसेम्बलिंग, एक जनपद एक उत्पाद के तहत बृजमोहन शर्मा, राजेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार चौधरी को भी ऋण वितरित किया गया।

# सीएम वर्चुअल उद्घाटन के बाद वृहद ऋण मेला में लाभार्थियों को दिया गया चेक

**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से बृहद ऋण मेला के अंतर्गत 1.90 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ ऋण का वितरण एवं वर्ष 2022-23 की रुपये 2.35 लाख करोड़ वार्षिक ऋण योजना का शुभारंभ किया गया। जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम एन0आई0सी0 में सम्पन्न हुआ। लखनऊ में आयोजित वृहद ऋण मेले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया एवं मुख्यमंत्री का उद्बोधन भी सुना गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की 100 दिनों की कार्य योजना के अंतर्गत जनपद में प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के लाभार्थी अमित त्रिपाठी, नमकीन उद्योग परियोजना लागत रु0-19.00 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत सुभाष चन्द्र मिठाई उद्योग, परियोजना लागत रु0-10.00 लाख, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना में होजरी उद्योग हेतु सदरुद्दीन, परियोजना लागत रु0-13.00 लाख, प्रधानमंत्री मुद्रा योजनान्तर्गत जनरेटर सर्विस हेतु नसीम अहमद परियोजना लागत रु0-7.60 लाख का ऋण वितरण किया गया। जनपद में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 100 दिन के अंतर्गत जनपद में प्राप्त कुल लक्ष्य 1040 के सापेक्ष कुल 2684 लाभार्थियों को कुल धनराशि रु0-2272.08 लाख का ऋण वितरण बैंकों के माध्यम से कराया गया, जिसमें कुल 2407 रोजगार का सृजन हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, राज कुमार शर्मा, दिवाकर पाण्डेय अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, प्रशासनिक अधिकारी एल.बी. सिंह, खादी ग्रामोद्योग, पंकज कुमार पाण्डेय, सहायक प्रबन्धक, आशीष कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक, जितेन्द्र कुमार कनिष्ठ सहायक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र एवं लाभार्थीगण मौजूद रहे।

# महिलाओं को किया सम्मानित

संवाददाता। उरई (जालौन)



**महिला** कल्याण विभाग द्वारा शासन की 100 दिन की कार्ययोजना के तहत मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत इस माह का मेगा इवेंट अनंता का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में किया गया। महिलाओं व बालिकाओं को प्रेरित व सशक्त करने वाली विभिन्न क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को अवगत कराया कि जनपद में मिशन शक्ति फेज 4 के तहत समस्त ब्लॉकों में स्वावलंबन कैंप का आयोजन किया गया तथा वहां की महिलाओं व बालिकाओं को शासन की महिला परक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं यथा निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिला को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। जनपद में जिन क्षेत्रों में महिलाओं ने सशक्त भूमिकाएं अदा की है उन्हें सम्मानित कर समाज के सामने रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना है इसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र व सम्मान पत्र दिया गया। आज के कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. गरिमा सिंह, भारतीय राठौर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ललितेश एएनएम, रागनी स्टाफ नर्स व चित्रलेखा आशा बहू को सम्मानित कर हौसला अफ़ज़ाई की गई। वही शिक्षा विभाग के डॉक्टर ममता स्वर्णकार, संगीता सिंह, प्रिया अग्रवाल, संगीता जादव व दीक्षा चौहान को सम्मानित किया गया। जेंडर चौंपियन के रूप में रश्मि राखी नैंसी श्रद्धा व लक्ष्मी को सम्मानित किया गया वही 12वीं की कक्षा में पूरे प्रदेश में सातवें स्थान प्राप्त करने वाली जनपद की बालिका श्रुति गुप्ता सोनी सिंह संध्या विश्वकर्मा सुप्रिया नंदनी को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल की शिक्षिका व प्रधानाचार्य निशा दुबे, तैयबा बानो आकांक्षा सिंह व रितु अहिरवार व अनुराधा निरंजन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। खेल के क्षेत्र में जनपद का नाम रोशन करने वाली स्टेट बैडमिंटन चैंपियन दिव्यांग छात्रा स्वाति सिंह साक्षी पटेरिया अर्चना यादव, अर्चना वर्मा, अंजली वर्मा को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी के क्षेत्र में कंचन सिंह मुख्य सेविका, सीमा सचान संगीता पटेल सोहनी संगीता को सम्मानित किया गया स्वयं सहायता समूह की महिलाओं नीलू बाथम, समूह सखी कल्पना, नीलम शर्मा बीआरपी, रेखा वर्मा बैंक सखी को सम्मानित किया गया वही समाज में महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मा निभाने वाली महिला थाना अध्यक्ष पूनम यादव उप निरीक्षक मधु यादव प्रभारी शक्ति मोबाइल महिला कॉन्स्टेबल सोनम सिंह, महिला कॉन्स्टेबल नेहा पटेल, वंदना, अनु शर्मा व प्रियंका को सम्मानित किया गय।

## समाज में भय फैलाने के आरोप में दो लोगों पर जिला बदर की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** समाज में भय फैलाने एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त दो व्यक्तियों को 6 माह के लिए, जिला बदर किया गया।

एडीएम पूनम निगम ने बताया कि समाज में अराजकता किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया निवासी सत्येंद्र द्विवेदी उर्फ ध्रुव महाराज एवं धर्मेंद्र द्विवेदी उर्फ गोविंद महाराज के खिलाफ कई मामले कोतवाली में दर्ज हैं। समाज में लोगों को धमकाना और उनके साथ गाली, गलौज कर मारपीट करके भय व्याप्त करना उक्त लोगों का कार्य है। इस प्रकार की अनैतिक गतिविधियों को किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। बताया कि दोनों आरोपियों को 6 मास की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। जिला बदर के दौरान यदि उक्त आरोपी जनपद की सीमा में पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी विधायक बनकर ट्रकों से वसूली कर रहे दो युवक गिरफ्तार 71 सौ रुपये बरामद

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** कोतवाली पुलिस ने कल देर रात फर्जी विधायक बनकर दो युवको को वाहन समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से अवैध वसूली का 7100 रुपये बरामद हुये है। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने बताया कि हमीरपुर कोतवाली पुलिस कल देर रात चेकिंग के दौरान पाया कि स्थानीय लक्ष्मी बाई तिराहे मे सफेद गाड़ी में विधायक लिखाकर उसमे हूटर लगाकर अवैध वसूली कर रहे है, पुलिस को देखते हुये दोनो युवको ने भागने का प्रयास किया तभी पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर लिया,एसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवक अनिरुद्ध सिंह व निर्भय सिंह निवासी किदवई नगर कानपुर के बताये जाते है दोनो कबूल किया कि अवैध वसूली से उन्होंने यहा पर 71 सौ रुपये की वसूली की थी वह काफी दिनों से फर्जी विधायक बनकर वसूली कर रहे है। उनके दो ट्रक इसी रोड पर संचालित है जिनकी जांच की गयी जिसमे कोई कागजात नही थे। पुलिस ने उनके पास से दो तमंचा बरामद किया है। संबंधित थाने से जानकारी कर अपराधिक इतिहास जानकारी की जायेगी। पुलिस ने इससे पहले फर्जी एसडीएम को गिरफ्तार किया था,वह भी कानपुर का रहने वाला था।



मामले की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक पायनियर

## क्विक न्यूज

### डीएम और एसपी ने अग्निशमन केंद्र का औचक निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक जुलाई को प्रस्तावित अग्निशमन केंद्रों के पार्शियल/फुल टेक ओवर ऑनलाइन लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। गुरुवार को जिले की तहसील राजापुर में नव निर्मित अग्निशमन केंद्र फायर सर्विस स्टेशन का जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।गुरुवार को जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्र नाथ उमराव से कहा कि इस फायर सर्विस स्टेशन के लिए प्रभारी नियुक्त करते हुए यहां के नंबर का क्षेत्र की जनता के बीच प्रचार प्रसार कराएं। लोकार्पण कार्यक्रम के समय फायर सर्विस की मशीनों की सजावट करके व्यवस्थित कराएं। अच्छी तरह से साफसफाई कराकर डेकोरेशन, मंच, बैठने की व्यवस्था, एलसीडी स्क्रीन आदि की व्यवस्था कराएं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष राजापुर से कहा कि इस क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, चौकीदार, ब्लॉक प्रमुख को आमंत्रित करें तथा अधिशासी अधिकारी राजापुर से कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभासदों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित करें ताकि लोगों को फायर स्टेशन खोलने की जानकारी अधिक से अधिक हो सके।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर एसपी सोनकर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजापुर बी एन कुशवाहा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतींद्र नाथ उमराव, नायब तहसीलदार राजापुर पुष्पेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष राजापुर दीपेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

### इंजीनियरिंग चेंज भारतीय युवाओं को सामर्थ्य खोजने के लिए कर रहा प्रेरित

**कानपुर।** जिलेट इंडिया अपने फ्लैगशिप अभियान ष्शैंअपदहैजमतमवजलचमे के साथ हमारी क्षमताओं को सीमित कर देने वाली सामाजिक धारणाओं पर मननशील टिप्पणियां करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है। शेविंग स्टीरियोटाईप्स कैम्पेन का नया संस्करण ष्इंजीनियरिंग चेंज हम भारतीय युवाओं से आग्रह करता है कि वो आत्मविश्लेषण कर पुनः विचार करें कि शिक्षा किस प्रकार उनके जीवन में परिवर्तन लाने के दायरे से आगे बढ़कर एक नवपरिवर्तन की नींव रख सकती है। द बेस्ट ए मैन कैन बी् की प्रेरणा देने के अपने वैश्विक मिशन के साथ यह फिल्म उस रूढ़िवादी दृष्टिकोण का चित्रण करती हैए जो लोग अपनी शिक्षा और डिग्री के प्रति रखते हैं। इसमें दिखाई गई सच्ची कहानी ब्रांड का संदेश प्रेषित करती है कि हममें से हर व्यक्ति अपने समाज को उपयोगी योगदान दे सकता हैए लेकिन इसके लिए हमें अपनी असली सामर्थ्य का ज्ञान होना जरूरी है।यह फिल्म एक सामाजिक उद्यमी प्रशांत गडे की सच्ची कहानी दिखाती है, जिनका जीवन भारतीय युवाओं को समाज की अपेक्षाओं से आगे बढ़ने और अपनी असली सामर्थ्य को पहचानने के लिए प्रेरित करता है। साल 2018 में प्रशांत ने दुनिया का सबसे किफायती बायोनिक आर्म बनाने के लिए अच्छी तनख्वाह वाली अपनी इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ दी। आज उन्होंने अनेक विकलांग लोगों की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने एक कम लागत वाला प्रोस्थेटिक लिंब बनाया हैए जो हर कोई खरीद सकता है। अपने इस उल्लेखनीय प्रयास द्वारा उन्होंने अपने उद्देश्य को नया रूप दिया और अपनी असली सामर्थ्य का विकास करने के लिए एक गैरपारंपरिक रास्ता अपनाया। उन्होंने रूढ़ियों को शेव कर दिया और प्रथाओं को चुनौती दे ऐसा मार्ग तैयार कियाए जो युवा पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का काम करे।

### घंटों की मशक्कत के बाद कुआं से निकाला गया गौवंश

**जालौन (उरई)।** गुरुवार को खुले पड़े कुआ में गौवंश अचानक चला गया। घंटों मशक्कत के बाद गोवंशों को कुंआ से सकुशल निकाला जा सका। नगर के मोहल्ला नारोभास्कर में राधा चरण त्रिवेदी स्कूल के पास एक प्राचीन कुंआ बना हुआ है। प्राचीन खुले पड़े कुआ में अचानक गुरुवार की सुबह चला गया। कुंआ में गोवंश के गिरने की जानकारी जब लोग को हुई तो उन्होंने इबकी खबर नगर पालिका परिषद को दी। इसके बाद फायर बिग्रेड, पुलिस को दी गयी। तीनों विभागों की संयुक्त टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने रेस्क्यू कर गोवंश को सकुशल कुआं से निकाला। इस दौरान पुलिस, नगर पालिका व फायर बिग्रेड की टीम के लोग सम्मलित रहे।

### भारत में वॉईस कंट्रोल बढ़ा रहा है स्मार्ट होम का उपयोग

**लखनऊ।** भारतीय घरों में स्मार्ट होम का इस्तेमाल बढ़ गया है, लगभग 92 प्रतिशत यूज़र्स का कहना है कि वॉईस कंट्रोल ने उनके लिए स्मार्ट होम स्थापित करना आसान बना दिया है। यह जानकारी एमेज़ॉन इंडिया के लिए टेकआर्क द्वारा किए गए एक सर्वे में सामने आई। यह सर्वे भारत में स्मार्ट होम अपनाने और उसके इस्तेमाल के तरीके को समझने के लिए किया गया था। इस अध्ययन में मेट्रो और नॉन.मेट्रो शहरों में रहने वाले 1200 से ज्यादा स्मार्ट होम यूज़र्स का इनपुट लिया गया था। फैसल कवूसाए फाउंडर एवं चीफएनालिस्टए टेकआर्क ने अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों पर रोशनी डालते हुए कहा फिक्स्ड ब्रॉडबैंड के विस्तार एवं कोविड.19 महामारी के बाद घरों में ऑटोमेशन की बढ़ती जरूरत जैसे कारणों से वॉईस द्वारा होम अप्लायंसेज़ के साथ संवाद करने की सुविधा ने स्मार्ट होम का इस्तेमाल बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाई है। स्मार्ट होम का परिवेश तब बहुत ज्यादा प्रभावशाली व उपयोगी हो जाता है, जब परिवार के सभी सदस्य बिना कुछ नया सीखे अपने अप्लायंसेज़ से बात करते हुए उन्हें अपनी आवाज से आदेश देकर कंट्रोल कर सकते हैं।

### मोशन एजुकेशन देश भर में अपनी विस्तार योजनाओं के तहत तेज़ी से कर रहा है भर्तियां

**लखनऊ।** ऐड.टेक की तेज़ी से बढ़ती मांग को देखते हुए कोटा की कंपनी मोशन एजुकेशन जो छात्रों को जेईई.मेनए जेईई.अडवान्स्ड और नीट प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करती हैए इस कंपनी ने वित्तीय वर्ष 23 में देश भर में 50 नए स्टडी सेंटर खोलने की योजना बनाई है । कंपनी इस विकास को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की भर्तियां भी करेगी। ये नए सेंटर 50 स्थानोंय मुख्य रूप से उत्तरी भारत के हिंदी भाषी क्षेत्रों में खोले जाएंगेए जिसके साथ चालू वित्तीय वर्ष में इसके कुल सेंटरों की संख्या 100 तक पहुंच जाएगी। कंपनी एडिमिनए कंटेंट डेवलपमनेन्टए सेल्सए एजुकेटर्स और आईटी विभाग में तकरीबन 1900 लोगों की भर्तियां करेगी। उम्मीद है कि इन नई भर्तियों से छात्रों तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगीए साथ ही कंपनी के मौजूदा बिज़नेस मॉडल की दक्षता में भी सुधार होगा। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 23 के दौरान दाखिलों की संख्या को तीन गुना कर 35ए000 तक पहुंचाने की योजना भी बनाई है और साथ ही यह दुबई और सऊदी अरब में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार भी करेगी। इस घोषणा के बारे में बात करते हुए मोशन एजुकेशन के संस्थापक एवं सीईओए नितिन विजय ने कहा यह हमारी 100 करोड़ की निवेश योजनाओं का एक भाग है, जिसके तहत कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023 में विस्तार की योजनाएं बनाई हैं।

### छह लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** जमीनी विवाद को लेकर अलग अलग गांवों में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ। पुलिस ने दोनों मामलों में 6 लोगों के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी अनिल कुमार व सुरेंद्र पाल के बीच जमीनी विवाद को लेकर गाली, गलौज होने लगी। कुछ ही देर में विवाद बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गया।

## असम्भव को भी सम्भव करें मेधावी छात्रः डीएम

**चित्रकूट।** बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज बेडीपुलिया में जिले के मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने छात्र-छात्राओं को मैडल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिले के हाईस्कूल के मेधावी छात्र आयुष शुक्ल, जीतेश पटेल, अजय सिंह, इंटरमीडिएट के अमन पाण्डेय, मयंक त्रिवेदी व 21 टॉप छात्रों को स्मृति चिन्ह, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्रेष्ठ अंक प्राप्त कराने वाले शिक्षक प्रमोद चतुर्वेदी, सुशील श्रीवास्तव, दादूराम गर्ग, प्रमोद पाण्डेय, शिवप्रकाश त्रिपाठी व जानकीशरण मिश्र को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन में आने वाली दिक्कतों का दृढनिश्चय से सामना करना चाहिए। किसी भी असम्भव कार्य को करने में हिचक नहीं होनी चाहिए।

बेसिक शिक्षा महानिदेशक का कड़ा रुख

# अब शिक्षक संबद्धीकरण प्रथा समाप्त करने का सबूत देना होगा बीएसए को

संवाददाता। हमीरपुर

**परिषदीय** विद्यालयों में शिक्षकों को सम्बद्धता समाप्त करने के लिये शासन ने सख्त कदम उठाये है,अब बीएसए को इस बात का प्रमाण पत्र देना होगा कि जिले में कोई भी शिक्षक किसी भी मूल विद्यालय से दूसरे विद्यालय में अटैच नही है। इसके लिये आज तक का समय दिया गया है। जानकारी के मुताबिक प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों में ज्यादातर शिक्षक अपने मन मुताबिक विद्यालय में सम्बद्दता कराकर नौकरी करते थे रोड के किनारे व नजदीक विद्यालयों में अटैच होने के बाद शिक्षक रोजाना कानपुर फतेहपुर व अपने पड़ोसी जिलो से आते जाते थे जिससे शिक्षा में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इसके लिये हर साल स्कूल शिक्षा के महानिदेशक आदेश जारी करते थे मगर कोई असर नही होता था, इस मर्तवा महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुये साफकहा है कि सम्बद्धीकरण नितांत नियमविरुद्ध एवं शासकीय आदेशों की अवहेलना है। वेसिक शिक्षा अधिकारी को तीस जून तक प्रमाण पत्र देना होगा कि जिले में कोई भी शिक्षक किसी दूसरे विद्यालय में अटैच नही है। बताया जाता है कि जिले में अभी भी करीब ढाई सौ से अधिक शिक्षक दूसरे विद्यालय में अटैच है। यहा तक कि दूसरे ब्लाक के शिक्षक दूसरे ब्लाक में अटैच है। सम्बद्धता शिक्षक की मनमर्जी से की जाती है।क्योकि यह सम्बद्दीकरण विभाग में एक उद्योग का दर्जा ले चुका था यह प्रथा समाप्त होगी कि नही समय ही बतायेगा। इस मामले में नगर शिक्षा अधिकारी सुशील कमल का कहना है कि आदेश तो आया है कितने लोग अटैच है इसकी सही जानकारी नही है।

### भाषा व गणित में एक्सपर्ट होने के लिये निपुण भारत अभियान की शुरुआत

**हमीरपुर।** शासन प्राइमरी शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिये नित्य नये नये प्रयोग कर रही है। अब कक्षा एक से तीन तक के बच्चे भाषा व गणित में होशियार हो सके इसके लिये निपुण भारत कार्यक्रम संचालित किया है इसके लिये शिक्षको को दिशा निर्देश जारी कर दिये गये है। जानकारी के मुताबिक प्राइमरी विद्यालयों में अभी भी बच्चे गणित व भाषा में बहुत ही कमजोर होते है इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिये शासन ने निपुण भारत कार्यक्रम संचालित किया है। जिला समन्यवक प्रशिक्षण विपिन कुमार ने बताया कि इसके लिये शासन ने लक्ष्य निर्धारित कर दिया है,जिसमे कक्षा एक में पांच सरल शब्द,कक्षा दो में 45 शब्द,कक्षा तीन में 60 शब्द धाराप्रवाह बच्चों को पढने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी प्रकार गणित में भी लक्ष्य निर्धारित कर दिये गये है। इसके लिये बीएसए ने शिक्षकों को आदेश जारी कर दिये है। इसके लिये एनसीआरटी की पुस्तकों से पुस्तकालय की स्थापना की गयी है। बच्चो को रोचक पुस्तके पढ़ने के लिये दी गयी है।

## रिटेल टेक प्लेटफॉर्म आरज़ू ने हासिल की नई उपलब्धि

**कानपुर।** 2018 में फ्लिपकार्ट के पूर्व सहयोगियों खुशनुद खान और ऋषि राठौड़ द्वारा शुरू किया गयाए आरज़ू ऑफलाइन रिटेल को बदलने के लिए भारत के लीडिंग टेक प्लेटफॉर्म का निर्माण कर रहा है। आरज़ू ने अपने ताजा सीरीज बी फंडिंग राउंड में 70 मिलियन डॉलर ;लगभग 552 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस राउंड में एसबीआई इन्वेस्टमेंटए जापान और त्रिफेक्टा लीडर्स फण्ड समेत प्रमुख ग्लोबल और भारतीय वीसी ने भाग लिया। एसबीआई इन्वेस्टमेंटए जोकि जापान के एसबीआई की एक शाखा है और त्रिफेक्टा लीडर्स फण्ड के साथए सेलेस्टा कैपिटल और 3 लाइन्स वीसी सहित मौजूदा निवेशकों ने भी इस राउंड में भाग लियाण् कंपनी ने पहले सेलेस्टा कैपिटल और 3 लाइन्स वीसी से सीरीज ए फंडिंग जुटाई थीण् इसके बाद जूम के फाउंडर एरिक युआन ने भी निवेश किया था। फंडिंग पर बात करते हुए आरज़ू के को.फाउंडर और सीईओ खुशनुद खान कहते हैंए श्हमें इस राउंड के साथ आरज़ू रॉकेटशिप में निवेशकों के नए समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

# सड़क बनवाने के लिये लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**कस्बे के** वार्ड नंबर तीन फत्तेपुर के एक दर्जन से अधिक बाशिंदों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच बरसात के पहले सड़क बनवाने व नालियों के गंदे पानी से राहत दिलाने के लिए मांग की है।

जब सरकार गांव के लोगों को आदर्श ग्राम पंचायत व नगर के लोगों को स्मार्ट सिटी का सपना दिखा रही है। तभी नगर पालिका पोल खुलती दिखाई दे रही है पालिका अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर तीन फत्तेपुर के निवासियों ने उप जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन शौप अवगत कराया है। कि एक दशक से अधिक बीत जाने के बाद भी नाली व सड़क तक नहीं मिल पाई है।जबकि वह भवन टैक्स भी समय से अदा करते है। मजे की बात तो यह है। कि जिस सड़क व नाली की मांग कस्बा वासी कर रहे हैं। उसकी टेंडर प्रक्रिया दिसंबर 2021 में पूर्ण की जा चुकी है। पन्द्रहवा वित्त मद से कराया जाना है। जिसकी अनुमानित लागत लगभग 14 लाख रुपए से भी अधिक है। पर नगर पालिका अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते इस बरसात में भी लोगों को गंदे पानी व कच्ची रास्तों से गुजर कर ही जाना होगा इस सम्बंध में उप जिलाधिकारी ने ज्ञापन लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए लिखा है। अब देखना यह है की इन सभी शिकायत कर्ताओं को न्याय कब तक मिल पाएगा यह अभी भविष्य के गर्भ में है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग पायनियर

## कम उम्र के चलते महिला ग्राम प्रधान का चुनाव रद्द, दोबारा चुनाव कराने के आदेश

**मौदहा( हमीरपुर )।** मौदहा विकासखंड क्षेत्र के परछछ गांव की निर्वाचित घोषित महिला प्रधान अंशिका गौतम को कम उम्र के चलते गांव की चुनाव प्रक्रिया को निरस्त कर दिया तथा पंचायत निर्वाचन अधिकारी को आदेशित किया कि सही ढंग तथा पारदर्शिता पूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई जाए। जानकारी के मुताबिक परछछ गांव की विजयी प्रत्याशी अंशिका गौतम की नामांकन प्रक्रिया में निर्वाचन अधिकारियों की मिलीभगत होने का आरोप गांव के ही महारजवा नामक युवक ने लगाते हुए उपजिलाधिकारी से मांग की थी कि नामांकन दाखिल करने के समय प्रत्याशी की उम्र 21 वर्ष नियत होती है लेकिन विजयी घोषित हुई प्रत्याशी की उम्र उस समय मात्र 20 वर्ष 3 माह थी, लेकिन निर्वाचन अधिकारियों ने लापरवाही करते हुए उसकी दावेदारी को जायज ठहरा दिया और वह चुनाव जीत गई।

# दो अन्तर्राज्जीय चोरों के कब्जे से पुलिस ने बरामद किये दो ट्रैक्टर

- एसपी अतुल शर्मा ने प्रेस वार्ता कर किया खुलासा

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधियों की धर-पकड को जारी अभियान में राजापुर पुलिस ने एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी की देखरेख में दो अन्तर्राज्जीय वाहन चारों को दबोचकर चोरी के 15 लाख कीमत के दो ट्रैक्टर व एक ट्राली तथा मोटरबाइक बरामद की है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पुलिस कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह व सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोहरवां पुल से अदनान पुत्र वजाहत अली उर्फगुलाम निवासी कोट थाना खखरेरु जिला फतेहपुर के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर यूपी 96एम- 4865 मयट्राली के बरामद किया है। दूसरे अभियुक्त मुसीद अहमद पुत्र नफीस अहमद वार्ड सात जमुना स्टाफ कालोनी राजबाग भालूमाडा अनूपपुर मप्र के कब्जे से एक ट्रैक्टर यूपी 71एएल-4234 बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया है। पूंछताछ में दोनों ने सभी चोरियों में जफरुल हसन उर्फ बटला पुत्र मकबूल हसन निवासी कोट खखरेरु को शामिल होना बताया। जो मौके से मोटरबाइक छोड़कर भाग गया है। तीनों ने दो माह पहले फतेहपुर कचहरी से बरामद मोटरबाइक चुराई थी। चोरी के वाहनों को खखरेरु के कोट गांव में नदी के कछार में छिपाकर रखे थे। तीनों वाहनों को बेंचने को मप्र व छत्तिसगढ ले जा रहे थे। इसी बीच दबोच लिए गये। तीनों पर राजापुर थाना व खखरेरु थाना में विभिन्न चोरियों के मामले दर्ज हैं।

## विहिप ने प्रदर्शन कर राजस्थान सीएम का फूंका पुतला

**चित्रकूट।** विश्व हिन्दू परिषद ने राजस्थान के उदयपुर में हिन्दू युवक कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका। राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर पूजा यादव को सौंपा। इस दौरान पुलिस प्रशासन खासा एलर्ट रहा। गुरुवार को विहिप के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि उदयपुर में हुई घटना देश में आईएसआईएस के तौरतरीकों से मिलता-जुलता है। सरकार और हिन्दुओं को सतर्क रहने की जरूरत है। जब से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से हिन्दुओं पर जुल्म हो रहे हैं। जिला महामंत्री अजय कुमार ने कहा कि ऐसी घटनाओं को सरकार ने कडे कदम उठाकर नहीं रोका तो हिन्दू समाज को अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। नगर अध्यक्ष विकास शुक्ला ने कहा कि ये देश किसी के फतवों व शरीयत से नहीं, संविधान से चलेगा।

# जानलेवा साबित हो रहा डेढ़ माह से खुदा पड़ा नाला

- मुहल्लेवासियों में आक्रोश, नाले में गिरकर घायल हुए व्यक्ति ने एसडीएम से की शिकायत

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**नगर के** मुहल्ला गांधीनगर में बीते करीब डेढ़ माह पूर्व नगर पालिका द्वारा निर्माण हेतु खुदवाया गया नाला संबंधित ठेकेदार की लापरवाही से अभी भी खुदा हुआ ही खुला पड़ा है जो कि जानलेवा साबित हो रहा है।

गांधीनगर में प्राचीन नरसिंह मंदिर, कारसदेव बाबा मंदिर, शिव मंदिर समेत बाजार स्कूल आदि स्थानों पर आने जाने हेतु नियत उक्त मुख्य रास्ते में खुदा हुआ पड़ा नाला लोगों के लिए आफत बनता दिख रहा है।लोगों को किसी अप्रिय हादसे से बचाने के लिए न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही चारों ओर बेरीकेटिंग कर निशान आदि लगाए गये हैं।बुधवार की शाम हुई तेज बारिश के बाद पानी से रास्ते की मुख्य सड़क व खुला पड़ा नाला एक समान प्रतीत हो रहा था जिसके चलते वहां से गुजर रहे मुहल्ले के ही विनोद खरे पुत्र शियाशरण गगंथरा वाले अपनी बाइक सहित नाले में जा गिरे। नाले में गिरने से विनोद गंभीर रूप से घायल हो गये और बाइक भी छतिग्रस्त हो गई, इतना ही नहीं उनकी जेब में रखे रुपये व महत्वपूर्ण कागजात भी पानी में गलकर नष्ट हो गये।मुहल्लेवासियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद विनोद को उक्त नाले में से बाइक सहित बाहर निकाला जा सका।विनोद ने अगले रोज गुरुवार को एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही किये जाने और उक्त नाले का अबिलम्ब निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की।वहीं इससे पूर्व में भी एक साइकिल सवार व्यक्ति उक्त नाले में गिरकर घायल हो चुका है इसके बाबजूद पालिका प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन उदासीन बना हुआ है।मुहल्ले के महेश तिवारी आदि ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार पालिका सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।



लंबे समय से खुदा पड़ा गड्ढा पायनियर

### ईओ बोले निरीक्षण कर करूंगा समस्या का समाधान

**कोंच।** उक्त मामले को लेकर नगर पालिका के ईओ पवन किशोर मौर्य का कहना है कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया है और उन्हें इस प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी। शुक्रवार को ही मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा और इस समस्या का समाधान कराया जायेगा।

## गौशालाओं का निरीक्षण, तालाबों को जल्द पूरा करने के आदेश

**कदौरा ( जालौन )।** शासन की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ब्लॉक में अमृत सरोवर विकसित करने का काम जोरों से शुरू है। इस योजना के तहत 27 अमृत सरोवरों को विकसित किया जाना है। ताकि 15 अगस्त को झंडारोहण हो। गुरुवार को बीडीओ ने क्षेत्र के नजीरपुर में बनाए जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। घाटों में लगाए जा रहे ईटा व मसाले की गुडवत्ता को परखा। वही क्षेत्र के उकुरवा के मजरा सजेहरा व बागी गांव में निर्माणाधीन गौशालाओ की हकीकत परखी। ग्राम प्रधान राजबहादुर व फूलसिंह को नियमित देखरेख व शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्माण करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मे किसी प्रकार की कोताही न बरतें। बीडीओ बृजकिशोर कुशवाहा ने कहा कि 27 अमृत सरोवर तालाब का कार्य जारी है। जो 15 अगस्त तक पूरा होगा। वही 15 गौशालाओ का विस्तारीकरण भी हो रहा है। सम्बन्धितों को मानक के अनुसार निर्माण करने के आदेश दिए हैं।